# नई दिल्ली

नई दिल्ली, गुरुवार 19 सितंबर 2019

अश्विन मास कृष्ण पक्ष, पंचमी वर्ष : 23, अंक : 183

पृष्ठ 14 मूल्य 3.00 *

**मौसम** अधि. 37.6 न्यून. 26.7

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com





13 34 मिनट में सिंधू की आसान जीत

विचार पेज 08 कसौटी पर योगी सरकार










## अयोध्या मामला: सुप्रीम कोर्ट ने शनिवार को भी सुनवाई का रखा प्रस्ताव

# 18 अक्टूबर तक पूरी होगी सुनवाई 15 नवंबर तक फैसला आने की उम्मीद


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने राजनीतक दृष्टि से संवेदनशील राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद भूमि विवाद मामले की सुनवाई पूरी करने के लिये बुधवार को 18 अक्टूबर तक की समय सीमा निर्धारित कर दी। शीर्ष अदालत के इस कदम से 130 साल से भी अधिक पुराने अयोध्या विवाद में नवंबर के मध्य तक फैसला आने की संभावना बढ़ गयी है। शीर्ष अदालत ने इस मामले में शनिवार को भी सुनवाई करने का प्रस्ताव रखा और साथ ही यह भी कहा कि संबंधित पक्षकार यदि चाहें तो मध्यस्थता के माध्यम से इस विवाद का सर्वमान्य समाधान करने के लिये स्वतंत्र हैं और वे ऐसा समाधान उसके समक्ष पेश कर सकते हैं। परंतु शीर्ष अदालत ने दोनों ही पक्षों के वकीलों से कहा कि वह चाहती है कि इस मामले की रोजाना हो रही सुनवाई 18 अक्टूबर तक पूरी की जाये ताकि न्यायाधीशों को फैसला लिखने के लिये करीब चार सप्ताह का समय मिल सके। इस प्रकरण में हिन्दू और मुस्लिम पक्षकारों की दलीलें पूरी करने की समय सीमा निर्धारित किया जाना काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि अयोध्या विवाद की सुनवाई कर रही पांच सदस्यीय संविधान पीठ की अध्यक्षता कर रहे प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई 17 नवंबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। संविधान पीठ के अन्य सदस्यों में न्यायमूर्ति एस ए बोबडे, न्यायमूर्ति धनन्जय वाई चन्द्रचूड, न्यायमूर्ति अशोक भूषण और न्यायमूर्ति एस अब्दुल नजीर शामिल हैं। पीठ ने अपने आदेश में कहा कि इन अपील पर सुनवाई, जो काफी आगे बढ़ चुकी है, बगैर किसी बाधा के जारी रहेगी।

> अयोध्या मामले की सुनवाई कर रही संवैधानिक पीठ के मुखिया और सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस ने दलीलों के लिए 18 अक्टूबर तक दलीलें पूरी करने की डेडलाइन तय की है। कोर्ट ने इस मामले में शनिवार को भी सुनवाई करने का प्रस्ताव रखा और साथ ही यह भी कहा कि संबंधित पक्षकार यदि चाहें तो मध्यस्थता के माध्यम से इस विवाद का सर्वमान्य समाधान करने के लिये स्वतंत्र हैं और वे ऐसा समाधान उसके समक्ष पेश कर सकते हैं।

### खास बातें

- 130 सालों से अधिक चला आ रहा है मामला
- प्रधान न्यायाधीश गोगोई 17 नवंबर को हो रहे सेवानिवृत्त
- जजों को फैसला लिखने के लिए करीब चार सप्ताह का समय मिल सकेगा



### मध्यस्थता पर बोले चीफ जस्टिस, साथ-साथ जारी रखिए

चीफ जस्टिस ने कहा कि हमें मध्यस्थता के लिए पत्र मिला है। इन कोशिशों को सुनवाई से अलग समानांतर तौर पर जारी रखा जा सकता है। बता दें कि सुन्नी वक्फ बोर्ड और निर्वाणी अखाड़ा ने पत्र लिखकर मध्यस्थता पैनल से एक बार फिर से बातचीत के जरिए मसले को हल करने की कोशिशें करने की बात कही थीं।

### सनातन धर्म संसद का आज होगा आयोजन

अयोध्या में राममंदिर निर्माण में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए गुरुवार यानि 19 सितंबर को सनातन धर्म संसद का आयोजन होने जा रहा है। इस धर्म संसद का आयोजक और तपस्वी छावनी के महंत परमहंस दास के मुताबिक, राममंदिर मामले में सुप्रीम कोर्ट में नियमित सुनवाई चल रही है।

### आचार्य सतेंद्र दास ने किया धन्यवाद

श्री रामलला पुजारी आचार्य सतेंद्र दास ने सुप्रीम कोर्ट को धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश के बाद आशा है कि 18 अक्टूबर तक सभी पक्ष अपना पक्ष रख लेंगे। श्री रामलला पुजारी आचार्य सतेंद्र दास ने कहा कि 27 सालों से टाट-पट्टी में रह रहे रामलला को जल्द ही भवन मिलेगा।

### कोर्ट ने हाथ से मैला साफ करने पर तल्ख टिप्पणी की

उच्चतम न्यायालय ने देश में सीवर नालों की हाथ से सफाई के दौरान लोगों की मृत्यु होने पर बुधवार को गंभीर चिंता व्यक्त करते हुये कहा कि दुनिया में कहीं भी लोगों को मरने के लिये गैस चैंबर में नहीं भेजा जाता है। यायमूर्ति अरूण मिश्रा, न्यायमूर्ति एम आर शाह और न्यायमूर्ति बी आर गवई की पीठ ने इस पर तल्ख टिप्पणियां करते हुये कहा कि हालांकि देश को आजाद हुये 70 साल से भी अधिक समय हो गया है।

## रेलवे कर्मियों को 78 दिन का मिलेगा बोनस

# सरकार ने ई-सिगरेट पर लगाया प्रतिबंध



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- कानून तोड़ने पर तीन साल की कैद, पांच लाख जुर्माना

सरकार ने बुधवार को इलेक्ट्रानिक सिगरेट यानी ई-सिगरेट के उत्पादन, बिक्री, भंडारण और आयात- निर्यात पर रोक लगाने का फैसला किया है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये अध्यादेश लाया जायेगा। इसका उल्लंघन करने पर सजा का भी प्रावधान किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल बैठक में इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट (उत्पादन, विनिर्माण, आयात, निर्यात, परिवहन, विक्रय, वितरण, भंडारण और विज्ञापन) निषेध अध्यादेश, 2019 की घोषणा को मंजूरी दी गई। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि इसके साथ ही ई हुक्के को भी इसके तहत प्रतिबंधित किया गया है। इस विषय पर राष्ट्रपति की अनुमति से अध्यादेश पारित किया जायेगा।

### 11 लाख से अधिक रेलवे कर्मी को होगा फायदा

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रेलवे कर्मचारियों को उत्पादकता बोनस के तौर पर 78 दिन का वेतन देने का बुधवार को फैसला किया। इस निर्णय से रेलवे के 11.52 लाख कर्मचारियों को फायदा होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में इस आशय का निर्णय किया गया। बैठक की जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने संवाददाताओं से कहा कि सरकारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि इसके परिणाम स्वरूप सरकारी खजाने पर 2024.40 करोड़ रुपए का व्यय होगा। जावड़ेकर ने बताया कि यह लगातार छठा वर्ष है जब रेलवे कर्मियों को 78 दिन का बोनस दिया जा रहा है। इस निर्णय से रेलवे के कर्मचारी प्रोत्साहित होंगे और पूरी ताकत लगाकर काम करेंगे।

## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी के लिए एयरस्पेस खोलने से पाक का इनकार



**इस्लामाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए पाकिस्तान ने अपना एयरस्पेस खोलने से इनकार कर दिया है। पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने कहा है कि पाकिस्तान पीएम मोदी के लिए अपना हवाई रूट नहीं देगा। कुरैशी ने कहा है कि हमने भारतीय उच्चायोग को अवगत कराया है कि हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उड़ान के लिए अपने एयरस्पेस के उपयोग की अनुमति नहीं देंगे।

### विनेश ने तोक्यो ओलंपिक के लिए किया क्वालीफाई



**कजाखस्तान।** विनेश फोगाट बुधवार को यहां 2020 तोक्यो ओलंपिक के लिये क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय पहलवान बन गयीं जबकि पूजा ढांडा के पास विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप में दो पदक जीतने वाली पहली महिला पहलवान बनने का मौका है। अमेरिका की सारा एन हिल्डेब्रांट ने कम से कम पांच बार विनेश के दायें पैर को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन भारतीय पहलवान ने बेहतरीन रक्षात्मक प्रदर्शन करते हुए उसे फायदा नहीं उठाने दिया।

### इसरो ने देशवासियों का अदा किया शुक्रिया

**बेंगलुरु।** देश के दूसरे चंद्र अभियान 'चंद्रयान 2' के लैंडर के साथ संपर्क टूटने के बाद देश और विदेश में भारतीयों से मिले समर्थन पर इसरो ने सभी देशवासियों का शुक्रिया अदा किया है। सात सितंबर को चंद्रमा की सतह पर पहुंचने के कुछ ही मिनट पहले इसरो का लैंडर से संपर्क टूट गया था। इसके बाद पूरा देश इसरो और वैज्ञानिकों के साथ खड़ा दिखा था। इसरो ने मंगलवार को ट्वीट किया कि हमारे साथ खड़े रहने के लिये आपका शुक्रिया।

### बिहार: वज्रपात की चपेट में आकर 18 की मौत



**पटना।** बिहार में बारिश के दौरान हुए वज्रपात की चपेट में आकर पिछले 24 घंटों के दौरान 18 लोगों की मौत हो गयी। आपदा प्रबंधन विभाग से बुधवार को प्राप्त जानकारी के मुताबिक, वज्रपात की चपेट में आकर प्रदेश के गया और कैमूर जिला में तीन-तीन, पूर्वी चंपारण, सिवान, भोजपुर, अरवल एवं पटना में दो-दो, कटिहार एवं जहानाबाद जिला में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई है।

## यूरोपीय सांसदों ने की पाक की निंदा

# कहा- चांद पर से नहीं आते आतंकी

**ब्रसेल्स।** यूरोपीय सांसद रसजार्ड कजरनेकी और फुल्वियो मार्तुससिएलो ने आतंकवादियों को पनाह देने के लिए पाकिस्तान की निंदा की। इनमें से एक सांसद ने कहा कि जो आतंकवादी भारत में हमले करते हैं, वे चांद पर से नहीं आते। कश्मीर में स्थिति पर मंगलवार को यूरोपीय संसद के पूर्ण सत्र में विशेष चर्चा में यूरोपीय संघ की संसद और पोलैंड में यूरोपीय कंजर्वेटिव्स एंड रिफॉर्मिस्ट ग्रुप के सदस्य जारनेकी ने भारत को 'दुनिया का बड़ा लोकतंत्र' बताया। है। हमें भारत के जम्मू कश्मीर में होने वाली आतंकवादी गतिविधियों पर गौर करने की जरूरत है।

### कश्मीर में कर्फ्यू हटेगा तो भारत से होगी वार्ता: इमरान



नई दिल्ली। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने एक बार जम्मू कश्मीर का राग अलापा है। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक जम्मू कश्मीर मुद्दे पर इमरान खान ने कहा है कि भारत के साथ तब तक कश्मीर पर कोई बातचीत नहीं होगी, जब तक कर्फ्यू को हटाया नहीं जाता है। कश्मीर पर भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम सीमा पर है। इससे पहले कश्मीर पर पाकिस्तान के साथ किसी भी तरह की बातचीत से भारत ने ही इनकार कर दिया था। पाकिस्तान के साथ कश्मीर पर बातचीत को खारिज करते हुए, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा था कि अनुच्छेद 370 को हटाया जाना पूरी तरह से भारत का आंतरिक मामला है और पाकिस्तान के साथ भारत केवल एक मुद्दे आतंकवाद पर बात करेगा।

### जल्द ही पूरे देश में लागू करेंगे एनआरसी: शाह



रांची। गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि नेशनल रजिस्टर ऑफ़ सिटिजन-एनआरसी को पूरे देश में लागू करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। शाह ने सवाल उठाया कि क्या कोई और देश है जो अपने यहां गैरकानूनी तरीके से विदेशियों को रहने की इजाजत दे सकता है। एक हिंदी अखबार के कार्यक्रम में अमित शाह ने कहा- क्या कोई भारतीय अमेरिका, ब्रिटेन या रूस में गैरकानूनी तरीके से जाकर रह सकता है? नहीं, ऐसे में दूसरे देश के लोग भारत में बिना पहचान के दस्तावेजों के बिना कैसे रह रहे हैं? इसलिए मेरा मानना है कि पूरे देश में एनआरसी को लागू किया जाना चाहिए।

### मुलाकात



नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की नेता ममता बनर्जी ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मुलाकात के दौरान राज्य को नया नाम देने के मुद्दे को उठाया। पश्चिम बंगाल विधानसभा ने राज्य को नया नाम 'बांग्ला' देने के प्रस्ताव को पारित कर दिया है।

## ट्रंप सरकार से अमेरिका के 44 सांसदों ने लगाई गुहार

# भारत को फिर से जीएसपी दर्जा मिलना चाहिए

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

अमेरिका के 44 सांसदों के एक समूह ने ट्रंप सरकार से सामान्य तरजीही व्यवस्था (जीएसपी) के तहत भारत का दर्जा फिर से बहाल करने का आग्रह किया है। इस समूह में रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक दोनों पार्टी के सांसद हैं। ट्रंप सरकार ने जून में जीएसपी के तहत लाभार्थी विकासशील देश के रूप में भारत का दर्जा समाप्त कर दिया था। इससे भारत को अमेरिका के साथ व्यापार करने में तरजीह मिलती थी। सांसदों ने अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि रॉबर्ट लाइटहाइजर को लिखे पत्र में कहा कि यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए इन मुद्दों से अमेरिकी उद्योगों के लिए बाजार पहुंच की लंबे समय से की जा रही मांग प्रभावित नहीं हो। एक खबर के मुताबिक, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 सितंबर को ह्यूस्टन में मुलाकात करेंगे। इस दौरान, जीएसपी समेत लंबे समय से लंबित पड़े व्यापार मुद्दों पर समझौते की घोषणा होने की उम्मीद है। लाइटहाइजर को भेजे गए पत्र में जिम हाइम्स और रॉन एस्टेस के नेतृत्व में 26 डेमोक्रेट और 18 रिपब्लिकन सासंदों ने हस्ताक्षर किए हैं। यह भारत से आयातित उत्पादों पर जीएसपी का लाभ देने का पुरजोर समर्थन को दर्शाता है। जीएसपी के लिए गठबंधन के कार्यकारी निदेशक डैन एंथनी ने कहा कि कंपनियां सांसद को लगातार अमेरिका को डॉलर और नौकरियों के मोर्चे पर हो रहे नुकसान के बारे में बता रही हैं। उन्होंने कहा कि यह पत्र दिखाता है कि संसद भारत का जीएसपी दर्जा बहाल करने और द्विपक्षीय व्यापार पर निर्भर रहने वाले घटक दलों की मदद करने के मजबूत और द्विपक्षीय समर्थन को दिखाता है।




1. इस समूह में रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक दोनों पार्टी के सांसद
2. ट्रंप सरकार ने जून में जीएसपी के तहत लाभार्थी विकासशील देश के रूप में भारत का दर्जा समाप्त कर दिया था
3. अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री मोदी 22 सितंबर को ह्यूस्टन में करेंगे मुलाकात

## विमानों के इंजन में कंपन की नहीं दी जानकारी

# डीजीसीए ने तीन पायलटों, दो इंजीनियरों को किया निलंबित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



- नाग को तीन महीनों के लिए जबकि रेड्डी और गुप्ता को संबंधित घटनाओं की तारीख से लेकर छह महीने की अवधि के लिए किया गया निलंबित

विमानन नियामक डीजीसीए ने मार्च से लेकर अब तक हुई अलग-अलग घटनाओं में ए320नियो विमानों के प्रैट और विटनी इंजनों में कंपन की सूचना न देने की वजह से इंडिगो के तीन पायलटों और दो विमान रखरखाव इंजीनियरों को निलंबित कर दिया है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के एक अधिकारी ने कहा कि तीन पायलटों कैप्टन कृष्ण अर्जुन रेड्डी, कैप्टन संजय गुप्ता और कैप्टन पंकुल नाग को अपने ए320नियो विमानों के पीडब्ल्यू इंजनों में हुए कंपन के बारे में न बताने के लिए निलंबित कर दिया गया है। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि नाग को तीन महीनों के लिए निलंबित किया गया है जबकि रेड्डी और गुप्ता को संबंधित घटनाओं की तारीख से लेकर छह महीने की अवधि के लिए निलंबित किया गया है।

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

# जन भागीदारी-जवाबदेह सरकार
# उत्तर प्रदेश में पहली बार



# विकास एवं सुशासन के 30 माह

## कृषि

• रु. 73,000 करोड़ से अधिक गन्ना मूल्य का भुगतान • रु. 36,000 करोड़ से 86 लाख लघु एवं सीमान्त किसानों का ऋण मोचन • सभी किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ • गेहूं, धान, दलहन, तिलहन की एम.एस.पी. में वृद्धि करते हुए किसानों से 227 लाख मी. टन खाद्यान्न की सरकारी खरीद

## सिंचाई

• 46 वर्षों से लंबित बाण सागर परियोजना सहित 8 सिंचाई परियोजनाओं को पूर्ण कर लगभग 2 लाख 67 हजार हेक्टेयर सिंचन क्षमता में वृद्धि • बुन्देलखण्ड में 8384 खेत-तालाबों का निर्माण • 50 लाख किसान ड्रिप स्प्रिंकलर सिंचाई योजना से लाभान्वित • नि:शुल्क बोरिंग के माध्यम से 1 लाख 61 हजार 485 हेक्टेयर सिंचन क्षमता में वृद्धि

## चिकित्सा एवं स्वास्थ्य

• 'आयुष्मान भारत' योजना से 1 करोड़ 18 लाख गरीब परिवारों को रु. 5 लाख तक का चिकित्सा कवर। छूटे हुए 10 लाख 56 हजार परिवार 'मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना' से आच्छादित • जे.ई./ए.ई.एस. के रोकथाम हेतु प्रभावी प्रयासों से इस बीमारी में 35% एवं मृत्यु दर में 65% कमी • गोरखपुर एवं रायबरेली में एम्स का निर्माण • 15 नये मेडिकल कॉलेज की स्थापना-कार्य प्रगति पर, जिनमें से 7 मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई प्रारम्भ

## शिक्षा

• 'स्कूल चलो अभियान' में 1.80 करोड़ बच्चों का नामांकन • बालिकाओं को स्नातक तक नि:शुल्क शिक्षा • एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यक्रम लागू • नकलविहीन परीक्षाएं • 193 नये इण्टर कालेज संचालित • 51 नये राजकीय महाविद्यालयों की स्थापना-कार्य प्रगति पर • 2 नये विश्वविद्यालयों की स्थापना हेतु भूमि-बजट की व्यवस्था • 24 राजकीय पॉलीटेक्निक की स्थापना • 4 राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना

## बिजली

• जनपद मुख्यालयों को 24 घंटे, तहसील मुख्यालयों को 20 घंटे एवं ग्रामीण क्षेत्रों को 18 घंटे विद्युत आपूर्ति • 1 करोड़ 9 लाख से अधिक नये विद्युत कनेक्शन • 1 लाख 30 हजार मजरे विद्युतीकृत • सूर्यास्त के बाद ग्रामीण क्षेत्र विद्युत कटौती से मुक्त

## निवेश

• लगभग रु. 2 लाख करोड़ की निवेश परियोजनाओं पर कार्य प्रारम्भ, 5 लाख लोगों को रोजगार • रु. 20,000 करोड़ के निवेश वाले डिफेन्स कॉरिडोर की स्थापना-प्रक्रिया प्रारम्भ, 2 लाख 50 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा • ओडीओपी योजना में 1 लाख 92 हजार लाभार्थियों को रु. 18 हजार 345 करोड़ का ऋण वितरित, 5 लाख लोगों को रोजगार

## एक्सप्रेसवे

• 341 किलोमीटर लम्बे पूर्वांचल एक्सप्रेसवे का तेजी से निर्माण • 91 किमी. लम्बे गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे एवं 297 किमी. लम्बे बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे के लिए निर्माण-प्रक्रिया प्रारम्भ • मेरठ से प्रयागराज तक 640 किमी. लंबे गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण का निर्णय

## कानून व्यवस्था

• कानून व्यवस्था पर जीरो टालरेन्स की नीति • संगठित अपराध पर नियंत्रण • सभी प्रमुख पर्व, त्यौहार, मेले, धार्मिक आयोजन तथा लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न

## समाज कल्याण

• अनुसूचित जाति/जनजाति के कुल 33 लाख 43 हजार, पिछड़ी जाति के कुल 55 लाख 83 हजार एवं सामान्य वर्ग के 19 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं को पूर्वदशम् एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति • वृद्धावस्था पेंशन प्रतिमाह रु. 400/- से बढ़ाकर रु. 500/- करते हुए 41 लाख 57 हजार 308 वृद्धजन को पेंशन • दिव्यांगजन पेंशन प्रतिमाह रु. 300/- से बढ़ाकर रु. 500/- करते हुए 9 लाख 84 हजार 709 दिव्यांगजन को पेंशन • वनटांगिया, मुसहर, कोल तथा थारू समुदाय के ग्रामों में मूलभूत सुविधाओं का विकास

## महिला सशक्तिकरण

• प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना में गरीब महिलाओं को 1 करोड़ 35 लाख नि:शुल्क रसोई गैस कनेक्शन • एंटी रोमियो स्क्वॉयड का गठन • मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना क्रियान्वित • मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में निर्धन परिवारों की 68108 कन्याओं की शादी • निराश्रित महिला पेंशन हेतु आयु सीमा की बाध्यता समाप्त • 21 लाख 69 हजार निराश्रित महिलाओं को पेंशन • अल्पसंख्यक वर्ग की निर्धन पुत्रियों की शादी के लिए अनुदान • प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से 18 लाख 57 हजार 38 माताएं लाभान्वित • सभी जिलों में 181 महिला हेल्पलाइन व रेस्क्यू वैन संचालित



## स्वच्छता

• सभी जनपद ओडीएफ घोषित • ग्रामीण क्षेत्रों में 2 करोड़ 61 लाख परिवार व्यक्तिगत शौचालयों से आच्छादित • नगर क्षेत्र में 4000 सामुदायिक शौचालयों का निर्माण

## प्रधानमंत्री आवास योजना

• प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में 12 लाख 82 हजार आवास निर्मित • प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) में स्वीकृत 12 लाख 97 हजार 212 आवासों का निर्माण कार्य प्रगति पर • मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में 16700 आवास निर्मित

## श्रमिक-कल्याण

• 60 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके श्रमिकों को प्रतिमाह रु. 1000/- की पेंशन • प्रधानमंत्री श्रम योगी मान धन योजना के अन्तर्गत 5 लाख 13 हजार 917 श्रमिकों का पंजीकरण • पारम्परिक कारीगरों, बढ़ई, दर्जी, टोकरी बुनकर, नाई, सुनार, लोहार, कुम्हार, हलवाई आदि के लिए विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना • उत्तर प्रदेश माटी कला बोर्ड का गठन

## नगर विकास

• स्मार्ट सिटी मिशन योजना में प्रदेश के 10 शहर (लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी, आगरा, सहारनपुर, बरेली, झांसी, मुरादाबाद, अलीगढ़) में रु. 20 हजार करोड़ की परियोजनाएं प्रगति पर • 60 शहरों में अमृत योजना के अन्तर्गत कार्य • नमामि गंगे परियोजना के तहत 45 सीवरेज परियोजनाएं स्वीकृत, 12 परियोजनाएं पूर्ण एवं शेष पर निर्माण कार्य प्रगति पर

## पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया

• अब तक 2 लाख 25 हजार भर्तियां पूर्ण • पुलिस, शिक्षा व अन्य विभागों में भर्ती की पारदर्शी प्रक्रिया जारी

## सड़क, वायु, मेट्रो कनेक्टिविटी

• 129441 किमी. सड़कें गड्ढामुक्त • 66700 किमी. मार्ग का नवीनीकरण • 7948 किमी. ग्रामीण सड़कों का निर्माण • प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में 6003 किमी. सड़कों का निर्माण • 8 हवाई अड्डे क्रियाशील • जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट का कार्य प्रगति पर • 11 नये हवाईअड्डों का निर्माण जारी • लखनऊ में अमौसी से मुंशी पुलिया तक मेट्रो का संचालन • नोएडा से ग्रेटर नोएडा तक मेट्रो का विस्तार • कानपुर, झांसी, वाराणसी, आगरा, प्रयागराज, गोरखपुर और मेरठ में मेट्रो/रैपिड अर्बन ट्रांसपोर्ट हेतु कार्य योजना तैयार

## पर्यटन

• प्रयागराज में 'दिव्य कुम्भ-भव्य कुम्भ' का आयोजन • मथुरा में रंगोत्सव एवं अयोध्या में भव्य दीपोत्सव का आयोजन • काशी विश्वनाथ मंदिर कॉरिडोर का विकास • स्वदेश दर्शन योजना के अन्तर्गत समेकित पर्यटन विकास

## पशुधन व दुग्ध विकास

• प्रत्येक जनपद में दो-दो वृहद गोवंश संरक्षण केन्द्र की स्थापना हेतु रु. 180 करोड़ एवं छुट्टा गोवंश के भरण-पोषण हेतु रु. 158.50 करोड़ की स्वीकृति • बुन्देलखण्ड के 7 जनपदों में 36 पशु आश्रय गृहों के निर्माण हेतु रु. 10.32 करोड़ की स्वीकृति • वित्तीय वर्ष 2018-19 में 305 लाख मी. टन दुग्ध उत्पादन कर उत्तर प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर

## राशन की कालाबाजारी पर रोक

• 63 लाख से अधिक फर्जी राशन कार्ड निरस्त • 3 करोड़ 55 लाख परिवारों को नये राशन कार्ड • 15 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को पोर्टेबिलिटी के माध्यम से राशन दुकान चुनने का अवसर • ई-पॉस मशीनों के माध्यम से भ्रष्टाचार रहित खाद्यान्न वितरण

## वन एवं पर्यावरण

• वृक्षारोपण महाकुम्भ के अन्तर्गत रिकार्ड 22 करोड़ से अधिक वृक्षों का रोपण • प्रयागराज में एक निश्चित समयावधि में एक ही स्थान पर 76824 पौध रोपण कर 'गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड' में नाम दर्ज • स्वच्छ पर्यावरण के लिए पॉलीथीन के निर्माण एवं उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध

उच्च गुणवत्ता वाले हेलमेट का ही उपयोग करें।

सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

## खबर संक्षेप

### आज दिल्ली-एनसीआर में वाहनों का चक्काजाम

**नई दिल्ली।** नए मोटर व्हीकल एक्ट व ट्रांसपोर्टरों की विभिन्न मांगों को लेकर यूनाइटेड फ्रंट ऑफ ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन (यूएफटीए) के आह्वान पर गुरुवार को दिल्ली-एनसीआर में चक्काजाम हड़ताल है। लेकिन इस हड़ताल से कुछ संगठनों ने खुद को अलग कर लिया है। ऐसे संगठनों ने कहा है कि हम अपने वाहन चलाएगें, अगर किसी ने तोड़फोड़ की तो उसकी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। इस बारे में बुधवार को प्रेसवार्ता के दौरान फ्रंट के अध्यक्ष डॉ. हरीश सभरवाल और संयोजक राजेन्द्र कपूर ने बताया कि बंद में करीब 34 संगठनों का साथ है।

### व्हीकल एक्ट के खिलाफ कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार द्वारा लागू नए व्हीकल एक्ट संशोधन कानून के खिलाफ दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने बुधवार को त्रिनगर में विरोध प्रदर्शन किया। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अजय माकन, पूर्व विधायक शादीराम और धरने के आयोजक प्रदेश उपाध्यक्ष चतर सिंह सहित अन्य नेता मौजूद थे। माकन ने केंद्र सरकार पर निशाना लगाया।

### केजरीवाल मंत्रिमंडल ने दी मंजूरी

# दिल्ली सरकार भरेगी 10वीं और 12वीं के छात्रों की परीक्षा फीस

हरिभूमि न्यूज ⏩ नई दिल्ली

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से पढ़ रहे लाखों विद्यार्थियों को बड़ी राहत देते हुए दिल्ली सरकार ने उनकी परीक्षा फीस को खुद भरने का फैसला किया है। बुधवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में आयोजित दिल्ली मंत्रिमंडल की बैठक ने शिक्षा विभाग के इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। मंत्रिमंडल के निर्णय के अनुसार इस प्रस्ताव पर प्रतिवर्ष 57.20 करोड़ रुपए का बजट खर्च होने का अनुमान हैं। शिक्षा निदेशालय स्कूल प्रमुखों के माध्यम से छात्रों की बोर्ड परीक्षा की फीस सीधे सीबीएसई को भेजेगा। इसमें 12वीं कक्षा के छात्रों के विज्ञान वर्ग और वोकेशनल सब्जेक्ट की प्रायोगात्मक परीक्षा की फीस भी शामिल होगी। छात्रों से सीबीएसई बोर्ड परीक्षा के नाम पर कोई फीस नहीं ली जाएगी। सरकार के निर्णय से दसवीं कक्षा के 1 लाख 79 हजार 914 और 12वीं कक्षा के 1 लाख 33 हजार 802 छात्रों को राहत मिलेगी। बोर्ड परीक्षा में 5 अनिवार्य विषय और एक वोकेशनल सब्जेक्ट की फीस सीबीएसई लेता है।



■ सीबीएसई के 3 .14 लाख छात्रों को मिलेगा फायदा

जो 10वीं और 12वीं कक्षा दोनों के लिए प्रति छात्र 1800 रुपए है। प्रस्ताव के अनुसार 12वीं कक्षा के 14,783 छात्रों के लिए 3 प्रयोगात्मक परीक्षाएं होती हैं। प्रति प्रयोगात्मक परीक्षा की 150 रुपए फीस भी सरकार देगी। इसके अलावा वोकेशनल सब्जेक्ट लेकर पढ़ाई करने वाले छात्रों की दो प्रयोगात्मक परीक्षा होती है। इसकी प्रति प्रयोगात्मक परीक्षा की 150 रुपए फीस भी सरकार देगी। वहीं, 10वीं कक्षा के करीब 25,000 छात्र वोकेशनल सब्जेक्ट लेकर पढ़ाई करते है, उनका एक प्रैक्टिल सब्जेक्ट की 150 रुपए फीस भी सरकार भरेगी। बता दें शिक्षा निदेशालय तीसरी से आठवीं के साथ नौवीं और ग्यारवीं कक्षा के मिड टर्म और एनुवल एक्जाम लेता है। वहीं, 10वीं और 12वीं परीक्षा की वार्षिक परीक्षा सीबीएसई मार्च-अप्रैल में आयोजित करता है।

### दिल्ली के हर बच्चे की पढ़ाई मेरी जिम्मेदारी है : केजरीवाल

मंत्रिमंडल निर्णय के बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पैसों के अभाव में किसी भी बच्चे की पढ़ाई हम नहीं रुकने देंगे। दिल्ली के हर बच्चे की पढ़ाई मेरी जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने सीबीएसई परीक्षा फीस सरकार द्वारा भरने के मंत्रिमंडल के निर्णय के बाद ट्वीट कर कहा कि दिल्ली के सरकारी स्कूलों में 10वी और 12वी में पढ़ने वाले हर वर्ग के 3 लाख 14 हजार बच्चों की सीबीएसई परीक्षा की महंगी फीस अब सरकार देगी। पैसों के अभाव में किसी भी बच्चे की पढ़ाई हम नहीं रुकने देंगे। दिल्ली के हर बच्चे की पढ़ाई मेरी जिम्मेदारी है।

### विकासपुरी में बनाया जाएगा कल्चरल कॉम्प्लेक्सः सिसोदिया

**नई दिल्ली।** परफार्मिंग आर्ट्स को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दिल्ली सरकार विकासपुरी में नया कल्चरल कॉम्प्लेक्स बनाएगी। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बुधवार को साहित्य कला परिषद की एक्जक्यूटिव मीटिंग में कल्चरल कॉम्पलेक्स निर्माण संबंधी प्रस्ताव को स्वीकृति दी। सिसोदिया ने कहा कि कल्चरल



केन्द्र के निर्माण से पूरी दिल्ली के कलाकार यहां आकर अपनी कला का प्रदर्शन कर सकेंगे। सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए राजधानी में ज्यादा जगह की जरुरत है इसीलिए विकासपुरी में इस परिसर के निर्माण का प्रस्ताव पास किया गया। इस दौरान बोर्ड सदस्यों ने इस बात की मांग भी की कि साहित्य कला परिषद में प्रकाशन विंग को पुनर्जीवित करके साहित्य को परिषद की प्रमुख सामग्री बनाया जाए। जिससे परिषद बुक लांच और कला और संगीत से संबंधित विषयों पर इन-हाउस बुक को प्रकाशित करने पर ध्यान केन्द्रित कर सकती है। उपमुख्यमंत्री ने इस प्रस्ताव को भी तुरंत अपनी स्वीकृति दे दी।

### ऑड-ईवन योजना के खिलाफ याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने राष्ट्रीय राजधानी में 4 से 15 नवंबर के बीच ऑड-ईवन योजना लागू करने के आप सरकार के फैसले के खिलाफ दायर याचिका पर विचार करने से बुधवार को इनकार कर दिया। एनजीटी प्रमुख न्यायमूर्ति आदर्श कुमार गोयल की अध्यक्षता वाली पीठ ने याचिका को विचार योग्य नहीं मानते हुए इसे खारिज कर दिया। पीठ ने कहा कि किस कानून के तहत यह याचिका विचार योग्य है। वकील गौरव कुमार बंसल की ओर से दायर इस याचिका में कहा गया कि सीपीसीबी ने दिल्ली की वायु गुणवत्ता पर सम-विषम योजना के प्रभाव का आकलन किया जिसमें पाया गया कि इस योजना को लागू करने की अवधि में शहर की वायु गुणवत्ता और खराब स्थिति में थी जबकि यह प्रतिबंध लागू नहीं होने की स्थिति में वायु गुणवत्ता इससे बेहतर थी। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने 13 सितंबर को कहा था कि सम-विषम योजना सात बिंदु वाली 'पराली प्रदूषण' कार्य योजना का हिस्सा है।






## कन्हैया, अन्य के खिलाफ मुकदमा चलाने पर महीनेभर में फैसला ले दिल्ली सरकारः कोर्ट

**विलंब से न्यायिक वक्त बर्बाद हुआ, सुनवाई की अगली तारीख 25 अक्टूबर तय**

एजेंसी ⏩ नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने दिल्ली सरकार से कहा है कि राजद्रोह के मामले में जेएनयू छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष कन्हैया कुमार और अन्य के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति के बारे में वह एक माह के भीतर फैसला ले। मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट मनीष खुराना ने कहा कि मामले पर फैसला लेने में देरी करने से न्यायिक वक्त बर्बाद हुआ है क्योंकि यह मामला आरोप पत्र दायर होने के



साथ ही लगातार सूचीबद्ध और स्थगित होता रहा है।दिल्ली पुलिस ने अदालत को बताया था कि कन्हैया कुमार और अन्य के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी के लिए किया गया अनुरोध दिल्ली सरकार के गृह विभाग के समक्ष लंबित है। इस पर अदालत ने कहा कि मंजूरी देने संबंधी फैसला लेने में विलंब से न्यायिक वक्त बर्बाद हुआ है क्योंकि इस मामले में आरोप पत्र दाखिल होने के साथ ही मामले को कई बार सूचीबद्ध और स्थगित किया गया है। अदालत ने आगे कहा कि दिल्ली सरकार से यह उम्मीद की जाती है कि इस मामले पर मंजूरी देने संबंधी फैसला वह एक महीने के भीतर ले ताकि वर्तमान मामले पर आगे बढ़ा जा सके। अदालत ने मामले पर सुनवाई की अगली तारीख 25 अक्टूबर तय की है।

### भाजपा छह माह में करेगी अनधिकृत कॉलोनियों का नियमितीकरण : तिवारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मनोज तिवारी ने बुधवार को कहा कि उनकी पार्टी दिल्ली की अनधिकृत कॉलोनियों का नियमितीकरण छह महीने में सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने दिल्ली इकाई के नेताओं को अनधिकृत कॉलोनियों में जाकर सर्वे करने और



वहां के निवासियों की प्रतिक्रिया लेने का निर्देश दिया है। तिवारी ने कहा कि सभी अनधिकृत कॉलोनियां आज से छह महीने के भीतर नियमित की जाएंगी। दिल्ली भाजपा के नेता 22 सितंबर से 22 विधानसभा क्षेत्र में फैली अनधिकृत कॉलोनियों का दौरा कर इनमें रहने वाले लोगों की राय लेंगे एवं पांच साल तक सत्ता में रहने के बावजूद अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित करने में केजरीवाल सरकार की नाकामी को उजागर करेंगे। अनधिकृत कॉलोनियों का नियमितीकरण दिल्ली में बड़ा चुनावी मुद्दा है। लोकसभा चुनाव में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर आरोप लगाया था कि वह इन्हें ध्वस्त करने की योजना बना रही है। तिवारी ने कहा कि अगर दिल्ली सरकार इस मुद्दे पर प्रतिबद्ध होती तो अनधिकृत कॉलोनियां को कुछ महीने में नियमित किया जा सकता था।

### दक्षिणी निगम महापौर ने लिया 7 करोड़ रुपये का फंड, विपक्ष का हंगामा

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली नगर निगम की बुधवार को आयोजित सदन बैठक में उस समय हंगामा हो गया जब नेता विपक्ष किशनवती ने प्रमाण दिखाते हुए महापौर सुनीता कांगडा से पूछा कि महापौर को 7 करोड़ रुपये का फंड क्यों जारी किया। जबकि अन्य पार्षदों को फंड नहीं दिया जा रहा है। विपक्ष अपने सवाल को लेकर जबाव के लिए लंबे समय तक हंगामा करता रहा, जब प्रशासन ने जवाब दिया तो वह विपक्ष को रास नहीं आया। वहीं, बैठक में कांग्रेस दल के नेता अभिषेक दत्त ने जरूरतमंदों को जनकल्याणकारी पेंशन राशि देने का मामला उठाया जिस पर प्रशासन ने जल्द पेंशन राशि जारी करने की बात कहीं। वहीं, डेंगू का श्रेय लेने वाले मामले पर कांग्रेस दल ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पेश किया। जिस पर भाजपा ने खुशी जताई।







₹ 6,00,000 करोड़

पीएफसी – भारत की सबसे बड़ी इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी और सरकारी एनबीएफसी



राजीव शर्मा
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

अध्यक्ष का अभिभाषण

27 अगस्त, 2019 को आयोजित पॉवर फाइनेंस कॉर्पोरेशन की 33वीं वार्षिक सामान्य बैठक

"28 मार्च, 2019 पीएफसी के इतिहास में एक यादगार दिन था, जब आपकी कंपनी ने कुल ₹14,500 करोड़ के कुल प्रतिफल के साथ आरईसी लिमिटेड (पूर्व में रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड) में भारत सरकार की 52.63% इक्विटी हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया। इस ऐतिहासिक डील के साथ, पीएफसी अब आरईसी लिमिटेड की प्रोमोटर और धारक (होल्डिंग) कंपनी है।"

2X
परिसम्पत्ति वृद्धि
₹ 3,00,000 करोड़ से









आरईसी में भारत सरकार के 103.94 करोड़ शेयरों के अधिग्रहण के लिए खरीद प्रतिफल (पर्चेज़ कंसिडरेशन) के लिए विद्युत मंत्रालय और पीएफसी के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में श्री अजय कुमार भल्ला, सचिव, भारत सरकार को इंट्रा बैंक फंड ट्रांसफर एडवाइस सौंपते हुए श्री राजीव शर्मा, सीएमडी, पीएफसी

मैं शेयरधारकों के प्रति बहुत आभारी हूं, जिन्होंने हम पर पुनः विश्वास व्यक्त किया है। मैं, माननीय केंद्रीय विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और विद्युत मंत्रालय के अधिकारियों को उनके निरंतर समर्थन और मार्ग–दर्शन के लिए तहेदिल से धन्यवाद देता हूं। मैं, निदेशक मंडल, निवेशकों और मूल्यवान ग्राहकों के प्रति उनके समर्थन के लिए भी वास्तव में आभारी हूं।

राजीव शर्मा
राजीव शर्मा
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएन: 00973413

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 27.08.2019

(यह 27 अगस्त, 2019 को आयोजित वार्षिक आम बैठक की कार्यवाहियों का रिकॉर्ड नहीं है, पूरी सामग्री के लिए, कृपया www.pfcindia.com देखें)

पी एफ सी PFC
पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
पंजीकृत कार्यालयः ऊर्जानिधि, 1, बाराखंबा लेन, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली–110001, फोनः +91 11 23456000, फैक्सः +91 11 23412545, वेबसाइटः www.pfcindia.com, सीआईएनः L65910DL1986GOI024862
@pfclindia पर हम से जुड़ें

## खबर संक्षेप

### प्रताप विहार में जीडीए ने सील किए नौ भवन

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) के सचल दल ने जोन चार के प्रताप विहार में सीलिंग अभियान चलाया जिसमें मानचित्र के विपरीत बनाये गए नौ भवन सील कर दिए गए। जोन चार के पर प्रभारी आरपी सिंह के नेतृत्व में जीडीए का सचल दल प्रताप विहार में पहुंचा व जे, एल, एम व जी ब्लॉक में बनाये जा रहे भवनों को सील कर दिया । सचल दल ने सेक्टर 12प्रताप विहार के जे-16, जे -154, जे -65, एल -85, एल -278, एम -267, एम 142, एम 297व जी -125 में नक्शे के विपरीत बने भवन सील कर दिए ।



### नोएडा में पत्रकार से साथ मार-पीट

**नोएडा।** जिले के सलारपुर कॉलोनी में रहने वाले व्यक्ति ने 5 लोगों के खिलाफ अपने, अपनी पत्नी व बेटी के साथ मारपीट करने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है। थाना सेक्टर 39 के प्रभारी निरीक्षक नीरज मलिक ने बताया कि सलारपुर कॉलोनी में रहने वाले इश्हाक सैफी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सोनू, साहिल, आदिल, सफीक समेत पांच लोगों ने उसके, उसकी पत्नी तथा बेटी के साथ सलारपुर कॉलोनी में मारपीट की। आरोप है कि इन लोगों ने उनकी पत्नी के गले से सोने की चेन व कान से सोने के कुंडल छीन लिया। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### कंपनी के मालिक पर जबरन शारीरिक संबंध बनाने का प्रयास करने का आरोप

**नोएडा।** शहर में कंपनी में अकाउंटेंट के पद पर काम करने वाली महिला ने कंपनी के मालिक पर जबरन शारीरिक संबंध बनाने का प्रयास करने व अश्लील हरकत का आरोप लगाया है। थाना सेक्टर 39 के प्रभारी निरीक्षक नीरज मलिक ने बुधवार को बताया कि इलाके में स्थित कंपनी के कार्यालय में अकाउंटेंट के पद पर काम करने वाली महिला ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। मलिक के अनुसार, शिकायत में महिला ने कंपनी के मालिक सागर वर्मा पर अश्लील हरकत करने व जबरन शारीरिक संबंध बनाने का प्रयास करने का आरोप लगाया है। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। आरोपी फरार है, उसकी तलाश की जा रही है।

### करंट लगने से ठेका कर्मचारी की मौत

**फरीदाबाद।** पाली सब स्टेशन में काम करते समय दो कर्मचारियों को करंट लग गया। इससे वह गंभीर रूप से झुलस गए। दोनों को तत्काल ही बीके सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां एक को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। दूसरे कर्मचारी को सफदरजंग अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। मूल रूप से बिहार के सिवान निवासी 25 वर्षीय प्रवीन पुत्र प्रेमचंद और जवाहर कालोनी फरीदाबाद निवासी अखिलेश एक बिजली ठेकेदार के पास काम करते हैं। बुधवार शाम करीब पांच बजे दोनों लाइन पर काम कर रहे थे। इसी दौरान करंट की चपेट में आ गए। गंभीर हालत में दोनों को बीके सिविल अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में प्रवीन को डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। अखिलेश को दिल्ली रेफर कर दिया गया है। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

---

### हड़ताल: निगमायुक्त ने कर्मचारियों की वापसी के लिए मांगे दो दिन

# कर्मियों ने निगम मुख्यालय के दोनों गेटों पर जड़ा ताला

हरिभूमि ▶▶ फरीदाबाद

हड़ताली कर्मचारियों ने निगम मुख्यालय के दोनों गेटों पर जड़ा ताला। निगम प्रशासन के फूले हाथ-पांव, वार्ता का पत्र देने के बाद यूनियन नेताओं ने निगमायुक्त को कार्यालय में आने के लिए खोला गेट। गौरतलब है कि नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के तत्वाधान में पिछले 11 दिनों से ईको ग्रीन कम्पनी के 300, ड्राईवर, हैल्पर एवं स्वीपरों को ड्यूटी पर वापिस लेने की मांग को लेकर टूल डाऊन हड़ताल चल रही है। विगत दिनों संघ ने निगम मुख्यालय के गेटों पर ताला जड़ने एवं ईको ग्रीन कम्पनी के मैनेजर रवि त्रिवेदी का बुधवार को पुतला दहन करने का ऐलान किया था लेकिन निगम प्रशासन ने दोपहर 12 बजे संघ के प्रतिनिधि मंडल को पत्र लिखकर वार्ता के लिए बुलाया। वार्ता में निगमायुक्त सोनल गोयल के अलावा निगम सचिव, एक्सईएन दीपक किंगर, श्याम सिंह तथा ईको ग्रीन कम्पनी के मैनेजर रवि त्रिवेदी मौजूद थे। जबकि संघ की ओर से राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री, उपमहासचिव सुनील चिण्डालिया, जिला प्रधान गुरचरण खाण्डिया, सर्व कर्मचारी संघ के जिला सचिव बलवीर सिंह बालगुहेर आदि नेता उपस्थित रहे। लगभग दो घंटे चली लम्बी वार्ता के बाद निगमायुक्त ने ईको ग्रीन के 300 कर्मचारियों को ड्यूटी पर रखने के लिए दो दिन का समय मांगा है, संघ नेताओं ने कहा कि ईको ग्रीन कर्मचारियों के ड्यूटी 'वाईंन होने तक हड़ताल जारी रहेगी। वहीं संघ ने वार्ता के बाद रवि त्रिवेदी के पुतला दहन का कार्यक्रम स्थगित कर दिया।

### संघ नेताओं व निगम अधिकारियों के बीच हुई वार्ता



#### मंत्री, सांसद व विधायक कोई नहीं है मामले पर चिंतित

नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री, संघ के जिला प्रधान गुरचरण खाण्ड्या, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला सचिव बलवीर सिंह बालगुहेर ने संयुक्त रूप से कहा कि शहर में गंदगी के अम्बार लगे है पर फरीदाबाद के सांसद, विधायक एवं मंत्री तथा निगम की मेयर एवं 40 पार्षदों को जनता की तनिक भी चिंता नहीं। यदि इन प्रतिनिधियों को शहर की फ्रिक होती तो पिछले 11 दिनों से चली आ रही टूल डाऊन हड़ताल अब तक समाप्त हो जाती। ईको ग्रीन कम्पनी के बेकसूर 300 कर्मचारियों को प्रबंधक ने तानाशाहपूर्वक रवैया अपनाते हुए नौकरी से बाहर कर दिया था। जिसके विरोध में कर्मचारी टूल डाऊन हड़ताल पर है।

#### गुर्जर कराएंगे अवगत

वहीं संघ ने वार्ता के बाद रवि त्रिवेदी के पुतला दहन का कार्यक्रम स्थगित कर दिया। अब यह कर्मचारी आने वाले शनिवार को केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर के सेक्टर-28 स्थित कार्यालय पर प्रदर्शन कर मुलाकात करेगें।

### न्यायालयों से संबंधित मामले में पैरवी करें: गोयल

निग्मायुक्त गोयल ने विभिन्न न्यायालयों में निगम से संबंधित लंबित मामलों की समुचित पैरवी करने के निर्देश अधिकारियों को दिए है। बैठक में गोयल ने कहा कि जो भी अधिकारी कोर्ट के मामलों के बारे में लापरवाही या उदासीन रवैया बरतेगा, उसके विरूद्ध कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। बैठक में इलावा अतिरिक्त आयुक्त विक्रम, निगम सचिव जितेन्द्र दहिया, जिला न्यायवादी अमरनाथ, अतिरिक्त जिला न्यायवादी द्विवेष गर्ग, चेतना दलाल, अभिनव शर्मा, राहुल दहिया आदि उपस्थित थे। निग्मायुक्त ने बैठक कहा कि निगम के संबंधित विभागों, शाखाओं के द्वारा न्यायालय में लंबित मामलों का सही समय पर उत्तर न देने व तथ्यपूरक व तर्कसंगत तरीके से जवाबदावा प्रस्तुत न किए जाने से न्यायालयों में न केवल नगर निगम प्रशासन को अवमानना याचिकाओं का सामना करना पड़ रहा है, बल्कि निगम के विरूद्ध निर्णय आने पर आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने जिला न्यायवादी सहित सभी अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए कि ऐसी स्थिति भविष्य में सामने न आने पाए। गोयल ने अफसरों से आह्वान किया कि वे संपूर्ण कार्य सरकार की नीतियों, नियमों व कानून के अनुसार समयबद्ध तरीके से करें, जिससे कि निगम प्रशासन को अनावश्यक कानूनी वाद-विवाद से बचाया जा सकें।



---

# आयोग ने महिला हॉस्टल की सुविधाओं का लिया जायजा



- पांच साल से ज्यादा वक्त से रह रही युवतियों व महिलाओं को हॉस्टल छोड़ने के लिए कहा जाएगा
- हॉस्टल में रहने का किराया भी बढ़ाया जिससे सुविधाओं में इजाफे के लिए आएगा अतिरिक्त धन

हरिभूमि ▶▶ फरीदाबाद

जिला रेडक्रास सोसायटी के सहयोग से सेक्टर 14 स्थित महिला हॉस्टल की सुविधाओं को लेकर बुधवार को नशा उपचार एवं पुनर्वास केंद्र में हॉस्टल के पदाधिकारियों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य रूप से हरियाणा राज्य महिला आयोग की सदस्य रेनू भाटिया व रेडक्रास की प्रदेश सदस्य सुषमा गुप्ता ने भाग लिया। बैठक में हॉस्टल के पदाधिकारियों ने कहा कि हॉस्टल में 5 साल की समय से ज्यादा वक्त से यहां रह रही युवतियों व महिलाओं को हॉस्टल छोड़ने के लिए कहा जाए क्योंकि अन्य जरूरतमंदों को यहां रहने का अवसर मिले सकें।

इसके अलावा उन्होंने कहा कि हॉस्टल में रहने का किराया भी बढ़ाया जिससे सुविधाओं में इजाफे के लिए अतिरिक्त धन मुहैया हो सके। इसके अलावा यह भी मांग की गई आगे से यहां पूरी वेरिफिकेशन के बाद ही महिलाओं को रखा जाए। इस पर रेणु भाटिया व सुषमा गुप्ता ने पदाधिकारियों को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों पर विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर यहां की सुविधाओं को बढ़ाया जाएगा, जिससे यहां रहने वाली महिलाओं को किसी प्रकार की समस्या न हो।

इस मौके पर उन्होंने नशा उपचार एवं पुनर्वास केंद्र में मरीजों से बातचीत कर इस बीमारी से लड़ने के लिए हौसला अफजाई की। इस मौके पर उन्हें बताया कि यहां मरीज को नशा छोड़ने की दवा डॉक्टर की हाजिरी में दी जाती है। इस मौके पर जिला रेडक्रास सोसायटी के सचिव विकास कुमार, रंजना शर्मा एडवोकेट, वाइस पेट्रर्न वीरेंद्र गौड़ तथा विजयवंती आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## एटीएम से धोखाधड़ी कर पैसे निकालने वाले दो धरे



**नोएडा।** नोएडा में पुलिस ने मंगलवार की रात को एटीएम से धोखाधड़ी कर पैसे निकालने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार कर इनके पास से करीब 11 हजार रुपए नगद, 10 एटीएम कार्ड, आधार कार्ड व दो पैन कार्ड बरामद किये हैं। एसपी (ग्रामीण) रणविजय सिंह ने बुधवार को बताया कि मंगलवार की रात को एक सूचना के आधार पर थाना बीटा- दो पुलिस ने मनीष और प्रशांत नामक दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से करीब 11 हजार रुपये नगद 10 एटीएम कार्ड, 2 पैन कार्ड, आधार कार्ड आदि बरामद किया है। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार बदमाशों ने पुलिस को बताया कि वे लोगों से किसी तरह एटीएम का पिन कोड हासिल कर लेते थे व बाद में पिनकोड के आधार पर उनके एटीएम से पैसा निकाल लेते थे। गिरफ्तार आरोपियों में मनीष ने एमबीए तक की पढ़ाई की है, जबकि प्रशांत ने इंजीनियरिंग की पढ़ाई की है। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने पुलिस को बताया कि इन लोगों ने एटीएम से पैसे निकालने की दर्जनों वारदातें की हैं। पुलिस इनसे गहनता से पूछताछ कर रही है।

---

## होटल में युवक को बुलाकर लाखों की चपत लगाने वाली महिला साथी समेत गिरफ्तार

हरिभूमि ▶▶ गुरुग्राम

होटल में युवक को बुलाकर उसको लाखों की चपत लगाने वाली महिला को पुलिस ने उसके साथी गिरफ्तार कर लिया। महिला ने युवक को रेप के मामले में फंसाने की धमकी भी दी थी। पालम विहार थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। निजी कंपनी में कार्यरत युवक ने बीती नौ जुलाई को पालम विहार थाना पुलिस में शिकायत दी।

जिसमें कहा गया कि सोशल साइट पर उसकी दोस्ती महिला से हो गई थी। एक अप्रैल को महिला ने युवक को एमजी रोड पर मिलने के लिए बुलाया। यहां से वह उसे होटल में ले गई। रात लगभग साढ़े आठ बजे दोनों ने खाना खाने के साथ ड्रिंक लिया। ड्रिंक लेते ही युवक को इतना नशा चढ़ा कि सो गया। अगले दिन सुबह 9 बजे नींद खुली तो देखा कि महिला उसका मोबाइल व पर्स लेकर गायब हो चुकी थी। बैंक से पता चला कि



उसके खाते से एक लाख 36 हजार 429 रुपये निकाले जा चुके हैं। पर्स में कई जरूरी कागजात थे। युवक की शिकायत पर पालम विहार थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपित महिला की तलाश कर रही थी।

#### दिल्ली की है आरोपी महिला व पहले भी की हैं वारदातें

बुधवार को पुलिस को सूचना मिली कि आरोपित महिला सेक्टर-10ए इलाके में अपने साथी के साथ घूम रही है। जिस पर पुलिस टीम ने जाल बिछाया व दोनों को काबू कर लिया। उनकी पहचान नई दिल्ली के उत्तम नगर निवासी दिपाली दास (39) एवं अश्वनी शर्मा (40) के रूप में की गई। पुलिस पूछताछ में महिला ने बताया कि पूरी योजना के तहत उसने युवक से दोस्ती की। उसे होटल में बुलाया व शराब में नशीला पदार्थ मिलाकर वारदात को अंजाम दिया। नशे की हालत में युवक से फोन का पासवर्ड, फोन-पे, मोबिक्विक, पेटीएम के पासवर्ड पूछ लिए। बाद में सभी के माध्यम से कुल एक लाख 36 हजार 429 रुपये अपने, साथी अश्वनी शर्मा के खाते में ट्रांसफर किए।

#### महिला पति, अश्वनी पत्नी की मौत के बाद क्राइम में आया

पूछताछ के मुताबिक महिला ने ऐसी वारदात दिल्ली में भी की थी। उसे गिरफ्तार किया गया था। तीन महीने जेल में रही थी। आरोपित महिला के पति, आरोपी युवक की पत्नी की मृत्यु हो चुकी है। दोनों धोखाधड़ी व चोरी की वारदात करते हैं।

### अपहरण व पॉक्सो एक्ट मामले में आरोपी को दस साल की कैद

**गुरुग्राम।** नाबालिका का अपहरण व पॉक्सो एक्ट में दर्ज मामले में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश राज गुप्ता की फास्ट ट्रैक कोर्ट ने आरोपी को दोषी करार देते हुए दस साल की कैद व 50 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माने का भुगतान न करने पर दोषी को अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। बिहार मूल के व्यक्ति ने जिले के बजघेड़ा पुलिस थाना में वर्ष 2017 की 20 जुलाई को शिकायत दर्ज कराई थी कि उसका दामाद निहाल कॉलोनी में परिवार सहित रहता है। नाबालिका पुत्री दामाद के यहां आई थी। दामाद के पड़ोसी बिहार मूल का दीपक गत 30 जून को नाबालिका पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस ने भादंस की धारा 363, 366ए व 506 के तहत मामला दर्ज कर नाबालिका की तलाश शुरू कर दी थी, पुलिस ने नाबालिका को गुड़गांव रेलवे स्टेशन से बरामद कर लिया था।

## प्रेम विवाह से नाराज भाइयों ने युवक के घर धावा बोला

हरिभूमि ▶▶ फरीदाबाद

एनआइटी-5 थाना क्षेत्र में बहन के प्रेम विवाह से नाराज भाइयों ने साथियों संग युवक के घर पर हमला कर दिया। युवक के पिता, बहनों को रॉड व डंडों से पीटा। उनके कपड़े फाड़ डाले, बदतमीजी की।

प्रेम विवाह करने वाले युवक-युवती अप्रैल से लापता हैं। युवती के भाइयों को संदेह है कि युवक के परिवार वालों को उनका पता मालूम है, मगर वे बता नहीं रहे। घायलों को बादशाह खान अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने उनके बयान दर्ज किए हैं, मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। एनआइटी-5 थाना क्षेत्र की कॉलोनी निवासी युवती ने बताया कि वह यहां दो बहनों, पिता संग रहती है। उसके भाई ने पड़ोस में रहने वाली युवती से इस साल अप्रैल में प्रेम विवाह कर लिया था। दोनों बालिग हैं। शादी अदालत से पंजीकृत कराने के बाद वे किसी अनजान जगह पर रह रहे हैं। युवती के भाई व अन्य परिवार वाले युवक की बहनों पर संदेह करते हैं कि उन्हें उनका पता मालूम है। आए दिन वे किसी ना किसी बहाने से तीनों बहनों को परेशान करते हैं। युवती के अनुसार मंगलवार रात युवती के भाई कुछ साथियों संग हाथों में डंडे व रॉड लेकर उनके घर में घुस आए। उन्होंने तीनों, उनके पिता पर हमला कर दिया। उन्हें डंडों व रॉड से पीटा। तीनों बहनों के कपड़े फाड़ डाले व बदतमीजी की। उनके पिता के सिर में रॉड मारकर घायल कर दिया। अन्य पड़ोसियों ने उन्हें छुड़ाया। इसके बाद अस्पताल में भर्ती कराया।

---

गाजियाबादः पार्षदों की अनर्गल टिप्पणियों के बाद नगर आयुक्त, अधिकारियों ने बैठक का किया बहिष्कार

## निगम की बोर्ड बैठक में हुआ हंगामा

हरिभूमि ▶▶ गाजियाबाद

पार्षदों के निगम अधिकारियों के प्रति असंसदीय भाषा शैली के चलते बुधवार को गाजियाबाद नगर निगम की बोर्ड बैठक में जमकर हंगामा हुआ। जिसके बाद नगर आयुक्त दिनेश चंद्र ने बोर्ड बैठक का बहिष्कार कर दिया। यही नहीं उनके साथ-साथ नगर निगम के अन्य अफसर व कर्मचारी भी बैठक छोड़ कर चले गए। बाद में मेयर आशा शर्मा ने बोर्ड बैठक की दोपहर एक बजे तक की सभी कार्यवाई व पारित प्रस्ताव सिरे से निरस्त करते हुए बैठक को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया। खासबात यह है कि गाजियाबाद नगर निगम के इतिहास में यह दूसरी घटना है जब किसी नगर आयुक्त ने चालू बोर्ड बैठक का बहिष्कार किया हो। करीब डेढ़ दशक पहले तत्कालीन नगर आयुक्त हरदेव सिंह बाबा ने भी इसी तरह बोर्ड बैठक का बहिष्कार कर पूरे सदन को चुनौती दी थी। दरअसल बोर्ड बैठक में विवाद उस समय शुरू हुआ जब नगर निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष व भाजपा के फायरब्रांड पार्षद सुनील यादव ने नगर निगम की अनुबंधित आउट सॉर्सिंग कम्पनी सीएलसी (शहरी आजीविका विकास कम्पनी) के प्रबंधक पवन पांडेय की कार्यशैली व अधिकारियों के प्रति व्यवहार को पर तल्खी भरे लहजे में टिप्पणी की इसी बीच भाजपा के दूसरे पार्षदों ने यादव के सुर में सुर मिलाते हुए पूर्व नगर आयुक्तों पर शहर का विनाश करने का आरोप लगा दिया। इसपर नगर आयुक्त दिनेश चंद्र असहज हो गए, पार्षदों के अमर्यादित व्यवहार से नाराज होकर बोर्ड बैठक को बीच में छोड़कर चले गए। उनके पीछे -पीछे बैठक में मौजूद निगम के अन्य अधिकारी व सहयोगी स्टाफ भी बैठक का बहिष्कार कर चले गए।

### मेयर ने नगर आयुक्त पर अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए सीएम को लिखा पत्र



#### आशा ने सभी पार्षदों संग बंद कमरे में की मंत्रणा

नगर आयुक्त के इस स्टेप के बाद मेयर आशा शर्मा व सदन में मौजूद सभी दलों के पार्षद तिलमिला उठे व नगर आयुक्त के खिलाफ नारेबाजी कर काफ़ी देर तक सदन पटल के पास आकर हंगामा करते रहे। इसके बाद पार्षदों की मांग पर मेयर आशा शर्मा ने बोर्ड बैठक की दोपहर एक बजे तक की सभी कार्यवाई व पारित प्रस्ताव सिरे से निरस्त करते हुए बैठक को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया। इसके बाद मेयर आशा ने सभी दलों के पार्षदों के साथ बंद कमरे में मंत्रणा की व नगर आयुक्त के व्यवहार की निंदा की और सदन की अवमानना मानते सीएम को पत्र लिखा। पत्र में सीएम से नगर आयुक्त, अन्य अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक करने की मांग की गई है।

#### सदन में पूर्व नगर आयुक्तों के खिलाफ असंसदीय भाषा का प्रयोग कर रहे थे पार्षदः नगर आयुक्त

उधर नगर आयुक्त दिनेश चंद्र से बात चीत की गई तो उन्होंने बताया कि सदन में पार्षद पूर्व नगर आयुक्तों, उनके खिलाफ असंसदीय भाषा का प्रयोग कर रहे थे जिसके चलते उन्हें मौन रूप से सदन छोड़कर आना पड़ा। उन्होंने कहा कि उन्होंने सदन की कोई अवमानना नहीं की है बल्कि अपनी जगह सदन की कार्यवाई जारी रखने के लिए अपर नगर आयुक्त प्रमोद कुमार को भेज दिया था इसके बावजूद पार्षद हंगामा करते रहे।

#### पवन पांडेय ने आरोपों से झाड़ा

इसी क्रम में सीएलसी के प्रबंधक पवन पांडेय का कहना है कि उन्होंने नगर निगम के किसी भी अधिकारी या पार्षदों के साथ कभी भी अमर्यादित व्यवहार नहीं किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ पार्षद उनसे इस लिए नाराज हैं चूंकि वह उनके गलत काम नहीं करते हैं।

---

## मतदाता सूची में विद्यार्थियों का नाम सुनिश्चित करने को लेकर हुई बैठक

हरिभूमि ▶▶ गुरुग्राम

जिला के महाविद्यालय व उच्च शिक्षण संस्थानों में पढ़ रहे विद्यार्थियों का नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित करने को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अमित खत्री की अध्यक्षता में महाविद्यालय व उच्च शिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्य व प्रमुखों की बैठक हुई। जिसमें शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उपायुक्त ने कहा कि जिन विद्यार्थियों की आयु 1 जनवरी 2019 को 18 वर्ष पूरी हो गई है उनके नाम मतदाता सूची में दर्ज होने आवश्यक है। इसलिए उनके फार्म ऑनलाइन या ऑफलाइन भरवाए जाएं। इसके लिए महाविद्यालयों व शिक्षण संस्थानों में जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा दो दिवसीय शिविर लगाए जाएंगे। शिक्षण संस्थानों में जिन छात्र-छात्राओं द्वारा हाल ही में दाखिला लिया गया है, उनका नाम मतदाता सूची में शामिल होना अत्यंत आवश्यक है। महाविद्यालय प्रमुख सुनिश्चित करें कि कॉलेज में पढ़ रहे विद्यार्थियों का नाम मतदाता सूची में शामिल हो, नहीं है तो उन्हें तुरंत फार्म नंबर -6 ऑनलाइन या ऑफलाइन भरने के लिए कहा जाए। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय प्रमुख विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करे कि वे एनवीएसपी पोर्टल पर जाकर मतदाता सूची में अपना नाम सुनिश्चित करें।

---

### पुनः गिरफ्तारी के लिए जेल प्रशासन ने ऐड़ी-चोटी का जोर लगाया, कैदी फरार

# बिना जमानती आदेशों के फ्रॉड का आरोपी जेल से रिहा

हरिभूमि ▶▶ फरीदाबाद

दो करोड़ के लोन फ्रॉड में जेल में बंद कैदी को जेल प्रशासन ने अदालत के बिना जमानती आदेशों के छोड़ दिया। बाद में जेल प्रशासन ने कैदी को उसके फरूख नगर गुड़गांव स्थित निवास से पुनः गिरफ्त में लेने के लिए रात भर प्रयास किए किन्तु वह पकड़ में नहीं आ सका। इस संदर्भ में न्यायिक दण्डाधिकारी सुश्री किम्मी सिंगला शिकायतकर्ता कम्पनी के अधिवक्ता मोहम्मद इमरान की शिकायत पर जेल प्रशासन को बुधवार को तलब किया था व जेल प्रशासन ने क्लेरिकल मिस्टेक होना स्वीकारा है। जेलर ने थाना कोतवाली से छोड़े गए कैदी को पुनः गिरफ्तार करने के बावत गुजारिश की है।

गौरतलब है कि श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाईनेंस कम्पनी से फरूख नगर गुड़गांव निवासी रामनिवास व एक अन्य व्यक्ति ने दो करोड़ का लोन फ्रॉड किया था व इस संदर्भ में थाना कोतवाली में वर्ष 2018 में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। आरोपी कुलदीप को अदालत ने 17 जुलाई को सशर्त जमानत दे दी थी व राम निवास पिछले पांच माह से जेल में ही बंद है। राम निवास ने जमानत के लिए अर्जी लगाई थी जोकि 25 जुलाई को खारिज कर दी गई। इसके बाद उसने 10 सितम्बर को सशर्त जमानत के लिए याचिका अदालत में दायर की थी। बताया गया है कि आरोपी को 16 सितम्बर को जेल प्रशासन द्वारा बिना जमानत कागजात के रिहा कर दिया गया। आरोपी रामनिवास द्वारा लगाई गई सशर्त जमानत याचिका को मंगलवार को खारिज कर दिया गया था। जेल से रिहा होने के बाद आरोपी रामनिवास फरूख नगर पहुंच गया, जेल प्रशासन ने भूल का अहसास होते ही रिहा किए गए कैदी को पुनः गिरफ्तार करने के लिए उसके निवास पर दबिश दी व वह फरार हो गया। रामनिवास को पुनः गिरफ्त में लेने के लिए जेल प्रशासन रात भर मशक्कत करता रहा, रामनिवास उनके हत्थे नहीं चढ़ सका।



#### जेलर ने स्वीकारी भूल

नीमका जिला जेल के जेलर संजीव का कहना है कि वह 16 सितम्बर को चण्डीगढ़ किसी काम वश गए हुए थे, पीछे से क्लेरिकल मिस्टेक से रामनिवास को रिहा कर दिया गया। रामनिवास की पुनः गिरफ्तार के लिए थाना कोतवाली को गुजारिश की गई है।

#### मामले पर जेल प्रशासन की हुई पेशी

कम्पनी के वकील मोहम्मद इमरान ने रामनिवास के जेल से रिहा होने की सूचना के बाद मंगलवार को विद्वान न्यायाधीश सुश्री किम्मी सिंगला की अदालत में जेल प्रशासन को कारण बताओ नोटिस जारी करने की याचिका दायर की थी। जिस पर संज्ञान लेते हुए विद्धान न्यायाधीश ने जेल प्रशासन को तलब करते हुए जवाब दाखिल करने के आदेश दिए थे। अदालती आदेशों पर आज जेल प्रशासन विद्वान न्यायाधीश के समक्ष पेश हुआ था क्लेरिकल मिस्टेक होना स्वीकार किया।

## खबर संक्षेप



### दिल्ली पुलिस का वन टच एप तत्पर लांच

**नई दिल्ली।** इंडिया गेट लॉन में आयोजित एक कार्यक्रम में बुधवार को उपराज्यपाल अनिल बैजल ने दिल्ली पुलिस के वन टच एप तत्पर को लॉन्च किया। इस मौके पर पुलिस कमिश्नर अमूल्य पटनायक समेत कई सीनियर अफसर मौजूद रहे। इस नये एप के जरिये दिल्ली पुलिस की करीब 50 सर्विस सिंगल टच पर उपलब्ध हो जाएगी। इस मौके पर पुलिस कमिश्नर अमूल्य पटनायक ने बताया कि दिल्ली पुलिस के पहले से भी कई एप और वेबसाइट चल रही है। लेकिन तत्पर लेटेस्ट तकनीक से लैस एप है। इसमें करीब 50 सुविधाएं मौजूद है। तीन नई सुविधाएं इसमें जोड़ी गई है।

### अगल-बगल की झुग्गी में सांप के काटने से दो मरे

**नई दिल्ली।** द्वारका नार्थ थानाक्षेत्र में 24 घंटे के भीतर सांप के काटने से एक युवती और एक युवक की मौत हो गई। मृतकों के नाम पूनम व राम केबल बताये गये हैं। दोनों अलग-अलग परिवार से थे, लेकिन एक ही प्लॉट में झुग्गियों में रहते थे। पुलिस की सूचना पर वन विभाग के कर्मचारियों ने सांप की तलाश की लेकिन पकड़ने में सफलता नहीं मिली। मिली जानकारी के अनुसार सर्पदंश की पहली शिकार पूनम हुई। पूनम द्वारका सेक्टर-12 स्थित एक प्लॉट पर बने अस्थायी झुग्गीनुमा कमरे में परिवार के साथ रहती थी। परिवार में माता- पिता के अलावा दो बहनें व एक भाई है। पूनम सबसे बड़ी थी। पूनम घरेलू सहायिका का काम करती थी। 16 सितंबर की रात को पूनम सो रही थी तभी हाथ में सांप ने काट लिया। परिजन डीडीयू अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान मंगलवार को उसकी मौत हो गई। उधर मंगलवार तड़के राम केबल भी उसी प्लॉट पर बनी झुग्गी में दोस्तों के साथ सो रहा था। उसे भी सांप ने कान के पास काट लिया। राम केबल की चीख सुनकर दोस्त जागे। सर्पदंश से उबारने के लिए उसे सपेरे के पास ले जा रहे थे तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया।

## महावत वन विभाग की टीम पर हमला कर लेकर हो गया था फरार

# दो महीने बाद मिली हथिनी लक्ष्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

**महावत गिरफ्तार, आईटीओ स्थित वन विभाग की नर्सरी में भेजा गया**



छह जुलाई को वन विभाग की टीम पर हमला कर दिल्ली की इकलौती बची हथिनी लक्ष्मी को लेकर फरार होने वाले महावत सद्दाम (30) को आखिरकार शकरपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर ही लिया। उसके पास से हथिनी भी बरामद कर ली गई है। फिलहाल हथिनी को आईटीओ स्थित वन विभाग की नर्सरी में रखा गया है। महावत के खिलाफ गैर जमानती वारंट भी जारी हो चुका था। इस केस में हथिनी की मालकिन शबाना को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। जबकि शबाना का पति युसूफ और शाकिर नामक युवक फिलहाल गिरफ्त से दूर है। जानकारी के अनुसार कुछ समय पहले वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत राजधानी में मौजूद सभी हाथियों को वन विभाग की टीम ने अपने कब्जे में लेकर सुरक्षित स्थानों पर भिजवाने की प्रक्रिया शुरू की थी। टीम ने ज्यादातर हाथियों का पता लगा उन्हें अलग-अलग जंगलों में सुरक्षित भिजवा भी दिया गया था। टीम को सूचना मिली थी कि कई दशकों से एक हथिनी लक्ष्मी का मालिक उसे आईटीओ के पास यमुना खादर में रखे हुए है। पिछले साल लक्ष्मी को मदनगीर इलाके में घूमता देख वन विभाग ने पकड़ने की कोशिश भी की थी। लेकिन लक्ष्मी के महावत ने लक्ष्मी को उनके सुपुर्द करने से इनकार कर दिया था। मामला कोर्ट में पहुंचा तो अदालत ने लक्ष्मी को अपने कब्जे में लेने के आदेश दिये। इसके बाद छह जुलाई को टीम पुलिस को साथ लेकर शकरपुर स्थित यमुना खादर में पहुंची। लेकिन लक्ष्मी के मालिक यूसुफ व उसके परिवार ने टीम पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया था। महावत सद्दाम लक्ष्मी को लेकर फरार हो गया था। वन विभाग की टीम की शिकायत पर शकरपुर थाने में सरकारी काम में बाधा, ड्यूटी के दौरान हमला करने समेत कई अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने हथिनी की मालकिन शबाना को गिरफ्तार कर लिया। जबकि यूसुफ, शाकिर और सद्दाम के खिलाफ कोर्ट ने गैर जमानती वारंट जारी किये थे।

### यमुना खादर में 'लक्ष्मी' को लेकर छुपता रहा

आरोपी महावत यमुना खादर में लक्ष्मी को लेकर छुपता रहा। मंगलवार को एक सूचना के बाद आरोपी सद्दाम को पुलिस ने दबोच लिया। उसके पास से लक्ष्मी को भी अपने कब्जे में ले लिया गया। देर रात को पुलिस लक्ष्मी को लेकर शकरपुर थाने पहुंची। रातभर थाने में रखने के बाद बुधवार सुबह वन विभाग की टीम लक्ष्मी को आईटीओ स्थित अपनी नर्सरी में ले गई। उसे सुरक्षित स्थान पर भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## 75 साल के बुजुर्ग ने फांसी लगा दी जान

**नई दिल्ली।** द्वारका जिले के मोहन गार्डन इलाके में बुधवार सुबह एक 75 वर्षीय बुजुर्ग ने फांसी लगाकर जान दे दी। मृतक का नाम सुबोध कुमार पता चला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिये दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल में भिजवा दिया है। पुलिस की शुरुआती जांच में पता चला कि मृतक पांच-छह सालों से डिप्रेशन का शिकार थे। पुलिस के अनुसार सुबोध कुमार अपने परिवार के साथ मोहन गार्डन की गली नंबर-10 के तीन मंजिला मकान में रहते थे। वह होमगार्ड डिपार्टमेंट से रिटायर्ड थे। परिवार में पत्नी लक्ष्मी देवी व तीन बेटे हैं। एक बेटा मुंबई में परिवार के साथ रहता है। पुलिस का कहना है कि मौके पर जांच पड़ताल व पूछताछ के बाद पता चला कि बुजुर्ग मंगलवार रात ग्राउंड फ्लोर के अपने कमरे में खाना खाकर सोए थे। उनकी पत्नी लक्ष्मी देवी बड़े बेटे उदय व उसके परिवार के साथ अन्य फ्लोर पर सोये थे। परिजनों ने सुबह पाया कि सुबोध कुमार का कमरा अंदर से बंद है। बेटा खिड़की से कमरे में दाखिल हुआ तो देखा कि पिता पंखे से लटके हुये हैं। उसने इसकी सूचना अन्य परिजनों को दी, जिसके बाद पुलिस को कॉल की गई। परिजनों का कहना है कि दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल में उनका डिप्रेशन का इलाज चल रहा था। उम्मीद है कि बीमारी से तंग आकर उन्होंने यह कदम उठाया होगा। फिलहाल उनके पास से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है।


**गुमशुदा की तलाश**



**गोपाल गोला**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति (फोटो में प्रदर्शित) जिसका **नाम** गोपाल गोला **पुत्र** स्वर्गीय हुकुम सिंह **निवासी** मकान नं. टीए–32, गुरूद्वारे के पास, पंजाबी बस्ती, बलजीत नगर, आनन्द पर्वत, दिल्ली जो दिनांक 23.08.2019 से लापता है। इस संदर्भ डीडी सं. 104ए दिनांक 05.09.2019 थाना आनन्द पर्वत, दिल्ली में दर्ज है। जिसका शारीरिक विवरण इस प्रकार है:– **उम्र:** 34 साल, **कद:** 5'7'', **रंग** : सांवला, **चेहरा** : गोल, **शरीर** : पतला, **कपड़े** नीले रंग की टी–शर्ट व काले रंग की पेन्ट तथा पैरों में चप्पल पहने हुए है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस लापता व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें। ईमेल: **cic@cbi.gov.in** वेबसाइट **http://cbi.nic.in**

थानाध्यक्ष
थाना आनन्द पर्वत, दिल्ली
मध्य जिला, दिल्ली
दूरभाष 011-28762468, 28764807

फोन: 011-24368638, 24368641
फैक्स नं.: 011-24368639
DP/6577/CD/19


## क्लस्टर बस का कहर, सात वाहन क्षतिग्रस्त, तीन घायल



**नई दिल्ली।** एनएच-9 पर अक्षरधाम मंदिर के पास बुधवार शाम एक बेकाबू क्लस्टर बस की टक्कर से एक के बाद एक सात वाहन आपस में टकरा गये। हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल बताये गये हैं। उनके नाम अखिलेश (21), चंदन (32) और मोहम्मद आमिर (41) हैं। सभी को इलाज के लिए लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में भर्ती करवाया गया। हादसे के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। पांडव नगर पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस को शाम चार बजे एनएच-9 पर सड़क हादसे की सूचना मिली। हादसे के एक चश्मदीद ने बताया कि एनएच-9 पर सराय काले खां से गाजीपुर की ओर जाने वाले मार्ग पर अक्षरधाम के पास जाम लगा हुआ था। इसी दौरान सराय काले खां की ओर से तेज रफ्तार में एक क्लस्टर बस आई और स्कूटी और एक ऑटो में टक्कर मार दी। इसके बाद एक अन्य ऑटो, वैन, मारुति कार और एक छोटा माल वाहन आपस में टकराकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गये। राहगीरों ने बड़ी कोशिश के बाद घायलों को बाहर निकाला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की सहायता से वाहनों को बीच सड़क से उठाकर सड़क किनारे रखा। इस दौरान जाम भी भयावह स्थिति उत्पन्न हो गई थी। पूर्वी जिले के डीसीपी जसमीत सिंह का कहना है कि हादसे में तीन लोग घायल हुए हैं। पुलिस के पास किसी के मृत होने की सूचना नहीं है। बाकी अस्पतालों में घायलों के बारे में पता किया जा रहा है।

## नेपाली युवक की हत्या में लिव इन पार्टनर समेत तीन गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ भाई और रिश्तेदार से करवाई थी हत्या

दक्षिणी-पूर्वी जिले के अमर कॉलोनी थाना इलाके में 10 सितम्बर को हुई नेपाली मूल के सुनील नामक युवक की हत्या में पुसिस ने उसकी लिव इन पार्टनर समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। अन्य दो में युवती का भाई और जीजा शामिल है। पुलिस ने इन्हें पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया। पुलिस उपायुक्त चिन्मय बिश्वाल ने बताया कि पूछताछ में मृतक युवक की लिव इन पार्टनर ने बताया कि कुछ दिनों से उनके बीच अक्सर झगड़ा होता था। वह युवक को छोड़ना चाहती थी। लेकिन सुनील उसे छोड़ने को कतई राजी नहीं था। वह उस पर शादी करने का दवाब बना रहा था। अनीता ने परेशान होकर भाई से मदद मांगी थी। इसके बाद भाई और रिश्तेदार ने सुनील की गर्दन काटकर हत्या कर दी थी। सुनील अनीता के साथ किराए पर रहता था और साकेत स्थित एक रेस्टोरेंट में वेटर के तौर पर नौकरी करता था। पुलिस ने अनीता के बयान पर हत्या की धाराओं में केस दर्ज कर किया था।

### अपने ही बयान में फंसी अनीता

शुरुआती पूछताछ में अनीता ने पुलिस को बताया कि 9 सितम्बर की रात को वह अपनी दोस्त से मिलने के लिए ग्रेटर नोएड़ा गई थी। 10 सितम्बर को दोपहर में जब वह लौटी तो सुनील मृत अवस्था में फर्श पर पड़ा हुआ था। उसने इसकी सूचना मकान मालिक और पुलिस को दी थी। लेकिन जब पुलिस ने उससे सवाल जवाब किये तो उसके बयान में विरोधाभास पाया गया। सख्ती से पूछताछ करने पर उसने जुर्म कबूल लिया।

### सुनील को छोड़ना चाहती थी अनीता

अनीता ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि उसकी दीपक नाम के युवक से शादी हुई थी। लेकिन रोजाना होने वाले झगड़ों व मारपीट के चलते उसने दीपक को छोड़ दिया था। कुछ दिनों के बाद उसकी दोस्ती सुनील से हुई। शुरूआत में तो सब कुछ सही था, लेकिन कुछ दिनों बाद दोनों के बीच विवाद होने लगा। सुनील के पास पैसों की कमी रहती थी। दोनों के बीच छोटी-छोटी बातों को लेकर विवाद होता था। कई बार सुनील अनीता को खाना तक नहीं देता था। जिसके बाद अनीता ने सुनील को छोड़ने का फैसला लिया। लेकिन सुनील उसे नहीं छोड़ रहा था और उल्टा वह उस पर शादी का दवाब बना रहा था। अनीता ने यह बात भाई को बताई। इसके बाद भाई ने वारदात को अंजाम देने के लिये रिश्तेदार को अपने साथ मिलाया और दिल्ली आ गया। पहाड़गंज के होटल में वह दो दिनों तक ठहरा। वारदात की रात वह सुनील के पास रूके। अनीता बहाना बनाकर बाहर चली गई थी। रात को सोते समय सुनील की पीछे से गर्दन काटकर हत्या कर दी गई थी।


**फ्रिक इंडिया लिमिटेड**
FRICK
पंजी. कार्यालय : 21.5 किमी., मेन मथुरा रोड, फरीदाबाद–121003
CIN - L74899HR1962PLC002618, e-mail- fbd@frickmail.com
Ph. 0129-2275691-94, 2270546-47 Fax: 0129-2275695 Web : www.frickweb.com

**सूचना**

एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि सेबी सरकुलर SEBI/HO/MIRSD/ DOS3/ CIR/P/2018 /139 दिनांक 06 नवम्बर 2018 के तहत कम्पनी उसके/उनके नाम(ों) नीचे वर्णितानुसार के समक्ष वहां वर्णित प्रतिभूतिधारक(ों) के नाम(ों) धारित नीचे वर्णित प्रतिभूतियों के हस्तांतरण हेतु निम्नलिखित हस्तांतरिती (यों) से आग्रह प्राप्त कर चुकी है। ये प्रतिभूतियां उसके / उनके द्वारा खरीद किये गये हैं, का दावा किया गया था और उसके / उनके पक्ष में हस्तांतरित नहीं किये जा सके।

| फोलियो नं | धारक(ों)/हस्तांतरणकर्ता का/के नाम | प्रतिभूति प्रकार और प्रत्यक्ष मूल्य | प्रतिभूतियों की संख्या | डिस्टिंक्टिव नं. से तक | हस्तांतरिती (यों) का / के नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| N168 | नटवरलाल मानेकलाल ठक्कर | रु. 10/- | 25 इक्विटी शेयर | 502926- 502950 | बाबूभाई जे शाह चिराग बी शाह |
| P215 | प्रफुल नटवरलाल ठक्कर | रु. 10/- | 25 इक्विटी शेयर | 516326-516350 | बाबूभाई जे शाह चिराग बी शाह |

*उपरोक्त प्रतिभूतियों के सम्बन्ध में कोई दावा रखने वाला कोई भी व्यक्ति ऐसा दावा, इस तिथि से 30 दिन के अंदर इसके पंजीकृत कार्यालय में कम्पनी के पास ऐसे दावे के समर्थन में उनके उपयुक्त दस्तावेज साक्ष्यों सहित ऐसा दावा कर सकता है, नहीं तो कम्पनी आगे कोई सूचना दिये बिना उक्त प्रस्तावित हस्तांतरिती(यों) के पक्ष में प्रतिभूतियों के हस्तांतरण के लिये कार्यवाही करेगी।*

कृते फ्रिक इंडिया लिमिटेड
हस्ता/–
गिरीश कुमार गक्खड़
कम्पनी सचिव
सदस्यता सं. ए 27170

स्थान : फरीदाबाद
दिनांक : 18 सितम्बर 2019


## भाजपा नेता स्पा सेंटरों पर कार्रवाई नहीं होना देना चाहते : स्वाति

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के स्पा सेंटरों में चल रहे सेक्स रैकेट मामले में एडवाइजरी जारी करने में यूटर्न लेने पर बुधवार को दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल दक्षिणी दिल्ली नगर निगम और भाजपा पर जमकर बरसीं। उन्होंने कहा कि दिल्ली भाजपा के कुछ बड़े नेता स्पा रूपी सेक्स रैकेट पर कार्रवाई नहीं होने देना चाहते हैं। उन्होंने मांग की है कि स्पा सेंटर के संचालन में राजनितिक लोगों की भूमिका की भी जांच की जानी चाहिए। साथ ही साथ उन्होंने दिल्ली भाजपा से पांच प्रश्नों जवाब भी मांगे। स्वाति ने अपने सवालों में पूछा कि उस नेता का क्या नाम है जो स्पा पे कार्रवाई से परेशान है, भाजपा दिल्ली के नेता के कितने स्पा चल रहे हैं, क्या स्पा से भाजपा दिल्ली के फंड से पैसा जाता है, टूरिज्म का स्पा से क्या लेना देना है? क्या भाजपा दिल्ली को बैंकॉक बनाना चाहती है और किस स्पा के मालिक का कॉल भाजपा नेता को आया, क्या लिंक है इनके, किसी नेता की चिन्मयानन्द जैसी वीडियो तो नहीं है जो डर रहे हैं। स्वाति मालीवाल ने बुधवार को प्रेसवार्ता में कहा कि उन्होंने पिछले दिनों में कई स्पा सेंटरों का निरीक्षण करके उनमें चल रहे सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया था। इस कार्रवाई के बाद दक्षिणी नगर निगम ने स्पा सेंटरों के लिए एक एडवाइजरी जारी करने की बात की थी, जिसमें लाइसेंस प्रक्रिया में बदलाव, क्रॉस जेंडर मसाज पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने जैसे कई बिंदु शामिल थे लेकिन बुधवार को मीडिया में खबर आई कि दिल्ली बीजेपी के कुछ बड़े नेताओं के हस्तक्षेप के बाद दक्षिणी दिल्ली नगर निगम ने यह एडवाइजरी जारी नहीं कर रही है। वहीं दक्षिणी निगम में नेता सदन कमलजीत सहरावत का कहना है कि स्पा सेंटर मामले में हम नियमानुसार कार्य कर रहे हैं।

## इंश्योरेंस पॉलिसी के नाम पर लगाया चूना

# रिटायर्ड कर्नल से ठगे एक करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



एक रिटायर्ड कर्नल से एक करोड़ रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। शिकायत पर आर्थिक अपराध शाखा ने केस दर्ज कर ठगों की तलाश शुरू कर दी है। शुरुआती जांच में पता चला कि ठगों के पास सेना के कई कर्मियों और अफसरों की अहम जानकारियां हैं। पुलिस इस मामले में इंटेलीजेंस एक्सपर्ट्स से भी मदद ले रही है। पुलिस के मुताबिक पीड़ित रिटायर्ड कर्नल जीएम खान परिवार के साथ पुणे में रहते हैं। पिछले दिनों उनके मोबाइल पर एक शख्स का कॉल आया। कॉलर ने उनकी बैंक डिटेल के साथ ही पारिवारिक व इंश्योरेंस पॉलिसी से जुड़ी अहम जानकारियां शेयर कर लुभावनी स्कीम बताकर अपने जाल में फंसा लिया। ठगों ने उन्हें बताया कि आर्मी ग्रुप इंश्योरेंस फंड में उनकी पॉलिसी पर मिलने वाले 30-40 हजार रुपये ब्याज को वह तीन-चार लाख रुपये में हासिल कर सकते हैं। पीड़ित का भरोसा जीतकर आरोपियों ने अलग-अलग मदों में उनसे अपने खातों में रुपये ट्रांसफर करवाना शुरू किया। जब रकम एक करोड़ से ज्यादा पहुंच गई तक खान को ठगी का अहसास हुआ और उन्होंने एजीआईएफ से शिकायत की। जिसके बाद एजीआईएफ की ओर से कर्नल सोमेश जसवाल ने आर्थिक अपराध शाखा से शिकायत की। छानबीन के बाद मामला दर्ज कर लिया गया। सोमेश ने बताया कि सेना के अन्य लोगों को भी इसी तरह की कॉल आ रही है। पुलिस को जल्द इस संबंध में कार्रवाई कर आरोपियों को गिरफ्तार करना चाहिए।

### द ग्रैंड साड़ी फेयर 20 से

**नई दिल्ली।** दस्तकार और दिल्ली पर्यटन द्वारा आयोजित द ग्रैंड सारी फेयर, 20 सितंबर से 28 सितम्बर तक नेचर बाजार वेन्यू, नई दिल्ली में आयोजित किया गया है। इस मेले में मंगलगिरि, बाटिक, ब्लॉक प्रिंटिंग, मधुबनी, रेशम की बुनाई, इकत बुन, असम से आदिवासी बुन, ब्लॉक प्रिंट हैंडवॉवन साड़ी, कलमकारी, ब्लॉक प्रिंट, शिबोरी, इकत बुन, बनारसी, चिकनकारी, चंदेरी खादी, कोटा, तालियां, चिथड़े, कोटपाड़, पटोला, सुजनी कढ़ाई, लिनन, और कपास बुन की साड़ियां उपलब्ध है।

## कंपनी को 86 लाख का चूना लगाकर कर्मचारी फरार

**नई दिल्ली।** पटेल नगर में वीजा कंसल्टेंट फर्म के चार कर्मचारियों ने जालसाजी कर अपनी ही कंपनी के खाते से 86 लाख रुपये उड़ा लिये। ऑडिट होने पर इस हेराफेरी का पता चला। कंपनी ने कर्मचारियों से पूछताछ की तो तीन कर्मचारी रुपये लौटाने को तैयार हो गए जबकि चौथा आरोपी फरार है। कंपनी के एमडी की शिकायत पर पटेल नगर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक निजी कंपनी का पटेल नगर इलाके में दफ्तर है। कंपनी के बड़े-बड़े कॉरपोरेट क्लाइंट हैं। कंपनी के एमडी ने मंगलवार को पुलिस को सूचना दी कि उनकी कंपनी के खाते में 86 लाख रुपये की हेराफेरी की गई है। इसका पता पिछले तीन माह के ऑडिट के बाद चला। इस अवधि में 14 लाख रुपये गायब हुए थे। छानबीन की गई तो कंपनी के तीन अकाउंटेंट और एक एडमिन की मिलीभगत का पता चला। इसके बाद करीब डेढ़ साल का ऑडिट करवाया तो पता चला कि इन कर्मचारियों ने अब तक 86 लाख से अधिक की रकम की साफ की है। तीन कर्मचारियों से पूछताछ करने पर अपना अपराध स्वीकार कर लिया। कंपनी के दो कर्मचारियों ने साढ़े 21-21 लाख रुपये दे भी दिए। बाकी तीसरे कर्मचारी ने पांच लाख रुपये लौटा दिए। बाकी रुपये देने के लिए उसने समय मांगा। एक अन्य कर्मचारी अजय तिवारी ने रुपये देने में आनाकानी शुरू कर दी। कुछ समय बाद वह फरार हो गया। पुलिस अब उसकी तलाश कर रही है।


**अधीक्षक जेल, जिला जेल गुरुग्राम**

**निविदा सूचना**

जिला जेल गुरुग्राम में आउटसोर्सिंग पॉलिसी भाग–1 के माध्यम से केवल एक वर्ष अथवा नियमित चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति तक, जो भी पहले हो, 21 स्वीपर्स की नियुक्ति हेतु पंजीकृत सेवाप्रदाता एजेंसियों से मोहरबंद उद्धरण आमंत्रित किये जाते हैं। इच्छुक पंजीकृत सेवाप्रदाता एजेंसियां एतद् द्वारा अपने मोहरबंद उद्धरणों के साथ अधीक्षण जिला जेल, गुरुग्राम के कार्यालय में 20.09.2019 को पूर्वा. 11.00 बजे उपस्थित होने के लिये एतद् द्वारा आमंत्रित हैं। सभी मोहरबंद उद्धरण उनकी उपस्थिति में 20.09.2019 को पूर्वा. 11.00 बजे खोले जाएंगे। इस सम्बन्ध में अन्य सम्बन्धित जानकारी और शर्तें स्थल पर उपलब्ध करवाई जाएंगी।

अधीक्षक जेल
जिला जेल गुरुग्राम

पीआरडीएच–1277/11/105/1920/78821 दि. 18.09.19



**M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN COMPANY LTD.**
(Government of M.P. Undertaking)
OFFICE OF THE GENERAL MANAGER GUNA, POWER HOUSE CAMPUS , STATION ROAD, GUNA-473001
Phone No. : 0754- 259401, Fax No. : 0754-259405

**NOTICE INVITING E-TENDERS**

E-tender is invited from eligible electrical contractors who are registered through "ANUBANDH" portal of MPMKVVCL, for the following electrical work

| Tender Specification | Particulars | Approx. value of Tender (In Lakh) | Tender Fee (Rs.) | Date of online Sale of Bid Documents | Date of Opening of Bid Online |
|---|---|---|---|---|---|
| NIT No. GM/GNA/ works/2019/5517 Guna, Date 16.09.2019 | Porviding New Earthing arrangment at 33/11 KV Seinboard S/s under Guna Circle. | 4.48 (Inclusive of all taxes) | 448/- GST @12 % = 502/- | 17.09.2019 10.30 Hrs upto 01.10.2019 16:00 Hrs | 03.10.2019 |
| NIT No. GM/GNA/ works/2019/5524 Guna, Date 16.09.2019 | Porviding New Earthing arrangment at 33/11 KV Chanderi S/s under Guna Circle. | 4.48 (Inclusive of all taxes) | 448/- GST @12 % = 502/- | 20.09.2019 10.30 Hrs upto 05.10.2019 16:00 Hrs | 07.10.2019 |
| NIT No. GM/GNA/ works/2019/5525 Guna, Date 16.09.2019 | Porviding New Earthing arrangment at 33/11 KV Bamori S/s under Guna Circle. | 4.87 (Inclusive of all taxes) | 487/- GST @12 % = 545/- | 20.09.2019 10.30Hrs upto 05.10.2019 16:00 Hrs | 07.10.2019 |

Interested bidders are required to visit **www.mptenders.gov.ln.** in for necessary bidding details, qualifying requirements and terms & conditions and also on company's website **portal.mpcz.in**
M.P. Madhyam/95201/2019 — GENERAL MANAGER (O&M)



**हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग**
बेज नं. 67–70, सेक्टर–2, पंचकूला–134154
(www.hssc.gov.in)

**घोषणा**

**विज्ञा. सं. 12/2015, श्रेणी सं. 04 के तहत विभिन्न बोर्डो/निगमों/विभागों हेतु जूनियर स्केल स्टेनोग्राफर (अंग्रेजी) के पद हेतु अन्तिम परिणाम**

विभिन्न बोर्डो/निगमों और विभागों हेतु विज्ञा. सं. 12/2015, श्रेणी सं. 04 के तहत जूनियर स्केल स्टेनोग्राफर (अंग्रेजी) के पद हेतु लिखित परीक्षा (ऑनलाईन कम्प्यूटर आधारित), शॉर्टहैंड एवं ट्रांसक्रिप्शन परीक्षा और दस्तावेजों की संवीक्षा तथा साक्षात्कार / मौखिक परीक्षा के आधार पर आयोग ने परिणाम को अन्तिम रूप दे दिया है और घोषित कर दिया है। परिणाम अनुक्रमांकवार और श्रेणी–वार दर्शाया गया है और प्रत्येक श्रेणी में अन्तिम चयनित उम्मीदवार द्वारा प्राप्त किये गये अंक कोष्ठक में दर्शाये गये हैं।

**श्रेणी सं. 04, जूनियर स्केल स्टेनोग्राफर (अंग्रेजी) कुल 29 पद**

**सामान्य (08 पद)**
1215402356 1215405358 1215404267 1215403055 1215406250
1215400389 1215403662 1215405733
(134)

**सामान्य प्रतीक्षारत**
1215408047 1215406780 1215404899 1215406172 1215400083
1215410892 1215410812 1215403709 1215411088 1215403510
(127)

**एससी (04 पद)**
1215411277 1215405572 1215400365 1215407644
(116)

**एससी प्रतीक्षारत**
1215407792 1215400579 1215407652
(108)

**बीसीए (04 पद)**
1215407484 1215403505 1215404464 1215410993
(128)

**बीसीए प्रतीक्षारत**
1215408771
(121)

**बीसीबी (01 पद)**
1215408622
(132)

**ईएसएम सामान्य (03 पद)**
1215404672 1215401554 1215405735
(96)

**ईएसएम एससी (01 पद)**
1215410902
(113)

**ईएसएम बीसीए (01 पद)**
1215401054
(124)

**ईएसएम बीसीबी (01 पद)**
1215406989
(122)

**ओएसबी एससी (01 पद)**
1215410612
(113)

**ओएसबी बीसीए (01 पद)**
1215411739
(123)

**चयन हेतु अपनाया गया मानदंड**
1) लिखित परीक्षा ........................ 200 अंक
2) साक्षात्कार मौखिक परीक्षा ........................ 25 अंक
कुल :- 225 अंक

टिप्पणी :- 1. ईबीपीजी श्रेणी (04 पद) का परिणाम सीएम–5052–सीडब्ल्यूपी–2019 में / और सीडब्ल्यूपी सं. 7607/2019 में माननीय पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय आदेश दिनांक 16.05.2019 के अनुपालन में रोक दिया गया है। ईबीपीजी श्रेणी उम्मीदवारों पर, जिन्होंने आयु छूट का लाभ प्राप्त किया है, को छोड़कर सामान्य रिक्तियों के तहत विचार किया गया है।
2. यद्यपि परिणाम तैयार करने और अपलोड करने में पूर्ण सावधानी बरती गई है, अनजाने में / तकनीकी त्रुटियों की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। आयोग इसे बाद में सुधारने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
3. परिणाम एचएसएससी की वेबसाइट अर्थात् www.hssc.gov.in पर भी उपलब्ध है।

हस्ता/– सचिव
हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग
दिनांक : 17.09.2019

संवाद विज्ञा. सं. 1159/13/183/1920/78817 दि. 18.09.19

## खबर संक्षेप

### शिवपाल जसवंतनगर से लड़ेंगे विस उप चुनाव

**इटावा।** समाजवादी पार्टी ने इटावा के जसवंतनगर से पार्टी के विधायक शिवपाल सिंह यादव की विधानसभा सदस्यता रद कराने की प्रक्रिया आरंभ कर दी है। इसी बीच प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (लोहिया) के अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव ने भी अपनी आगे की तैयारी शुरू भी कर दी है। समाजवादी पार्टी ने विधानसभा में शिवपाल सिंह यादव के जसवंतनगर सीट से सपा विधायक को लेकर आपत्ति दर्ज करा दी है। ऐसा माना जा रहा है कि विधानसभा अध्यक्ष इसपर जल्द ही कोई फैसला ले सकते हैं।

### स्कूली छात्र ने चौथी कक्षा के बच्चे को चाकू मारा

**मुजफ्फरनगर।** यूपी के शामली जिले में मामूली विवाद पर स्कूली छात्र ने चौथी कक्षा के छात्र को चाकू मार दिया। पुलिस ने बुधवार को बताया कि पीड़ित अमीर (9) पर मंगलवार को तीसरी कक्षा के छात्र ने हमला किया, जब वे जलालाबाद शहर में स्कूल से अपने घर लौट रहा था। जलालाबाद पुलिस चौकी के प्रभारी पवन सैनी ने बताया कि गंभीर हालत में आमिर को अस्पताल ले जाया गया। अमीर को चाकू मारने वाला आठ वर्षीय छात्र फरार है व उसे पकड़ने के लिए तलाश चल रही है।

### नेपाल के रास्ते भारत आया विदेशी नागरिक गिरफ्तार

**महाराजगंज।** फर्जी दस्तावेजों के आधार पर भारत में प्रवेश करने पर विदेशी नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। सोनौली चौकी पर तैनात अधिकारी मिथिलेश कुमार ने बताया कि मंगलवार शाम को सोनौली क्षेत्र में ईरानी मूल के शेफेर कायानी को गिरफ्तार किया गया। वह नेपाल के रास्ते भारत आया था। जब उसके पासपोर्ट व वीजा कागजों की जांच की गई तो वे फर्जी मिले। विदेशी नागरिक पर मामला दर्ज किया गया है तथा खुफिया विभाग को इसकी जानकारी दे दी गई है।

## शाहजहांपुर पीड़िता का सरकार से उठा भरोसा

# चिन्मयानंद अरेस्ट न हुए तो कर लूंगी आत्मदाह!

एजेंसी ⏭ शाहजहांपुर (उप्र)

पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वामी चिन्मयानंद पर बलात्कार का आरोप लगाने वाली पीड़िता ने मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज कराने के बाद उनकी जल्द गिरफ्तारी की मांग करते हुए बुधवार को कहा कि अगर सरकार इंतजार कर रही है कि वह खुद ही मर जाए तो वह खुद पर मिट्टी का तेल छिड़ककर आग लगा लेगी।

पीड़िता ने कहा कि मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान होने के तीसरे दिन भी ना तो बलात्कार, न ही शारीरिक शोषण की रिपोर्ट दर्ज की गई है व ना ही चिन्मयानंद को गिरफ्तार किया गया है। उसने कहा कि ऐसे में सरकार अगर इंतजार कर रही है कि वह खुद मर जाए व उसके परिवार को कुछ हो जाए तो वह खुद पर मिट्टी का तेल छिड़ककर आग लगा लेगी।

> मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान होने के तीसरे दिन भी ना तो बलात्कार व न ही शारीरिक शोषण की रिपोर्ट दर्ज की गई है और ना ही चिन्मयानंद को गिरफ्तार किया गया है। - पीड़ित छात्रा



■ मामले पर बेटी व बेटे के साथ वकीलों से परामर्श करेंगे पिता

### एसआईटी भी नहीं दे रही जानकारी: पीड़िता के पिता

पीड़िता के पिता का कहना है कि मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान होने के बाद भी चिन्मयानंद को गिरफ्तार न करना व उसके विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज न करना कहां तक सही है। पिता ने कहा कि विशेष जांच दल (एसआईटी) भी उन्हें कोई जानकारी नहीं दे रहा है। ऐसे में वह अपनी बेटी व बेटे के साथ वकीलों से परामर्श करेंगे।

### चिन्मयानंद मेडिकल कॉलेज में भर्ती

**शाहजहांपुर।** स्वामी चिन्मयानंद की हालत ज्यादा खराब होने की वजह से बुधवार को उन्हें शाहजहांपुर के राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। मेडिकल कॉलेज के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर एम. पी. गंगवार ने बताया कि स्वामी चिन्मयानंद की हालत खराब होने पर मेडिकल कॉलेज लाया गया है। उन्होंने बताया कि स्वामी को आठ नंबर वार्ड में भर्ती कर लिया गया है।

### एसआईटी ने स्वामी शुकदेवानंद विधि महाविद्यालय से मांगे भूमि के कागजात और कुछ छात्रों का शैक्षिक रिकार्ड

एसआईटी ने स्वामी शुकदेवानंद विधि महाविद्यालय जिस जमीन पर बना है, उसके अभिलेख, खसरा खतौनी आदि मांगे हैं। इसके अलावा कुछ छात्रों का शैक्षिक रिकार्ड भी मांगा है। गौरतलब है स्वामी शुकदेवानंद विधि महाविद्यालय में पढ़ने वाली एलएलएम की छात्रा ने 24 अगस्त को वीडियो वायरल कर स्वामी चिन्मयानंद पर शारीरिक शोषण व कई लड़कियों की जिंदगी बर्बाद करने के आरोप लगाए एवं उसे तथा उसके परिवार को जान का खतरा बताया था। मामले में पीड़िता के पिता ने कोतवाली शाहजहांपुर में मामला दर्ज कर लिया गया था।

# अटल ने झारखंड बनाया, मोदी ने इसे सजाया-संवारा है: शाह

झारखंड विस चुनाव: भाजपा ने संथाल परगना से 'जोहार जन आशीर्वाद यात्रा' का शुभारंभ किया

एजेंसी ⏭ जामताड़ा

केंद्रीय गृह मंत्री व भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने बुधवार को कहा कि जहां देश के पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी ने झारखंड राज्य का निर्माण किया वहीं वर्तमान पीएम नरेंद्र मोदी ने इसे पांच वर्षों के भीतर एक लाख, 45 हजार 345 करोड़ रुपये, अन्य संसाधन उपलब्ध कराके सजाया संवारा है। झारखंड में वर्ष के अन्त में होने वाले विधानसभा चुनावों के मद्देनजर बुधवार को केंद्रीय गृह मंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के गढ़ रहे राज्य के संथाल परगना से 'जोहार जन आशीर्वाद यात्रा' का शुभारंभ किया व इस अवसर पर आयोजित जनसभा में झारखंड के साथ सौतेले व्यवहार व यहां लगातार राजनीतिक अस्थिरता के लिए कांग्रेस व झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) पर जोरदार हमला बोला। विस चुनावों का बिगुल फूंकते हुए शाह ने कांग्रेस व उसके सहयोगी दलों से पूछा कि आखिर उन्होंने झारखंड के विकास के लिए क्या किया?

शाह ने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली संप्रग सरकार ने तेरहवें वित्त आयोग के माध्यम से झारखंड को सिर्फ 55200 करोड़ रुपये दिये थे जबकि पीएम मोदी के शासन काल में चौदहवें वित्त आयोग ने राज्य को पांच वर्षों में ढाई गुना से अधिक एक लाख 45 हजार 345 करोड़ रुपये दिये। यही कारण है कि मुझे यह कहने में कोई संकोच नहीं है कि पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी ने झारखंड राज्य का निर्माण किया था व मोदी ने इसे सजाया व संवारा है।




■ शाह ने झारखंड के साथ सौतेले व्यवहार व राजनीतिक अस्थिरता के लिए कांग्रेस व झामुमो पर जोरदार हमला बोला

### भाजपा ने किया है चौतरफा विकास

शाह ने कांग्रेस से सवाल किया कि पचपन वर्षों के शासनकाल में आखिर कांग्रेस ने झारखंड व जनता को क्या दिया? सिर्फ गरीबी, लाचारी व नक्सलवाद? भाजपा के अर्जुन मुंडा के नेतृत्व में राज्य में पहले भी तीन बार सरकारें बनीं, उसे चलने नहीं दिया। जब 2014 में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई तो पिछले पांच वर्षों में राज्य में केंद्र व राज्य की डबल इंजन की सरकार ने चौतरफा विकास किया है।

### शाह ने संथाल परगना के लोगों से मांगा समर्थन

शाह ने कहा कि जन आशीर्वाद यात्रा संथाल से प्रारंभ हो रही है और यह राज्य की सभी 81 विधानसभा सीटों से गुजरेगी। उन्होंने संथाल परगना के लोगों से अपील की कि वह क्षेत्र की सभी 18 सीटें भाजपा की झोली में डालें।

### सरकार के पांच वर्षों के कामकाज का लेखाजोखा दिया

शाह ने कहा कि गत पांच वर्षों में 29 लाख आदिवासी माताओं को उज्ज्वला योजना के तहत मुफ्त गैस सिलिंडर बांटे गये। अब उन्हें राज्य सरकार दूसरा गैस सिलिंडर भी मुफ्त दे रही है। देवघर में संथाल परगना के लोगों को ध्यान में रखते हुए एम्स बनाया जा रहा है। राज्य में नक्सलवाद लगभग अंत की ओर है। राज्य सरकार ने रघुवर दास के नेतृत्व में तीस लाख परिवारों को बिजली कनेक्शन दिये हैं, पीएम आवास योजना के तहत मकान बनाये हैं, लाखों की संख्या में शौचालय बनाये हैं, लाखों घरों में पानी का कनेक्शन दिया है। भाजपा अपने सरकार के पांच वर्षों के कामकाज का लेखाजोखा दे रही है, यूपीए भी अपने कार्यों का ब्यौरा दे।

### पीएम ने अनुच्छेद 370 के प्रावधान रद कर पाक को उसकी जगह दिखाई, राहुल भी स्पष्ट करें राय

पीएम मोदी ने अनुच्छेद 370 व 35ए के प्रावधानों को रद्द कर पाकिस्तान को उसकी जगह दिखा दी है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी को स्पष्ट करना चाहिए कि अनुच्छेद 370 पर वह केंद्र के फैसले के पक्ष में हैं या नहीं।

### दान की राशि चुराने के मामले में दो कर्मी धरे

**मथुरा।** जिले में वृंदावन के बांकेबिहारी मंदिर प्रबंधन ने दो कर्मियों को चढ़ावे में आई राशि की गिनती के दौरान रुपए छिपाकर रखते हुए पकड़ लिया, उन्हें पुलिस को सौंप दिया। कर्मियों से चोरी किए गए 27,500 रुपए मिले हैं। दो कर्मी हरिप्रसाद, अमित पकड़े गए।

## तबरेज मामले में पुलिस ने पूरक आरोप पत्र दाखिल कर हत्या की धारा लगाई

एजेंसी ⏭ रांची

पुलिस ने बहुचर्चित तबरेज अंसारी के साथ भीड़ की हिंसा मामले में बुधवार को दायर पूरक आरोपपत्र में उसके पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर वरिष्ठ चिकित्सकों की राय के आधार पर सभी 11 आरोपियों पर एक बार फिर से हत्या की धारा लगा दी है।

इसके साथ ही पुलिस ने बुधवार को दो अन्य आरोपियों के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किये व उनके खिलाफ भी हत्या की धारा कायम रखी गयी है। राज्य के पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सरायकेला-खरसांवा की अदालत में पुलिस ने इन 11 आरोपियों के खिलाफ पूरक आरोप पत्र दाखिल किये। इसके



अलावा मामले के दो अन्य आरोपियों विक्रम मंडल और अतुल महली पर पुलिस ने आरोप पत्र दाखिल किये व उनके खिलाफ भी भारतीय दंड संहिता की अन्य धाराओं के साथ हत्या की धारा 302 के तहत मामला बनाया गया है। पुलिस ने बताया कि महात्मा गांधी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज, जमशेदपुर के विशेषज्ञों की राय मिलने के बाद सभी आरोपियों पर फिर से आरोप पत्र में 302 लगाने का निर्णय लिया गया क्योंकि उनकी रिपोर्ट में कहा गया था कि तबरेज को दिल का दौरा उसे हड्डियों में लगी चोट व हृदय में खून एकत्रित होने के कारण पड़ा। इससे पहले अपराध विज्ञान प्रयोगशाला की रिपोर्ट में तबरेज की मौत का कारण सिर्फ दिल का दौरा पड़ना बताया गया था जिसके आधार पर पुलिस ने मामले में पहले 11 आरोपियों पर दाखिल आरोप पत्र में हत्या की धारा 302 के स्थान पर भारतीय दंड संहिता की धारा 304 लगाई थी जिसका आशय था कि हत्या गैर इरादतन थी।

## आर्मी चीफ ने केदारनाथ में पत्नी संग की पूजा



देहरादून। आर्मी चीफ जनरल बिपिन रावत के साथ उनकी पत्नी मधुलिका रावत ने भी केदारनाथ धाम में पूजा-अर्चना की। केदार दर्शन और पूजा के बाद जनरल रावत जोशीमठ के लिए रवाना हुए। बुधवार रात जोशीमठ प्रवास के बाद गुरुवार को वह गंगोत्री धाम जाएंगे।

## राशिफल 19 सितंबर 2019



डॉ. प्रेम कुमार शर्मा
ज्योतिषी, हस्तरेखा, न्यूमेरोलॉजिस्ट और वास्तु सलाहकार
Email: psharma@premastrologer.com
Ph. 01147033152/40532026 Saket New Delhi-17

**मेष** : किसी चीज को लेकर बचत करने की सोच सकते हैं। कर्मचारी सैलरी बढ़ाने की मांग कर सकते हैं। कोई सदस्य किसी चीज को लेकर आप पर दबाव बना सकता है। **शुभ अंक**: 15, **रंग** : इंडिगो।

**वृष**: कार्यक्षेत्र पर सीनियर्स आपके काम से प्रभावित नहीं होंगे। परिवार के साथ समय बिताकर अच्छा महसूस करेंगे। प्रॉप्टर्टी से जुड़े लोगों के लिए समय अच्छा है। चिंताएं दूर होंगी। **शुभ अंक**: 7, **रंग**: मरुन।

**मिथुन**: कार्यक्षेत्र पर चीजों को पूरा करने की कोशिश करें। परिवार के साथ कहीं घूमने का प्लान बना सकते हैं। प्रॉप्टर्टी का कोई मामला आपके पक्ष में आएगा। **शुभ अंक** : 2, **रंग**: नारंगी।

**कर्क**: आय के नए स्त्रोत खुलेंगे। कार्यक्षेत्र पर किसी से बनाकर रखना फायदेमंद रहेगा। परिवार में शांति का माहौल बनाने के लिए मेहनत करनी पड़ेगी। यात्रा के योग हैं। **शुभ अंक**: 17, **रंग**: डार्क टरक्वॉइश।

**सिंह**: कार्यक्षेत्र पर आपके काम की तारीफ होगी। रोमांस करने के मौके मिलेंगे। आज के प्रॉप्टर्टी से जुड़ा कोई काम ना करें। बचपन के दोस्त से मिलकर पुरानी यादें ताजा होंगी। **शुभ अंक**: 18, **रंग**: गोल्डन ब्राउन।

**कन्या**: काम को पूरा करने में सहयोगी की मदद ले सकते हैं। परिवार में विवादास्पद मामला ना उठाएं। खानदानी घर की मरम्मत करा सकते हैं। किसी से भावनात्मक लगाव हो सकता है। **शुभ अंक**: 3, **रंग**: वॉयलेट।

**तुला**: कार्यक्षेत्र पर समस्याएं हो सकती हैं। परिवार में कोई आपके लिए अच्छा करेगा। यात्रा पर जाकर थकान हो सकती है। किसी प्रॉप्टर्टी की खरीददारी कर सकते हैं। **शुभ अंक**: 15, **रंग** : पीच।

**वृश्चिक**: परिवार के ज़्यादा करीब महसूस करेंगे। खूबसूरत जगह जाने का प्लान बना सकते हैं। मकान किराए पर दे सकते हैं। गलतफहमी के चलते मूड खराब हो सकता है। **शुभ अंक**: 7, **रंग** : ऑफ व्हाइट।

**धनु**: कार्यक्षेत्र पर चली आ रही समस्या दूर होगी। परिवार के किसी सदस्य को आपकी मदद की जरुरत है। किसी प्रॉप्टर्टी को देखने में व्यस्त रहेंगे। नए घर की पार्टी दे सकते हैं। **शुभ अंक** : 22, **रंग**: लेवेंडर।

**मकर**: कार्यक्षेत्र पर आपके विचार से सभी सहमत होंगे। परिवार के किसी बड़े के निर्णय का सम्मान करें। खानदानी धन मिलने के योग हैं। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। **शुभ अंक** : 4, **रंग**: टरक्वॉइश।

**कुंभ** : सकार्यक्षेत्र पर सभी आपके काम की तारीफ करेंगे। परिवार के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। खानदानी प्रॉप्टर्टी मिलने के योग हैं। कोई आपकी भावनाओं को चोट पहुंचा सकता है। **शुभ अंक** : 1, **रंग**: गुलाबी।

**मीन**: परिवार के साथ अच्छा महसूस करेंगे। प्रॉप्टर्टी से जुड़ा मामला आपके पक्ष में आएगा। सामाजिक कामों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। जीवनसाथी से मनमुटाव हो सकता है। **शुभ अंक** : 8, **रंग** : मैटेलिक ब्लू।

**:टिप्स:**

1. सोने के सिक्के और सिल से भरा हुआ जहाज चाइना में बहुत ही शुभ माना जाता है। इसका इस्तेमाल व्यापार में सफलता के लिए किया जाता है।
2. एक बहुमुखी क्रिस्टल अपने घर के बीचों बीच टांगे, यह आपके माथे तक लटकता हुआ होना चाहिए। इसका सकारात्मक प्रभाव समूचे घर में रहेगा।
3. प्रोफेशन या घर-परिवार में समृद्धि, विकास के लिए कार्यस्थल या घर में हिरण का चित्र या मूर्ति रखें। ऐसा कर आप कार्य में गतिशीलता ला सकते हैं।



टिप्स : मनीषा कौशिक, ज्योतिषि, टैरो कार्ड
Contact: +91-11-26449898, 26489899

### उद्घाटन करने पहुंचे विधायक को महिलाओं ने बनाया बंधक

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में ब्लॉक ऑफिस का उद्घाटन करने पहुंचे बीजेपी विधायक डॉ. जीतू चरण राम जनता के बीच फंस गए. आलम ये हो गया कि जिस दफ्तर का उन्होंने उद्घाटन किया उसी में उन्हें बंधक बना लिया गया। बीजेपी विधायक डॉ. जीतू चरण राम का विरोध कर रही महिलाओं ने उन्हें घेर लिया व दफ्तर का चैनल गेट बंद करके उसके सामने खड़े हो गई। विधायक समर्थकों के साथ इन लोगों की धक्कामुक्की भी हुई। बाद में पुलिस की दखल से विधायक जी बाहर निकाला गया। इसके बाद महिलाओं ने विधायक के खिलाफ प्रदर्शन और नारेबाजी की। इस दौरान जब विधायक ने प्रदर्शनकारियों को समझाने की कोशिश की तो पंचायत प्रतिनिधियों ने कार्यालय के मेन गेट के ग्रिल पर ताला जड़ दिया। इस दौरान विधायक समर्थक के साथ पंचायत प्रतिनिधियों की नोकझोंक होती रही। महिलाएं इलाके में विकास कार्यों की उपेक्षा से नाराज थी। महिलाओं ने कहा कि इलाके में विकास के काम ठप पड़े हुए हैं। बता दें कि कुछ ही दिनों के बाद झारखंड में विधानसभा चुनाव होने हैं। राज्य में पिछले पांच सालों से बीजेपी की सरकार है।

## 'पिंड दान' अनुष्ठान...



**बोधगया।** 'पितृ पक्ष' के छठे दिन, पूर्वजों के उद्धार के लिए 'पिंड दान' अनुष्ठान करते लोग।

### बिहार में भाजपा को मजबूत करूंगा: संजय जायसवाल

**नई दिल्ली।** बिहार में अगले विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री पद के चेहरे को लेकर प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल ने कहा कि इसका फैसला बीजेपी आलाकमान और संसदीय बोर्ड करेगा। जायसवाल ने कहा, 'मैं इसमें कुछ नहीं कह सकता। मैं भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बना हूं। मेरा दायित्व है कि प्रदेश के हर बूथ पर भाजपा को मजबूत किया जाए। मैं अपने दायित्व का पालन बड़ी ईमानदारी से करूंगा। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल ने कहा, 'मेरा यह फील्ड नहीं है कि कौन क्या होगा। मेरा यह दायित्व है कि बिहार में भाजपा को मजबूत करना है और यही मैं करूंगा। बाकी सारे काम केंद्रीय नेतृत्व करेगा। जो मेरे बस में है वह मैं कह सकता हूं। जो मेरे बस के बाहर है उस पर मैं कभी टिप्पणी नहीं करता हूं। भाजपा के जो भी कार्य और जो भी कार्यशैली होगी, उसके हिसाब से मैं काम करूंगा. बिहार में भाजपा को मजबूत करने का काम करूंगा। संजय जायसवाल ने कहा, 'बीजेपी में हर एक व्यक्ति को दायित्व मिलता है। मुझे जो दायित्व दिया गया है मैं उसको निभा रहा हूं।

### माया ने हरदोई में दलित युवक को जलाने की घटना की कड़ी निंदा की

**लखनऊ।** हरदोई जिले में दलित युवक को कथित तौर पर जिंदा जलाने की घटना की कड़ी निंदा करते हुए बसपा प्रमुख मायावती ने बुधवार को मांग की कि दोषियों को तुरन्त सख्त सजा दी जाए ताकि इस घटना की पुनरावृति ना हो सके।

मायावती ने ट्वीट किया कि हरदोई में प्रेम-संबंधों को लेकर जाति के नाम पर दलित युवक को जिन्दा जला देना अति-क्रूर तथा अति निन्दनीय है। सरकार इसके दोषियों को तुरन्त सख्त सजा दिलाये ताकि इस घटना की पुनरावृति ना हो।

रविवार को हरदोई कोतवाली नगर क्षेत्र में कथित प्रेम प्रसंग और पुरानी रंजिश के चलते एक युवक की पिटाई की गई व पेट्रोल डालकर उसे आग लगा दी गई थी। घटना में युवक की मौत हो गई थी।

सीएम ने स्थिति से निपटने के लिए सभी प्रबंध सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

# बाढ़: प्रयागराज, वाराणसी के अधिकारी अलर्ट

एजेंसी ⏭ लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गंगा एवं यमुना नदी के तटीय हिस्सों में बाढ़ की आशंका को देखते हुए प्रयागराज तथा वाराणसी के अधिकारियों को पूरी चौकसी बरतने के निर्देश दिए हैं।बुधवार को एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री ने प्रशासन के अधिकारियों को बाढ़ के मद्देनजर सभी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। सीएम ने बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए सभी प्रबंध सुनिश्चित करते हुए बाढ़ चौकियों को सक्रिय करने के निर्देश दिए। उन्होंने बाढ़ से जनहानि एवं पशु हानि को प्रत्येक दशा में रोकने के निर्देश देते हुए कहा कि बाढ़ प्रभावित लोगों को समय रहते सुरक्षित स्थानों पर, बाढ़ राहत शिविरों में पहुंचाया जाये।उन्होंने बाढ़ पीड़ितों को हरसम्भव राहत और मदद उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों से बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में बंधों की लगातार निगरानी कर यह सुनिश्चित करने को कहा है कि किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके।



### बिजली गिरने से तीन की मौत

**मऊ।** मऊ जिले के चिरैयाकोट थाना क्षेत्र में आसमान से बिजली गिरने की दो अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई, इनमें दो महिलायें शमिल हैं। खुर्द गांव निवासी हरिकिशन अपनी पत्नी लीलावती के साथ अपने पशुओं को चराने गये थे। उसी समय बिजली की चपेट में आने से दोनों बुरी तरह से झुलस गये व मौके पर ही पति-पत्नी की मौत हो गई। वहीं दूसरी घटना में सराय लखन थाना क्षेत्र के पंडितपुरा गांव में पशुओं को चारा डाल रही रेनू चौहान (35) चौहान की बिजली गिरने से मौत हो गई। नायब तहसीलदार जावेद अंसारी परिजनों के घर पहुंचे। उन्होंने आश्वासन दिया कि परिवारों को सरकार की ओर से सहायता राशि दिलाई जाएगी व शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया गया है।

### बुंदेलखंड: बाढ़ का पानी कई गांवों में घुसा

**बांदा।** यूपी के बुंदेलखंड इलाके में यमुना, केन और बेतवा नदियों में बाढ़ के कारण बांदा, हमीरपुर और चित्रकूट जिलों के कई गांवों में पानी घुस गया और हजारों बीघा खेत जलमग्न हो गए हैं।

# सुकमा में नक्सलियों का बड़ा जमावड़ा, पुलिस अलर्ट

## दंतेवाड़ा उपचुनाव से पहले बड़ी वारदात की आशंका को देखते हुए चौकसी बढ़ाई है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा

बस्तर संभाग में नक्सलियों के बड़े जमवाड़े की पुलिस को खुफिया सूचना मिली है। सूत्रों के अनुसार इनमें ज्यादातर पड़ोसी राज्यों से आए हैं। पुलिस को आशंका है कि नक्सली दंतेवाड़ा उपचुनाव से पहले बड़ी वारदात की फिराक में हैं। इसे देखते हुए चौकसी बढ़ा दी गई है। फोर्स को अलर्ट रहने का निर्देश जारी किया गया है। साथ ही महाराष्ट्र और तेलंगाना की सुरक्षा एजेंसियों को भी अलर्ट भेजा गया है। दंतेवाड़ा उप चुनाव के लिए प्रचार अब अंतिम दौर में है। अब वहां बड़े नेताओं के भी पहुंचने की संभावना है।

### कई नेताओं की हत्या

राजनीतिक हत्याओं के लिए बदनाम नक्सली इस इलाके में कई नेताओं की हत्या कर चुके हैं। झीरम हमले में कांग्रेस नेता की हत्या से पहले नक्सली उनके आधा दर्जन से अधिक रिश्तेदारों को मार चुके हैं। 2018 के विधानसभा चुनाव के पहले नीलावाया गांव में उन्होंने दूरदर्शन के एक कैमरामैन की हत्या की जिसपर बहुत बवाल हुआ था। 2008 के चुनाव में नकुलनार के दो भाजपा नेताओं की हत्या नक्सलियों ने की थी।



### नक्सलवाद पर उलझन

गत विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस ने बातचीत के जरिये नक्सल समस्या के हल का वादा किया था। हालांकि बाद में सरकार दुविधा में फंसती नजर आई। सीपीआइ कांग्रेस को याद दिला रही है कि निर्दोष आदिवासियों की रिहाई के मुद्दे पर अब तक कोई काम नहीं हुआ है।
इधर कश्मीर से धारा 370 व 35 ए हटाने के बाद आतंकवाद और नक्सलवाद पर भाजपा और आक्रामक दिखने की कोशिश कर रही है। हालांकि खुलकर बयान कोई नहीं दे रहा है।

गौरतलब है कि दंतेवाड़ा उपचुनाव में कांग्रेस व भाजपा दोनों ने जिन्हें उपना प्रत्याशी बनाया है वह नक्सल हमले में अपना सुहाग खो चुकी हैं। कांग्रेस ने यहां से देवती कर्मा को टिकट दिया है। उनके पति महेंद्र कर्मा को झीरम नरसंहार में नक्सलियों ने मार दिया था। झीरम कांड में कांग्रेस के उस दौर के अधिकांश बड़े नेता नक्सलियों की फायरिंग में मारे गए थे।भाजपा ने ओजस्वी मंडावी को अपना प्रत्याशी बनाया है। ओजस्वी के पति भीमा मंडावी दंतेवाड़ा से भाजपा विधायक चुने गए थे। लोकसभा चुनाव के दौरान नक्सलियों के बारूदी विस्फोट में भीमा की मौत हो गई थी।

# आठ लाख के इनामी नक्सली कमांडर ने किया आत्मसमर्पण

## क्षेत्र में होने वाली नक्सल गतिविधियों का मास्टरमाइंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

नक्सल उन्मूलन अभियान की दिशा में काम कर रही बीजापुर पुलिस और 204 कोबरा बटालियन टीम को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस और सुरक्षा बलों के द्वारा चलाए जा रहे जनजागरूकता अभियानों से प्रभावित होकर क्षेत्र में सक्रिय एक नक्सली प्लाटून कमांडर ने आत्मसमर्पण किया है, जिसपर आठ लाख रुपए का इनाम घोषित था। यह नक्सली लीडर क्षेत्र में होने वाली नक्सल गतिविधियों का मास्टर माइंड बताया जा रहा है।

बीजापुर के पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि नक्सलियों की खोलखी विचारधारा और शोषणकारी नीति से त्रस्त होकर पीएलजी बटालियन नंबर 1 के प्लाटून कमांडर सुधीर कोरसा उर्फ प्रकाश ने समाज की मुख्यधारा में शामिल होने का मन बनाया और उसने सुरक्षा बलों से संपर्क किया।

उसे यह सकारात्मक फैसला लेने में 204 कोबरा बटालियन के निरीक्षक सोमदेव आर्य ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बुधवार को उसने अपने हथियार एके-47 समेत जिला मुख्यालय आकर आत्मसमर्पण किया। उसे प्रारंभिक आर्थिक सहायता के तौर पर शासन की ओर से 10 हजार रुपये दिए गए हैं।

## मध्यप्रदेश के सीएम कमलनाथ पर पूर्व सीएम शिवराज का पलटवार

# बोले- अगर केंद्र सरकार से मदद मैं ही मांगू तो आप कुर्सी पर क्यों बैठे?

### शिवराज ने कहा कि- सरकार ये बताए कि कितने मंत्री बाढ़ग्रस्त इलाकों में गए और राहत राशि के लिए उन्होंने कितने पत्र केंद्र सरकार को लिखे हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अब मध्य प्रदेश में बाढ़ से हुए नुकसान पर सियासत शुरू हो गई है। कमलनाथ सरकार के दो मंत्रियों के बयान कि शिवराज सिंह चौहान के षडयंत्र के चलते ही केंद्र सरकार से राज्य को 10 हजार करोड़ की राशि नहीं मिली पर पूर्व सीएम ने पलटवार किया है। चंबल अंचल के दौरे पर जाने से पहले बुधवार को शिवराज सिंह चौहान ने अपने ऊपर मध्य प्रदेश सरकार के मंत्रियों द्वारा लगाए गए आरोपों पर बोला कि, मैं प्रदेश सरकार से पूछना चाहता हूं कि राहत राशि के लिए उन्होंने कितने पत्र केंद्र सरकार को अब तक लिखें हैं? क्यों नुकसान का आकलन करके अब तक केंद्र सरकार को नहीं भेजा है ? अगर केंद्र सरकार से मदद भी मैं ही मांग लूं तो फिर आप मुख्यमंत्री की कुर्सी पर क्यों बैठे हैं? कांग्रेस के जो मंत्री ये बात बोल रहे हैं, उन्हें शर्म नहीं आनी चाहिए । उन्होंने सरकार से सवाल पूछा कि वो ये बताए कि कितने मंत्री बाढ़ग्रस्त इलाकों में गए हैं।



### क्षति की रिपोर्ट केंद्र को क्यों नही भेजी

खुद मुख्यमंत्री कितने बाढ़ प्रभावित जिलों में पहुंचे हैं। मैं प्रदेश सरकार से पूछना चाहता हूँ कि राहत राशि के लिए कितने पत्र आपने केंद्र सरकार को अब तक लिखें हैं? क्यों क्षति का आकलन करके केंद्र सरकार को नहीं भेजा? अगर केंद्र सरकार से मदद भी मैं ही माँगू तो फिर आप कुर्सी पर क्यों बैठे हैं? कांग्रेस के मंत्रियों को शर्म आनी चाहिए। बता दें कि जनसंपर्क मंत्री पीसी शर्मा और गृह मंत्री बाला बच्चन ने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर गंभीर आरोप लगाए थे। पीसी शर्मा ने ये आरोप लगाया था कि, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान प्रदेश की जनता के साथ राजनीति कर रहे हैं। उनके षड्यंत्र के कारण ही केंद्र सरकार ने 14वें वित्त आयोग द्वारा तय राशि से 10 हजार करोड़ रुपए प्रदेश को नहीं दिए गए। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से कहा था कि वे इस राशि को मध्यप्रदेश को दिलवाकर प्रधानमंत्री का जन्मदिन सेवा दिवस के रूप में मनाएं। इसके अलावा गृह मंत्री बाला बच्चन ने भी सरदार सरोवर बांध के मुद्दे पर मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी।

### मंत्रियों ने शिवराज पर लगाए थे आरोप

गृह मंत्री बाला बच्चन ने प्रेस कांफ्रेंस कर शिवराज सिंह पर गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने कहा था कि शिवराज सिंह झूठ बोल रहे हैं कि केंद्र सरकार ने एमपी को एक हजार करोड़ रुपए की मदद दी है। इतना नहीं बच्चन ने राष्ट्रीय फसल बीमा योजना को लेकर कहा था कि इसे प्रधानमंत्री फसल योजना बनाने का किसानों को कोई फायदा नहीं मिला। केंद्र ने राज्य को मिलने वाली राशि में कटौती कर दी और ये सब शिवराज सिंह चौहान के इशारे पर ही हो रहा है।इसी पर आज शिवराज सिंह चौहान ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि, अगर गांधीसागर का पानी समय पर छोड़ा जाता तो आपदा इतनी भयानक नहीं होती। चंबल संभाग की जनता को भी इतना भुगतना नहीं पड़ता। सरकार की आपराधिक लापरवाही है। मैं इस आपदा पर प्रदेश सरकार से श्वेत पत्र जारी करने की मांग करता हूं। इस लापरवाही के दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। सरकार ये बताए कि जुलाई, अगस्त और सितंबर में गांधी सागर में कितना पानी भरना था और कितना भरा गया।शिवराज यहीं नहीं रुके उन्होंने मंदसौर और नीमच में आई बाढ़ के लिए सीधे-सीधे सरकार को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि, यह आपदा मैन मेड है। क्योंकि गांधी सागर बांध में निर्धारित मात्रा से अधिक जल भराव किया गया।

### शिवराज के ट्वीट

- मैं बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए दान देने वाले भाइयों-बहनों के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ। कल से ही गाड़ियों में भरकर अनाज, कपड़े, कंबल, बर्तन मंदसौर और नीमच पहुँचने लगे हैं। जनता ने मदद के लिए हाथ आगे बढ़ा दिया है, लेकिन सरकार कहीं नजर नहीं आ रही है।
- यह शताब्दी का सबसे बड़ा जल प्रलय है। लापरवाही से मंदसौर, नीमच और श्योपुर, भिंड, मुरैना आपदा का शिकार हो गया। सरकार से श्वेत पत्र जारी करने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की माँग है।

# सतना जिले में धतूरा की टमस नदी में डूबते-डूबते बचे दो बच्चे

## नदी में नहाने गए थे, दो किलोमीटर तक बहे, लोगों ने बचाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सतना



जिले के ग्राम धतूरा में टमस नदी पर बुधवार को सुबह करीब नौ बजे दो बच्चे डूबते-डूबते बचे। बताया जा रहा है कि एक बालक और एक बालिका नदी में नहाने गए थे और तेज बहाव में आकर करीब एक किमी तक बहते चले गए। इस दौरान गांव के ही रामेश्वर प्रसाद ने अपनी सूझबूझ से दुर्गेश सेन और कंचन सेन को बचा लिया। दोनों की हालत ठीक है लेकिन बच्चे दुर्गेश को सिविल अस्पताल मैहर में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया है।

# बुरहानपुर में एक निजी स्कूल की छत गिरी, एक छात्र घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर



शहर के शिकारपुरा थाना इलाके के बाड़ी की बोल स्थित वैदिक विद्यापीठ स्कूल के एक कमरे की छत अचाकन गिर गई। एक छात्र दबकर घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस और नगर निगम की टीम भी मौके पर पहुंच गई थी। बताया जा रहा है कि हादसे के वक्त वहां ज्यादा विद्यार्थी मौजूद नहीं थे, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। यह बात सामने आ रही है कि लगातार बारिश की वजह से स्कूल की छत पूरी तरह खराब हो चुकी थी।

### दमोह में बारिश, नदी-नाले उफान पर

**महाकोशल-विंध्य।** अंचल के कई इलाकों में हो अब भी बारिश का दौर जारी है। दमोह में सुबह से हो रही बारिश से नदी, नालो में उफान आ गया है। तेंदुखेडा के पथघाट के साथ तेजगढ़ की गुरैया नदी भी उफान पर आई है। दर्जनों गांव का जिला मुख्यालय से संपर्क टूट गया है। वहीं शहरी क्षेत्र के कई इलाकों में जल भराव की स्थिति है। दमोह के तारादेही थाना क्षेत्र में पुल के ऊपर से पानी जाने के कारण आवागमन ठप हो गया।

# विधायक आकाश विजयवर्गीय का अब 'खलनायक' वाला वीडियो वायरल

## इंदौर निगम अधिकारी की बल्ले से पिटाई कर सुर्खियों में आए थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

इंदौर नगर निगम के अधिकारी की बल्ले से पिटाई कर सुर्खियों में आए विधायक आकाश विजयवर्गीय का एक नया वीडियो वायरल हुआ है। इस वीडियो में वो अपने समर्थकों के साथ 'नायक नहीं खलनायक हूं मैं' गाने पर डांस करते नजर आ रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर को भाजपा ने फन पार्टी की थी। इसमें विधायक ने क्षेत्र की जनता और बच्चों को आमंत्रित किया गया था। वहां गाने भी चल रहे थे, जिस पर सभी लोग थिरक रहे थे। इसी दौरान खलनायक हूं मैं गाना बजाया गया और जिस पर विधायक आकाश विजयवर्गीय जमकर थिरके।



### पीडब्ल्यूडी मंत्री सज्जन सिंह ने साधा निशाना

भाजपा विधायक आकाश विजयवर्गीय के खलनायक गाने पर डांस करने को लेकर पीडब्ल्यूडी मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने चुटकी ली है। उन्होंने कैलाश विजयवर्गीय और आकाश पर निशाना साधा है, सज्जन सिंह बोले बाप-बेटे को नाच-गाने की मंडली बना लेना चाहिए। नाच गाने की मंडली बनाना भी जरूरी है, क्योंकि ये कमजोर पड़ रहे हैं। ऐसे में कैलाश विजयवर्गीय और आकाश को मंडली बना लेना चाहिए जिससे भीड़ भी जुटेगी। सज्जन सिंह वर्मा बोले - लाइम लाइट में आने के लिए कुछ भी कर सकते हैं ये लोग।

# डॉ. रमन के बेटे अभिषेक की याचिका पर सुनवाई आज

**बिलासपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह के पुत्र व राजनांदगांव के पूर्व सांसद अभिषेक सिंह द्वारा चिटफंड कंपनी घोटाले में अपराध दर्ज किए जाने के खिलाफ पेश याचिका में 18 सितंबर बुधवार को सुनवाई होगी। गौरतलब है कि अनमोल इंडिया चिटफंड कंपनी मामले में गरियाबंद, महासमुंद, दुर्ग समेत अन्य जिलों में पुलिस ने कंपनी के लिए प्रचार करने के आरोप में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के पुत्र व राजनांदगांव के पूर्व सांसद अभिषेक सिंह के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

इसके खिलाफ उन्होंने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल कर दर्ज अपराध को निरस्त करने की मांग की है। याचिका को सुनवाई के लिए पिछले दिनों जस्टिस आरसीएस सामंत के कोर्ट में रखा गया। इस दौरान शासन की ओर से कहा गया था कि मामले में महाधिवक्ता सतीश चंद्र वर्मा स्वयं बहस करेंगे।

# नरसिंहपुर में दो पर रासुका, भिंड में मिला खतरनाक एसेंस

## मध्यप्रदेश में खाद्य और औषधी विभाग की कार्रवाई अब और तेज हो गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में मिलावटखोरों और दूषित खाद्य पदार्थ बेचने वालों के खिलाफ खाद्य और औषधी विभाग की कार्रवाई अब और तेज हो गई है। नरसिंहपुर में दूषित पदार्थ से गुड बनाने वाले दो अवैध भट्टों पर कार्रवाइ की गई।

इनके दो संचालकों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत कार्रवाई की गई और जेल भेज दिया गया। उधर मुरैना में खतरनाक एसेंस से सरसों का तेल बनाते एक आइल मिल पर कार्रवाई की गई। इंदौर में भी विभिन्न स्थानों से लिए गए दूध के 65 सैंपल में से 40 फेल पाए गए।



### इंदौरः 40 सैंपल फेल

खाद्य व औषधि विभाग द्वारा दुकानों से लिए गए दूध-दही, पनीर के 200 सैंपलों में से 65 की रिपोर्ट आ गई है। इनमें 40 सैंपल फेल हो गए हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि किस स्तर पर मिलावटखोरी की जा रही है। अब भी 135 सैंपल की रिपोर्ट आना बाकी है।

### मुरैना : एसेंस वाला तेल

मुरैना में खाद्य सुरक्षा विभाग ने सोयाडिगम व राइस ब्रान तेल से सरसों का नकली तेल बनाने वाला एसेंस पकड़ा है। एसेंस का रासायनिक नाम एथिल आइसोथायोसाइनेट है। इस एसेंस को किसी भी तेल में मिलाने पर वह कच्ची घानी के तेल जैसी खुशबू व झाग देता है।



# 500 रुपए के लिए कर दी पंच की हत्या

**बिलासपुर।** मुंगेली सिटी कोतवाली थाना इलाके के भटगांव में महज 500 रुपये के लेनदेन के विवाद में एक पंच की हत्या करने का मामला सामने आया है। आरोपी 500 रुपयए के ब्याज समेत 10 हजार रुपए की मांग को लेकर अक्सर मृतक से विवाद करता था। आरोपी पहले भी पंच को जान से मारने की धमकी दे चुका था। मंगलवार रात इसी बात को लेकर विवाद उठा और आरोपी ने पंच की धारदार हथियार से हत्या कर दी। शाम को मृतक कुंवारु साहू गांव में ही बकरी चराने खेत गया हुआ था, तभी आरोपी अशोक यादव भी वहां आ पहुंच गया। पहले दिए गए 500 रुपए व ब्याज समेत 10 हजार रुपए की मांग को लेकर विवाद हो गया।

## यात्रियों का रेलवे को ट्वीट..

# इतनी घटिया चाय कि सुबह खराब हो जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में यात्रियों को 15 रुपए का पानी 20 रुपए में बेचा जा रहा है। इसके अलावा चाय भी इतनी घटिया है कि इसे पीकर यात्रियों की सुबह खराब हो रही है। इन दोनों मामलों की यात्रियों ने अलग- अलग शिकायत ट्विटर के माध्यम से रेल मंत्रालय और आइआरसीटीसी से की है।

18237 छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस का है। इस ट्रेन में आगरा से अमृतसर के लिए यात्रा कर रहे यात्री राजेंद्र सिंह ने ट्वीट कर शिकायत की। इसमें उन्होंने कहा कि रेलनीर की कीमत 15 रुपए है। बकायदा प्रिंट में यही रेट भी दर्ज है। लेकिन पेंट्रीकार का वेंडर इसे 20 रुपए में बेचा। यह नियम उल्लंघन है।




## देश भक्ति, राष्ट्रसेवा की उमंग और जोश के साथ महिलाओं ने दी दक्षता परीक्षा

# जबलपुर में पहली बार कोर ऑफ मिलिट्री सर्विसेस की भर्ती शुरू

### सेना में महिलाओं की भागिदारी बढ़ाने के उद्देश्य से शुरू हुई है प्रक्रिया, शारीरिक दक्षता के चयनित 26-27 सितंबर को होगी राष्ट्रीय स्तर पर लिखित परीक्षा में शामिल होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

सेना में महिलाओं की भागिदारी बढ़ाने के उद्देश्य से पहली बार जबलपुर में महिला जवानों के लिए भर्ती प्रक्रिया बीते दिन शुरू हुई । इसमें देश भक्ति और राष्ट्रसेवा की उमंग और जोश के साथ महिलाओं ने शारीरिक दक्षता परीक्षा में हिस्सा लिया। दो दिन चलने वाले पहले चक्र के लिए मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड, गुजरात, गोवा के साथ-साथ तीन केन्द्र शासित प्रदेश की 1700 महिला उम्मीदवारों का पंजीयन किया गया है।

### खास बातें

- 1700 महिला उम्मीदवारों का पंजीयन किया गया
- 9-20 सितंबर को मेडिकल परीक्षण होगा

### दूसरे दिन एक हजार महिलाओं की भर्ती रैली



बुधवार को देश के पांच राज्यों सहित केन्द्र शासित प्रदेश की महिला अभ्यर्थियों की भर्ती रैली प्रातः 7 बजे से हुई । इसके बाद सभी चयनित अभ्यर्थियों का 19-20 सितंबर को मिलिट्री अस्पताल में मेडिकल परीक्षण किया जाएगा। इसके बाद इन्हे 26-27 सितंबर को राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली लिखित परीक्षा में शामिल होना पड़ेगा। ये सभी सेना में जवान बनकर सेना पुलिस में सेवाएं देंगी।

### 700 में से आईं 198 महिलाएं

*भर्ती अधिकारी कर्नल पी चक्रवर्ती के अनुसार जम्मू एंड कश्मीर रेजिमेंट सेंटर्स के मैदान में मंगलवार सुबह 7 बजे से महिला अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा शुरू की गई। पहले दिन के लिए 7 सौ पंजीयन में से 198 महिला अभ्यर्थी शामिल हुईं। सर्वप्रथम सीओएस मेजर जनरल एसएस कालो द्वारा ध्वज दिखाकर पहले राउंड की भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई। इसके पहले अभ्यर्थियों के दस्तावेज की जांच के बाद 8.30 से 1.6 किलोमीटर की दौड़ शुरू हुई जिसमें महिलाओं ने अपना दमखम दिखाया। इसी तरह 10 फीट की लम्बी छलांग, 3 फीट की ऊंची छलांग के साथ प्री मेडिकल टेस्ट हुआ। सभी प्रक्रिया के बाद 34 अभ्यर्थी का चयन किया गया।*

### पुलिस मौजूद रही


भारतीय सेना में यह पहली बार है कि जब महिला जवानों की भर्ती की जा रही है। यहां अब तक केवल अफसर पदों पर ही महिलाएं थीं। जम्मू एंड कश्मीर रेजिमेंट के मैदान में हो रही भर्ती के लिए सेना के 150 से ज्यादा अधिकारी कर्मचारियों सहित, जिला प्रशासन, नगर निगम और पुलिस का बल भी मुस्तैद रहा।

## चिंतन

# अयोध्या मामले पर जल्द फैसला आने की उम्मीद

अयोध्या में राम मंदिर न केवल करोड़ों भक्तों की आस्था का विषय है, बल्कि वह देश की सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक भी है। कोई भी देश अपनी संस्कृति की जड़ों से कटकर पहचान नहीं बना सकता और राम भारत की संस्कृति में रचे-बसे हैं। वे भारतीयों के आराध्य ही नहीं, भारत की सांस्कृतिक अस्मिता का भी प्रतिनिधित्व करते हैं। भारत का हर नागरिक फिर वह चाहे किसी भी पंथ से हो, किसी न किसी रूप में राम से भावनात्मक रूप से जुड़ा है। यही कारण है कि देश के करोड़ों लोग बरसों से आयोध्या में भव्य राम मंदिर के निर्माण के लिए प्रयासरत हैं, प्रतीक्षारत हैं। यह मामला कानूनी पेचिदगियों से तो भरा है ही, इसे सियासी फुटबाल भी बनाकर रखा गया है। सामाजिक, राजनीतिक ही नहीं बल्कि धार्मिक दृष्टि से भी यह काफी संवेदनशील है, लेकिन कुछ राजनीतिक दलों की वोटबैंक सोच के कारण यह बरसों से अधर में लटकता रहा है। मंदिर निर्माण के लिए विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल और संतों ने आंदोलन चलाए हैं। भारतीय जनता पार्टी का भी यह संकल्प रहा है, लेकिन कभी निचली अदालतों, कभी हाईकोर्ट तो कभी सुप्रीम कोर्ट में इस मामले में सुनवाई चलती और टलती रही। जिसके चलते राम भक्तों में रोष बढ़ता रहा। 90 के दशक में जनभावनाएं इस कदर भड़की की आंदोलनकारियों ने विवादित ढांचे को ध्वस्त कर दिया। इसका अलग से केस चल रहा है। ढांचा किसने गिराया, कहां खामी रही, सुरक्षा क्यों नहीं हो पाई, इसका फैसला तो आता रहेगा। जहां तक जमीन के विवाद का मामला है वो भी कई दशकों से अदालतों में हैं। अनेक बार मध्यस्ता के प्रयास हो चुके हैं। हाईकोर्ट फैसला सुना चुका है, लेकिन कुछ लोग, कुछ राजनीतिक दल हैं जो पूरे मामले को धर्म और आस्था से नहीं बल्कि राजनीतिक चश्मे से देखते हैं। इन्हीं लोगों ने अब तक की सुलह-सफाई की सभी कोशिशों को पटरी से उतराने में अहम भूमिका निभाई। 6 अगस्त 2019 से जमीन विवाद मामले की सुप्रीम कोर्ट में लगातार सुनवाई चल रही है। बुधवार को सुनवाई कर रही संवैधानिक बेंच के मुखिया और सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस रंजन गोगोई ने 18 अक्टूबर तक दलीलें सुनने की डेडलाइन तय कर दी है। इसके बाद फैसला लिखने में एक महीने का समय लगेगा। चीफ जस्टिस 17 नवंबर को रिटायर होने वाले हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि वे अपने अवकाश पर जाने से पहले राजनीतिक और सामाजिक लिहाज से इस संवेदनशील मामले पर फैसला करना चाहते हैं। डेडलाइन तय होने से केवल भारत ही नहीं विश्वभर में फैले राम भक्तों को उम्मीद है कि अब जल्द ही इस मामले का निपटारा हो जाएगा और आयोध्या में भगवान राम का भव्य मंदिर बनेगा। फैसले के बाद भी अगर जरूरत पड़ती है तो सरकार के पास कानून बनाने का विकल्प मौजूद है। सरकार अब तक इस मुद्दे को यह कहकर टालती रही है कि पहले अदालत अपना फैसला सुनाए, उसके बाद जरूरत पड़ी तो सरकार संसद में विधेयक पास करवाकर राम मंदिर निर्माण में आने वाली बाधाओं को दूर करेगी। अब सुप्रीम कोर्ट द्वारा फैसला सुनाए जाने के बाद यह विकल्प भी खुल जाएगा। डेडलाइन तय होने से उन राम भक्तों में खुशी का माहौल है जो बरसों से फैसले का इंतजार कर रहे थे। अब उन्हें उम्मीद है कि जल्द ही भगवान राम का भव्य मंदिर बनेगा। आशा की जानी चाहिए कि इस संवेदनशील मामले में यह अंतिम फैसला होगा, क्योंकि ऐसे मामले लंबे समय तक लटकने से न केवल आस्था पर चोट लगती है बल्कि समाज में सांप्रदायिकता का जहर घोलने वालों को भी मौका मिल जाता है।

# कसौटी पर योगी सरकार



**उत्तरप्रदेश**
निरंकार सिंह

> इसमें संदेह नहीं कि अनेक क्षेत्रों में उत्तरप्रदेश की योगी सरकार की शानदार उपलब्धियां हैं। जिन योजनाओं के क्रियान्वयन के क्षेत्र में प्रदेश पहले फिसड्डी था अब वह नंबर एक पर आ गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना, गैस कनेक्शन देने की उज्ज्वला योजना और बिजली मुहैया कराने की सौभाग्य योजना को सफलतापूर्वक लागू करके सरकार ने लाखों-करोड़ों गरीबों के घरों को खुशहाल बनाया है, लेकिन कानून-व्यवस्था से लेकर सड़क सुधार तक बहुत कुछ किया जाना शेष है।

ढाई साल पहले उत्तर प्रदेश के सत्ता की कमान जब योगी आदित्यनाथ ने संभाली थी तो यह उम्मीद जगी थी कि प्रदेश को अब जातिवाद, भाई भतीजावाद, भ्रष्टाचार और माफिया गिरोहों के आतंकवाद से मुक्ति मिलेगी। पर क्या ये अपेक्षाएं पूरी हो पाई हैं? इसमें संदेह नहीं कि अनेक क्षेत्रों में सरकार की शानदार उपलब्धियां हैं। दुनिया के सबसे बड़े कुंभ के मेले का जिस शानदार तरीके से आयोजन किया है उसे प्रदेश ही नहीं बल्कि देश की जनता ने भी सराहा है। जिन योजनाओं के क्रियान्वयन के क्षेत्र में प्रदेश पहले फिसड्डी था अब वह नंबर एक पर आ गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना, गैस कनेक्शन देने की उज्ज्वला योजना और बिजली मुहैया कराने की सौभाग्य योजना को सफलतापूर्वक लागू करके सरकार ने लाखों-करोड़ों गरीबों के घरों को खुशहाल बनाया है। मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहे वनटांगिया, कोल, मुसहर और थारू जनजातियों के विकास के लिए ठोस कदम उठाए हैं। सामूहिक विवाह, सुपोषण से लेकर कन्या सुमंगला जैसी योजनाओं से भी सरकार की लोकप्रियता बढ़ी है। जातिवादी व्यवस्था की जकड़न से सरकार मुक्त हुई और माफिया गिरोहों के आतंक पर भी लगाम लगी है, लेकिन आम जनता की समस्याओं के निराकरण के मामले में सरकार को अभी अपेक्षित सफलता नहीं मिली।

सत्ता में आने के तुरन्त बाद भाजपा की सरकार ने प्रदेश की सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का अभियान बड़े जोर-शोर से शुरू किया था, लेकिन आज प्रदेश की सड़कें गड्ढा मुक्त नहीं हो पाई। कानून व्यवस्था के मोर्चे पर भी अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है और भ्रष्टाचार के मामले में सरकारी विभागों की कार्यशैली में सुधार लाने की जरूरत है। वाराणसी में पीडब्ल्यूडी के एक ठेकेदार की आत्महत्या तो इसकी एक बानगी है। कमीशन का रोग बड़ा गहरा है। पुलिस के कामकाज में सुधार भी एक बड़ी चुनौती है। योगी सरकार के मंत्रियों की संख्या पुनर्गठन के बाद 56 हो गई है। सरकार का लक्ष्य नई गति, ईमानदारी और पारदर्शी तरीके से कार्यो को आगे बढ़ाना है। अपने मंत्रियों को प्रशिक्षित और नेतृत्व क्षमता को विकसित करने के लिए योगी सरकार भारतीय प्रबंध संस्थान का भी सहयोग ले रही है। योगी आदित्यनाथ की नीति और नीयत पर किसी को भी कोई शंका नहीं है। उनका जीवन बिल्कुल सीधा साधा और पारदर्शिता की मिसाल है। डा. महेन्द्र सिंह, श्रीकांत शर्मा, जयप्रताप सिंह, ब्रजेश पाठक आदि जैसे कुछ मंत्री भी अपने कामकाज को बेहतर तरीके से कर रहे हैं, लेकिन अधिसंख्य मंत्रियों ने अपने कामकाज के तरीके में सरकार की अपेक्षाओं के अनुरूप कोई सुधार नहीं किया है। हालांकि तीन मंत्रियों को बर्खास्त करके बाकी मंत्रियों को सुधरने का संकेत सरकार ने दिया है। इसमें कोई संदेह नहीं कि योगी सरकार के खाते में तमाम बड़ी उपलब्धियां भी हैं।



नए मेडिकल कालेजों की स्थापना और इंसेफेलाइटिस पर लगाम लगाकर सरकार ने सराहनीय कार्य किया है। इन्द्रधनुष अभियान और आयुष्मान से छूटे 11 लाख परिवारों के लिए सीएम जन आरोग्य योजना के तहत सुविधा देने की व्यवस्था की गई है। कायाकल्प योजना के जरिए प्रदेश के बेसिक स्कूलों की तस्वीर बदली गई है। सरकार को नकल विहीन परीक्षा कराने में सफलता मिली है। पिछले वर्ष फरवरी में सरकार ने लखनऊ में इन्वेस्टर समिट का आयोजन किया था जिसमें 5 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव सरकार को मिले थे। इनमें सवा लाख करोड़ रुपये का निवेश हो चुका है। 65,000 करोड़ रुपये का निवेश पाइप लाइन में है। यह प्रदेश में बड़े बदलाव का संकेत है। दो तीन घटनाओं को छोड़ दिया जाए तो प्रदेश की कानून व्यवस्था में बदलाव आया है। माफिया गिरोहों पर लगाम लगी है।

कानून व्यवस्था को बेहतर करने से लेकर उद्यमिता को प्रोत्साहन देने जैसी कई चुनौतियां राज्य सरकार के सामने हैं। मुख्यमंत्री के पोर्टल पर की शिकायतें उन्हीं विभागों को वापस भेज दी जाती हैं जिनके खिलाफ शिकायतें होती हैं। लिहाजा उसका कोई संतोषजनक समाधान नहीं निकला है। योगी सरकार ने पुलिस को खुली छूट देकर उसे और अधिक निरंकुश बना दिया है। योगी सरकार ने सत्ता में आने के बाद अपराधियों को प्रदेश छोड़ देने को कहा था या फिर जेल जाने के लिए तैयार रहे। पर सरकार अपराधियों में भय नहीं पैदा कर पाई। क्योंकि अपराधी प्रदेश छोड़कर नहीं गए हैं। वे खुलेआम अपराध कर रहे हैं। पुलिस का उन्हें कोई डर नहीं है। यह आरोप भाजपा के विधायक और सांसद लगा रहे हैं। पुलिस वसूली में लगी है। चौराहों पर वाहन चेकिंग के नाम पर लोगों से लूटा जा रहा है।

एक तरफ जहां पुलिस से संवेदनशील होने की उम्मीद करते हुए मित्र पुलिस बनने का खाका खींचा जा रहा है, वहीं कुछ ऐसी घटनाएं भी सामने आती हैं, जब पुलिस सुधार की उम्मीदें निराशा में बदल जाती हैं। कुछ ऐसा ही मामला सिद्धार्थनगर जिले के खेसरहा थाना क्षेत्र में सामने आया है, जहां दरोगा और सिपाही ने एक दुकानदार को उसकी मासूम बेटी के सामने बीच चौराहे पर दौड़ा-दौड़ा कर पीटा और मुंह पर जूता रख दिया। हालांकि इसका वीडियो वायरल होने के बाद एसपी ने दोनों को निलंबित कर दिया। जांच सीओ को सौंप दी गई है, लेकिन क्या इस घटना की परिणति महज इतनी भर ही है या इस पर नए सिरे से विचार करने की जरूरत है।

संयोग से इस घटना का वीडियो बनाकर किसी ने अपलोड कर दिया और यह लोगों के सामने आई। ऐसी अनेक घटनाओं के उदाहरण दिए जा सकते हैं जहां पुलिस का बर्बर चेहरा उजागर होता है। इसलिए सिद्धार्थनगर का मामला महज एक घटना मानकर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। यह पुलिस महकमे में बिगड़ैल, अनुशासनहीन, संवेदनहीन, गैरजिम्मेदार और अराजक पुलिसकर्मियों की एक मिसाल है, जो समाज में रक्षक पुलिस का भरोसा जगाने के बजाए उसमें पुलिस के प्रति भय, अविश्वास और आक्रोश पैदा करते हैं। कई पुलिस थानों पर आज भी माफिया गिरोह, गुंडों का राज है। इसलिए पुलिस अपराधियों से तो डरी सहमी नजर आती है और आम जनता का उत्पीड़न करती है। इससे पूरी सरकार की छवि धूमिल होती है। इसलिए सरकार को ऐसे पुलिस कर्मियों पर अंकुश लगाने के लिए कदम उठाने होंगे। उसे भ्रष्ट और निरंकुश पुलिस कर्मियों पर लगाम और अच्छे पुलिस कर्मियों को प्रोत्साहन देना होगा। इसके लिए उसे आम जनता से मिलने वाली शिकायतों की तय समय में सीबीसीआईडी से जांच कराकर कार्रवाई करने की व्यवस्था बनानी चाहिए।

## सारा संसार



ऑरलैंडो अमेरिका के एक प्रमुख पर्यटन है जो हर साल दुनिया भर से करीब साल 52 मिलियन से अधिक पर्यटकों का स्वागत करता है। ऑरलैंडो को 'द थीम पार्क कैपिटल ऑफ द वर्ल्ड' के रूप में जाना जाता है। इस शहर को विश्व-मान्यता प्राप्त होने का श्रेय वॉल्ट डिज्नी वर्ल्ड को जाता है।

## भक्ति ही जीवन का सार



संकलित
**दर्शन**

मनुष्य का लक्ष्य है एक स्थायी सत्ता, जिसके नहीं होने से कर्म स्थायी नहीं हो सकता है। कोई मनुष्य यदि कुछ स्थायी करना चाहता है, कोई नई चीज बनाना चाहता है और समाज का कल्याण करना चाहता है तथा मनुष्य के रूप में जीवन में जो चाहा है, उसे अगर प्रतिष्ठित करना चाहता है, तब उसे आध्यात्मिक जीवन में प्रतिष्ठित होना ही होगा। भक्ति और प्रेरणा को छोड़ कर मनुष्य कुछ भी कर नहीं सकता। जीवन का वास्तविक लक्ष्य आध्यात्मिक हुए बिना नहीं पाया जा सकता। और इसके लिए भक्ति चाहिए। भक्ति के लिए कर्म करना पड़ेगा। अगर आप इस दिशा में आगे बढ़ते हैं, तो परमात्मा आपकी मदद जरूर करेंगे। अभी भी देखा जाता है कि साधना से, कर्म से, मनुष्य के भीतर आध्यात्मिक प्रेरणा और भक्ति जग जाती है। अनेक लोग सम्भवतः सोच सकते हैं कि बिना ज्ञान, कर्म साधना किए उनकी भक्ति कैसे जगी? तो इसके उत्तर में मैं कहूंगा- यह उनके पूर्व-कृत कर्म की प्रतिक्रिया है। कभी अर्थात पूर्वजन्म में उसने जो ज्ञान और कर्म की साधना की थी, उसके फल के रूप में इस जीवन में ज्ञान और कर्मसाधना बिना किए ही उसे भक्ति मिली है। अनेक लोगों की यह धारणा है कि भक्ति के साथ ज्ञान और कर्म का कोई सम्पर्क नहीं है, किन्तु इस प्रकार सोचना बिल्कुल गलत है। भक्ति कभी भी ज्ञान वर्जित या कर्म वर्जित नहीं हो सकती। भक्ति, ज्ञान और कर्म का समन्वय है- इसलिए भक्ति में ज्ञान और कर्म की पराकाष्ठा रहनी ही होगी।

## अपने लक्ष्य पर ध्यान महत्वपूर्ण



संकलित
**प्रेरणा**

जड़ जगत के संवेग या आकर्षण से मानस जगत का संवेग या आकर्षण बहुत अधिक शक्तिशाली है। और आध्यात्मिक जगत का संवेग या आकर्षण और भी अधिक शक्तिशाली है। मनुष्य यदि संदेह से सोचे कि क्या मैं कर सकूंगा, मेरे द्वारा क्या कार्य होगा- इस तरह यदि वह कार्य करना आरम्भ करे, तो उसके द्वारा कभी भी कार्य नहीं हो सकेगा। साहस के साथ अपने लक्ष्य पर ध्यान रख, आध्यात्मिक प्रेरणा के द्वारा सराबोर होकर यदि वह कार्य आरम्भ करे, तो सफलता उसे मिलेगी ही। कोई भी कार्य मनुष्य से बड़ा नहीं है। पृथ्वी पर, वास्तविक जगत में, व्यावहारिक जगत में, जो कुछ हम लोग पाते हैं, जो कुछ हमारी पकड़ में आता है- उनमें सबसे बड़ा और शक्तिशाली मनुष्य है। सभी कार्यों से मनुष्य बड़ा है। केवल कार्य की सिद्धि या असिद्धि के ऊपर निर्भर कर; पवित्रता या अपवित्रता की दीवार बना हम लोग मनुष्य के मान का निर्धारण करते हैं। मनुष्य के साथ कार्य का इतना ही संबंध है। मनुष्य जो कार्य करता है, वह यदि सिद्ध हो, पवित्र हो, बृहत हो, तो हम लोग महान मान कर स्वीकार करते हैं। इसलिए किसी कार्य को करने के पहले विवेचक मन से जब सोच कर देखोगे कि कार्य सत है, तो उसी मुहूर्त में कर्म समुद्र में कूद पड़ोगे। तुम्हारी जय होनी ही है। साधारणतः मनुष्य जिस कार्य में हाथ लगाने लगता है, वह सिद्ध है या असिद्ध, पवित्र है या अपवित्र, यह विचार कर नहीं देखता है।

## उत्सव



फोटो न्यूज

बीरभूम। पं. बंगाल स्थित श्रीनिकेतन में विश्व भारती यूनिवर्सिटी की छात्राएं 'सिल्पा उत्सव' का जश्न मनाती हुईं। यह उत्सव विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर आयोजित किया जाता है।

## आज की पाती

### पर्यावरण की करें रक्षा

हर इंसान को पेड़ों की अहमियत से वाकिफ होकर अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए। सरकार को इसके लिए अहम कदम उठाने चाहिए। जहां हर बच्चे के जन्म पर टीकाकरण को अवश्य कर दिया गया है, वैसे ही हर बच्चे के जन्म पर एक वृक्ष लगाना अनिवार्य कर देना चाहिए। स्कूल प्रबंधन बच्चे के दाखिले के समय अन्य अनिवार्यताओं को पूरा करवाने के साथ-साथ अभिभावकों के लिए एक पेड़ लगाना जरूरी कर दे। नेताओं से लेकर हर सरकारी व निजी कर्मचारी के वेतन, भत्ते बढ़ने पर उनके लिए भी एक पेड़ लगाना अनिवार्य कर दें, जब-जब वेतन बढ़ेगा नए पेड़ लगेंगे। अगर ऐसी योजनाओं को सरकार लागू कर देती है, तो निश्चित रूप से पर्यावरण से जुड़ी हर समस्या समाप्त हो सकती है।

-रूपल चौकसे

## आरमको
विकेश कुमार बड़ोला

# तेल प्रतिष्ठान पर ड्रोन हमले के दुष्परिणाम

सऊदी अरब की तेल कंपनी आरमको पर ड्रोन रॉकेट द्वारा हुए हमले ने वैश्विक पेट्रो पदार्थों के मूल्य में वृद्धि कर दी है। कंपनी में कार्य ठप है। संयंत्रों के जीर्णोद्धार में कम से कम एक-डेढ़ महीना लगेगा। अब तक कच्चे तेल की कीमत 1991 में बढ़ी कीमत के बराबर हो चुकी है। ऐसे में आगामी छह माह अर्थव्यवस्था के लिए चुनौती भरे होंगे। भारत में इस घटना का व्यापक असर हुआ। तेल की कीमतें बढ़ने और शेयर मार्किट में कारोबर मंद पड़ने से निवेशकों के करोड़ो रुपये डूब चुके हैं। इराक के बाद भारत दूसरा देश है, जो सऊदी अरब से सबसे ज्यादा 80 प्रतिशत तेल आयात करता है। तेल संयंत्रों पर हमले की जिम्मेदारी यमन के हूती विद्रोहियों ने ली है परन्तु अरब के मुसलिम देशों के प्रति धार्मिक, सामाजिक और व्यापारिक प्रतिस्पर्द्धा में लिप्त ईरान, यमन सहित इनके अनुगामी मुसलिम देशों में फैले हुए आईएस आतंकियों की हमले में कोई न कोई भूमिका अवश्य है। हूती विद्रोही विगत चार माह में सऊदी अरब के अलग-अलग स्थानों पर आतंकी हमला कर चुके हैं। यह समूह 2015 से अरब को अस्थिर कर रहा है। जहां सऊदी अरब स्थानीय गुप्तचरों के माध्यम से हमले के लिए सीधे-सीधे यमन स्थित हूतियों व इन्हें इस काम के लिए भड़काने के लिए ईरान को जिम्मेदार बता रहा है, वहीं अमेरिका द्वारा जारी उपग्रहीय चित्रों से स्पष्ट हो रहा है कि हमले यमन नहीं बल्कि ईरान या इराक से किए गए। अप्रैल 2019 में आरमको ने दक्षिण कोरियाई तेल रिफाइनरी हुंडई ऑयलबैंक में 13 प्रतिशत की हिस्सेदारी अर्जित करने के लिए 1.24 बिलियन अमेरिकी डॉलर देकर एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे। इस दिशा में आगे बढ़ते हुए आरमको ने पालैंड की प्रमुख तेल रिफाइनरी पीकेएन ऑर्लेन के साथ उसे अरबी कच्चे तेल की आपूर्ति करने के एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। इतना ही नहीं, आरमको तेल एवं प्राकृतिक गैस उत्पादन के नए-नए कीर्तिमान स्थापित करता रहा है। आरमको एलएनजी बाजार में छा जाने का अपना लक्ष्य प्राप्त करने के लिए क्षमतावान संयुक्त उद्यमों और साझीदारों की खोज में है। ये ही कारण थे, जो अरब केंद्रित और ईरान-यमन-जॉर्डन आधारित तेल एवं प्राकृतिक गैस उत्पादकों के मध्य गलकाट प्रतिस्पर्द्धा बढ़ाने के प्रमुख कारक रहे हैं। आरमको सऊदी अरब की राष्ट्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस कम्पनी है। इसकी स्थापना 1993 में कैलिफोर्निया-अरबियन स्टैंडर्ड ऑयल कम्पनी के नाम से हुई। 1944 में ये अरबियन-अमेरिकन ऑयल कम्पनी बन गई और 1988 में ये सऊदी अरबियन ऑयल कम्पनी/ सऊदी आरमको बनी। 2018 के अनुसार इसका कुल राजस्व 355.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर और 2018 में ही इसकी कुल आय 111.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर थी। कम्पनी का सौ प्रतिशत स्वामित्व सरकार के पास है। 2016 के अनुसार इसमें कार्यरत कर्मचारियों की संख्या 62216 है। आरमको विश्व की सबसे बढ़ी कंपनी है, जो सर्वाधिक राजस्व अर्जित करती है। सऊदी आरमको विश्व के एकमात्र दीर्घ हाइड्रोकॉर्बन नेटवर्क का संचालन करती है। हाइड्रोकॉर्बन नेटवर्क प्रमुख गैसीय प्रणाली है।

## करंट अफेयर

# भारतीय प्रवासियों की आबादी सबसे अधिक


भारत 2019 में 1.75 करोड़ की प्रवासी आबादी के साथ अंतरराष्ट्रीय प्रवासियों के मामले में सबसे ऊपर था। संयुक्त राष्ट्र की ओर से जारी नए अनुमान में यह आंकड़े दिए गए हैं, जिसमें कहा गया है कि वैश्विक प्रवासियों की संख्या करीब 27.2 करोड़ पर पहुंच गई। संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक एवं सामाजिक कार्य विभाग के आबादी प्रभाग की ओर से मंगलवार को जारी आंकड़ा संकलन 'द इंटरनेशनल माइग्रेंट स्टॉक 2019' में अंतरराष्ट्रीय प्रवासियों की उम्रवार, लिंगवार और मूल देश तथा विश्व के सभी हिस्सों के आधार पर संख्या बताई गई है। रिपोर्ट में कहा गया कि शीर्ष 10 मूल देशों के प्रवासी सभी अंतरराष्ट्रीय प्रवासियों का एक तिहाई है। 2019 में, विदेशों में रहने वाले 1.75 करोड़ लोगों के साथ प्रवासियों की संख्या के मामले में भारत शीर्ष पर था। इसके बाद दूसरे पायदान पर मेक्सिको (1.18 करोड़), तीसरे पर चीन (1.07 करोड़) फिर रूस (1.05 करोड़), सीरिया (82 लाख), बांग्लादेश (78 लाख), पाकिस्तान (63 लाख), यूक्रेन (59 लाख), फिलीपीन (54 लाख) और अफगानिस्तान (51 लाख) थे। भारत ने 2019 में 51 लाख अंतरराष्ट्रीय प्रवासियों को देश में जगह दी। हालांकि, यह 2015 के 52 लाख से कम था।



## ऑफ बीट


# एक परिवार के कई सदस्यों के हाथ-पैर में 10 अंगुलियां

मध्य प्रदेश के एक परिवार में जेनेटिक गड़बड़ी उनके लिए मुसीबत का सबब बन गई है। इसकी वजह से न तो उन्हें जॉब मिल रही है और न ही उनकी पढ़ाई पूरी हो पा रही है। बैतूल के अथनेर तहसील में रहने वाले इस परिवार के कुछ सदस्यों के हाथ और पैर में 10 से ज्यादा उंगलियां हैं। इस जेनेटिक गड़बड़ी ने उनके जीवन को नरक बना दिया है। भुक्तभोगी परिवार के एक सदस्य बलदेव यावले ने बताया कि उनके परिवार में कुल 25 लोग हैं और हरेक को 10 से ज्यादा उंगलियों की समस्या है। उन्होंने कहा, 'मेरे बच्चे स्कूल गए लेकिन वे अपनी पढ़ाई पूरी नहीं कर पाए। स्कूल के बच्चे मेरे बच्चों को परेशान करते थे। मुझे सरकार से मदद की जरूरत है। मेरे पास जमीन नहीं है। हम बेहद गरीब हैं।' बलदेव के बेटे संतोष यावले ने कहा कि वह अपनी शारीरिक गड़बड़ी की वजह से पढ़ाई पूरी नहीं कर पाए और अब नौकरी भी नहीं मिल पा रही है। उन्होंने कहा, 'सामान्य स्लीपर या जूते मेरे पैरों में फिट नहीं होते हैं। मैंने कक्षा 10 तक पढ़ाई की। मैं एक बार सेना की परीक्षा में गया था लेकिन शारीरिक परीक्षा में फेल हो गया। मैं चाहता हूं कि सरकार हमारी मदद करे। मेरे हाथ में 12 उंगलियां हैं और पैरों में 14 उंगलियां हैं। मैं इस वजह से नौकरी नहीं पा सका। मुझे गांव की पंचायत से भी कोई मदद नहीं मिल रही है।'



## ट्रेंड

### लागू होगा एनआरसी रजिस्टर



देश के सभी नागरिकों का रजिस्टर होना समय की जरूरत है, न सिर्फ असम बल्कि देशभर में एनआरसी रजिस्टर लागू किया जाएगा। एनआरसी के अलावा देश में जो भी लोग हैं उन्हें कानून प्रक्रिया के तहत बाहर किया जाएगा। -अमित शाह

### वंदे भारत एक्सप्रेस



आधुनिकतम और मेक इन इंडिया के तहत बनी दूसरी वंदे भारत एक्सप्रेस का नई दिल्ली से मां वैष्णो देवी के पावन स्थल कटरा तक ट्रायल रन पूरा हो चुका है और माता के भक्तों के लिए यह ट्रेन नवरात्रों में शुरू कर दी जाएगी। जय माता दी। -पीयूष गोयल

### ढींगरा को नमन



मेरे जैसे नौजवान के पास भारतमाता को देने के लिए रक्त के सिवा क्या है? मेरे देश का अपमान, ईश्वर का अपमान है। आज हिन्दुस्तान को सीखने की जरूरत है कि मरा कैसे जाता है? कहकर फांसी पर झूलने वाले मदनलाल ढींगरा को नमन। -बाबा रामदेव

### कुश्ती शिखर पर



मेरी छोटी बहन विनेश ने आज ओलंपिक कोटा हासिल कर लिया है सबसे पहले मेरी तरफ से विनेश को बहुत-बहुत शुभकामनाएं। इसके लिए मैं धन्यवाद करना चाहूंगी खेल मंत्री, कुश्ती संघ के प्रेसिडेंट का जिनके अथक प्रयास से कुश्ती शिखर पर है। -बबीता फोगाट

### अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### राजस्थान के 40 गांव अभावग्रस्त घोषित

**जयपुर।** राजस्थान सरकार ने बुधवार को एक अधिसूचना जारी कर राज्य के चार जिलों के 40 गांवों को अभावग्रस्त घोषित किया है। आपदा प्रबन्धन एवं सहायता विभाग के शासन सचिव आशुतोष ए.टी.पेडणेकर की ओर से जारी अधिसूचना में बून्दी, चूरू, नागौर व सवाईमाधोपुर के जिला कलेक्टरों से प्राप्त रबी फसल 2019 की गिरदावरी रिपोर्ट के आधार पर इन गांवों को अभावग्रस्त घोषित किया गया है। एक सरकारी बयान के अनुसार अभावग्रस्त घोषित गांवो में बूंदी जिले के 18, चूरू के तीन, नागौर का एक एवं सवाईमाधोपुर जिले के 18 गांव शामिल हैं।

### फैक्ट्री में हमला, तीन चौकीदारों की मौत

**भरूच।** गुजरात के भरूच जिले में एक कांच फैक्टरी में 25-30 लोगों के एक समूह के हमले के बाद तीन चौकीदारों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अभी तक हमले का वास्तविक कारण पता नहीं चल पाया है। हालांकि पुलिस ने लूटमार के प्रयास का संदेह जताया है। अधिकारी ने कहा कि घटना मंगलवार देर रात हुई जब हमलावर अंकलेश्वर तालुका में उतियादरा गांव में पी जी कांच कंपनी की दीवार फांदकर अंदर घुसे और चौकीदारों पर हमला कर दिया।

### वाणिज्यिक भवन में आग लगने से अफरा-तफरी

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु के व्यस्त महात्मा गांधी मार्ग पर रविवार दोपहर एक बहुमंजिला वाणिज्यिक भवन में आग लगने से इसमें मौजूद लोगों के बीच अफरा-तफरी मच गई। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि 'फराह टावर' में मामूली आग लगी, जहां करीब 500 लोग काम करते हैं। हालांकि, कोई हताहत नहीं हुआ और आग पर काबू पा लिया गया। आग भवन के भूतल में लगी जिससे वहां धुआं फैल गया, इसे देख वहां काम करने वाले लोग ऊपरी तल की ओर भागने लगे। भवन में यूको बैंक की शाखा और एक कोचिंग सेंटर है, जहां घटना के समय लगभग 250 छात्र मौजूद थे। इसके अलावा इमारत में एक कूरियर कंपनी का कार्यालय समेत कई अन्य दफ्तर भी हैं।

### भुवनेश्वर-दुबई के बीच सीधी उड़ान सेवा की मांग

**भुवनेश्वर।** केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने ओडिशा में विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भुवनेश्वर और दुबई के बीच सीधी उड़ान सेवा शुरू करने के लिए शीघ्र कदम उठाए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सरकार ने 'उड़ान' योजना के जरिए क्षेत्रीय हवाई संपर्क विकसित करने में खासी प्रगति की है, लेकिन भुवनेश्वर इस समय केवल बैंकॉक से सीधी उड़ान सेवा के माध्यम से जुड़ा है। पेट्रोलियम एवं इस्पात मंत्री प्रधान ने नागर विमानन मंत्री हरदीप सिंह पुरी को लिखे एक पत्र में कहा कि ओडिशा 'प्रधानमंत्री के 'पूर्वोदय विजन' के तहत पूर्वी भारत के विकास इंजन के तौर पर उभर रहा है' और सीधा अंतरराष्ट्रीय संपर्क सुधारने से क्षेत्र के विकास की संभावनाओं को बल मिलेगा।

### जल संरक्षण को लेकर मंथन आज, जुटेंगे कई देश

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** देश में घटते जल संसाधनों और जल संरक्षण की आवश्यकता, और जल संसाधनों के निरंतर और न्यायसंगत इस्तेमाल के बारे में आम जनता को व्यापक रूप से जागरूक करने की दिशा में राष्ट्रीय जल संग्रहालय विकसित करने की पहल पर कल गुरुवार को दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला शुरू होगी। केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय के अनुसार जल संसाधन विभाग, आरडी और जीआर नई दिल्ली स्थित केन्द्रीय जल आयोग के ऑडिटोरियम में 19-20 सितम्बर को अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन कर रहा है। इस कार्यशाला का उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता जल संसाधन विभाग, आरडी और जीआर में सचिव यू.पी. सिंह करेंगे। जबकि अगले दिन 20 सितम्बर को जल शक्ति मंत्रालय में राज्य मंत्री रतन लाल कटारिया कार्याशाला की अध्यक्षता करेंगे।

---

लोस चुनाव के बाद पहली बार पीएम मोदी से हुई ममता की औपचारिक मुलाकात

# प. बंगाल के लिए स्पेशल फंड समेत कई मुद्दों पर हुई चर्चा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार ममता बनर्जी और प्रधानमंत्री मोदी की औपचारिक मुलाकात हुई। ममता बनर्जी की पीएम से इस मुलाकात का एकमात्र एजेंडा केंद्र सरकार के साथ पश्चिम बंगाल के संबंधों में मिठास लाना था। पीएम के साथ इस मुलाकात में ममता बनर्जी ने राज्य के लिए स्पेशल फंड को लेकर भी बातचीत की। ममता बनर्जी ने संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से बीरभूम जिले के देओचा पचमी कोयला ब्लॉक उद्घाटन करने का अनुरोध किया, जिसमें राज्य में लगभग एक लाख रोजगार पैदा करने की क्षमता है। कोल ब्लॉक से भी निवेश में 12,000 करोड़ रुपये आने की उम्मीद है। ममता ने बैठक कहा कि पीएम मोदी के साथ उनकी अच्छी चर्चा हुई। ममता ने बताया कि उन्होंने पीएम मोदी को पश्चिम बंगाल आने का न्यौता दिया है। ममता ने बताया कि उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात करने के लिए भी समय मांगा है। ममता ने कहा कि वह वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से भी मिलना चाहती हैं।

**खास बातें**

- ममता ने पीएम मोदी को पश्चिम बंगाल आने का दिया न्यौता
- ममता की पीएम से मुलाकात का एकमात्र एजेंडा केंद्र सरकार के साथ पश्चिम बंगाल के संबंधों में मिठास लाना था



### राज्य का नाम बदलने की भी की मांग

ममता ने बताया कि उन्होंने पीएम से पश्चिम बंगाल का नाम बदल कर बांग्ला करने का भी अनुरोध किया। ममता ने कहा कि पीएम के साथ इस बैठक में बेरोजगारी का भी मुद्दा उठाया। बैठक के बाद ममता ने यह भी कहा कि ममता ने बताया कि पश्चिम बंगाल में एनआरसी लगाने का कोई सवाल नहीं है, पीएम से इस बारे में कोई चर्चा नहीं हुई है।

### पीएम आवास में की मुलाकात

ममता बनर्जी ने पीएम से ये मुलाकात उनके आवास 7 लोक कल्याण मार्ग पर की। प्रधानमंत्री मोदी ने ममता बनर्जी के साथ हुई इस मुलाकात की तस्वीरें अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर शेयर की हैं। बता दें 2019 के लोकसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस को कड़ी टक्कर देते हुए 18 सीटों पर जीत दर्ज की। तृणमूल के खाते में राज्य की 22 सीटें आई थीं।

### बंगाल में एनआरसी का कोई प्रावधान नहीं

राष्ट्रीय नागरिक पंजी पर एक सवाल का जवाब देते हुए ममता ने कहा कि यह असम समझौते का हिस्सा है इसलिए पश्चिम बंगाल में इसे लागू करने का कोई प्रावधान नहीं है। न ऐसा कोई प्रस्ताव आया है न ऐसा किया जाएगा।

### ममता ने शाह से मिलने की इच्छा जताई

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गृहमंत्री अमित शाह से मिलने की इच्छा जताई है। ममता ने गृहमंत्री से मिलने की इच्छा ऐसे वक्त जताई है जब सीबीआई कोलकाता के पूर्व पुलिस कमिश्नर राजीव कुमार के खिलाफ हथौड़ा चला रही है। दरअसल, शारदा चिटफंड मामले में कोलकाता के पूर्व पुलिस कमिश्नर राजीव कुमार का पता लगाने के लिए सीबीआई ने एक विशेष टीम का गठन किया है। साथ ही उनका पता लगाने के लिए सीबीआई कई जगहों पर छापेमारी भी कर रही है। सूत्रों के मुताबिक, राजीव कुमार को तीन बार समन भेजा गया है। वो अब तक हाजिर नहीं हुए हैं। राजीव कुमार को एक बड़ा झटका देते हुए सीबीआई ने गैर जमानती वारंट के लिए कोलकाता की अदालत का दरवाजा खटखटाया।

---

शाह के बयान से भड़के रजनीकांत, कहा

# हिंदी न थोपें, पूरे भारत में एक ही भाषा संभव नहीं

एजेंसी ⏭ चेन्नई



जानेमाने अभिनेता रजनीकांत ने बुधवार को कहा कि भारत में एक आम भाषा की संकल्पना 'दुर्भाग्यपूर्ण रूप से' संभव नहीं है। रजनीकांत ने कहा कि हिंदी को थोपने के किसी भी प्रयास का न केवल दक्षिणी राज्य बल्कि उत्तर भारत में भी कई राज्य विरोध करेंगे। रजनीकांत की यह टिप्पणी केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा हिंदी को पूरे भारत की आम भाषा बनाने की हाल में वकालत किए जाने के जवाब में आयी है। शाह के उक्त बयान पर द्रमुक अध्यक्ष एम के स्टालिन और कांग्रेस नेता एवं कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया सहित दक्षिण भारत के विभिन्न नेताओं की ओर से तीखी प्रतिक्रिया आयी थी। रजनीकांत ने कहा कि हिंदी को थोपा नहीं जाना चाहिए क्योंकि पूरे देश में एक आम भाषा की संकल्पना 'दुर्भाग्यपूर्ण' रूप से संभव नहीं है। उन्होंने यहां हवाईअड्डे पर संवाददाताओं से कहा कि केवल भारत ही नहीं, बल्कि किसी भी देश के लिए एक आम भाषा होना उसकी एकता एवं प्रगति के लिए अच्छा है। दुर्भाग्यवश, हमारे देश में (कोई भी) एक आम भाषा नहीं ला सकता, इसलिए आप कोई भाषा थोप नहीं सकते।

### शाह बोले, कभी नहीं की हिंदी थोपने की बात

हिंदी पर अपने बयान से उठे विवाद को शांत करने का प्रयास करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि उन्होंने देश में कहीं भी हिंदी थोपने की बात कभी नहीं की बल्कि दूसरी भाषा के तौर पर इसके इस्तेमाल की वकालत की। शाह ने कहा कि वह लगातार क्षेत्रीय भाषाओं को मजबूत करने की वकालत कर रहे हैं। उन्होंने हिंदी अखबार द्वारा यहां आयोजित एक समारोह में कहा कि मैं भी एक गैर-हिंदी भाषी राज्य से आता हूं।

### हिंदी पर शाह का जोर संघीय ढांचे के खिलाफः मोइली

हिंदी को देश की एक समान भाषा बनाने की वकालत करने के लिए गृह मंत्री अमित शाह को आड़े हाथ लेते हुए वरिष्ठ कांग्रेसी नेता वीरप्पा मोइली ने बुधवार को कहा कि शाह का बयान भारत के संघीय ढांचे के खिलाफ है और उन्हें देश की एकता के लिए बयान वापस लेना चाहिए। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री ने एक बयान में कहा कि भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के 'एक देश, एक भाषा', 'एक देश, एक चुनाव' जैसे हालिया बयान संघीय ढांचे और भारत के लोकतंत्र के खिलाफ हैं।

---

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दी मंजूरी

# नए सिरे से लिखा जाएगा देश की सीमाओं का इतिहास

हरिभूमि ब्यूरो. ⏭ नई दिल्ली



देश की सीमाओं का इतिहास अब एक नए सिरे से लिखा जाएगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बीते मंगलवार को इस बाबत राजधानी में हुई एक बैठक में इसके लिए मंजूरी दे दी है। इस कार्य को पूरा करने के लिए लगभग दो साल की समयसीमा तय की गई है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक इस परियोजना में सीमांकन, परिसीमन, बदलाव, सुरक्षाबलों की भूमिका, सीमावर्ती लोगों की भूमिका, उनके जीवन की सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक स्थितियों को शामिल किया जाएगा। रक्षा मंत्री का कहना है कि सीमाओं का इतिहास फिर से लिखने से लोगों और खासकर अधिकारियों को देश की सीमाओं को बेहतर तरीके से समझने में मदद मिलेगी। इसके अलावा यह आमलोगों और विशेष तौर पर सीमाई क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को राष्ट्रीय सीमाओं के प्रति जागरुक बनाने में भी काफी मददगार साबित होगी। 17 सितंबर की बैठक में भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद (आईसीएचआर) के प्रतिष्ठित व्यक्तियों, नेहरू मेमोरियल संग्रहालय और पुस्तकालय, अभिलेखागार महानिदेशालय, गृह, विदेश और रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों शिरकत की थी। रक्षा मंत्री ने बैठक में इस परियोजना को लेकर मिले तमाम सुझावों का स्वागत किया और अधिकारियों को इस कार्य को शीध्रता से पूरा करने के लिए जरुरी स्त्रोत सामग्री, व्यापक संदर्भ, कार्यप्रणाली और कार्य योजना पर विशेषज्ञों से परामर्श करने का निर्देश भी दिया है।

---

# 2022 तक एनबीए से प्रत्यायन प्राप्त करें संस्थानः निशंक

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) से संबंद्ध संस्थानों को वर्ष 2022 तक राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (एनबीए) से अनिवार्य रूप से प्रत्यायन लेना होगा। क्योंकि इसके बाद इस कार्य के लिए इन्हें किसी प्रकार का कोई सीमा विस्तार नहीं दिया जाएगा। इस काम को समयबद्ध ढंग से इसे पूरा करने के लिए एआईसीटीई ने दो योजनाएं शुरू की हैं। यहां राजधानी में बुधवार को इनका शुभारंभ करते हुए केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने कहा कि सरकार की योजना देश के तमाम संस्थानों में चरणबद्ध ढंग से सुधार कर उनकी रैंकिंग को बेहतर करने की है। एनबीए से प्रत्यायन मिलने के बाद इसमें काफी बदलाव देखने को मिलेगा। साथ ही संस्थानों को लगातार अच्छा प्रदर्शन करने के लिए भी प्रेरित किया जा सकेगा। दो योजनाओं में कुल 727 संस्थान शामिल होंगे।

---

**पीयूसी नहीं होने पर नया जुर्माना लगेगा**

# गुजरात में हेलमेट के लिए बढ़ाई गई समयसीमा

एजेंसी ⏭ अहमदाबाद

- नए जुर्माने 15 अक्टूबर से प्रभाव में आएंगे



गुजरात सरकार ने राज्य की जनता को थोड़ी राहत देते हुए बुधवार को कहा कि हेलमेट पहनने और प्रदूषण नियंत्रण (पीयूसी) प्रमाणपत्र से संबंधित यातायात नियमों के उल्लंघन पर नए जुर्माने 15 अक्टूबर से प्रभाव में आएंगे। इससे पहले प्रदेश की भाजपा सरकार ने हाल ही में संसद द्वारा पारित मोटर वाहन अधिनियम के भारी-भरकम जुर्माने वाले प्रावधानों में छूट देने की घोषणा की थी और उसके बाद सोमवार को यातायात उल्लंघन के लिए कम जुर्माने के प्रावधान प्रभाव में आए। संशोधित मोटर वाहन कानून के तहत जहां बिना हेलमेट के दुपहिया वाहन चलाने पर 1000 रुपये का जुर्माना है, वहीं गुजरात में इसके लिए प्रस्तावित जुर्माना 500 रुपये है। अभी तक हेलमेट नहीं होने पर यहां 100 रुपये जुर्माना वसूला जा रहा था। पीयूसी प्रमाणपत्र नहीं होने पर राज्य सरकार ने 500 रुपये के जुर्माने का प्रस्ताव रखा है। नए मोटर वाहन कानून में भी यह राशि समान है। फिलहाल गुजरात में यातायात पुलिस वाहन चालक के पास पीयूसी प्रमाणपत्र नहीं होने पर 100 रुपये वसूलती है। राज्य सरकार के मंत्रिमंडल ने बुधवार को फैसला किया कि इन दोनों ही तरह के यातायात उल्लंघनों पर जुर्माने की राशि 15 अक्टूबर तक 100 रुपये ही रहेगी। प्रदेश के परिवहन मंत्री आर सी फलदू ने कैबिनेट की बैठक के बाद गांधीनगर में संवाददाताओं से कहा कि हमें पता चला है कि बाजार में पर्याप्त संख्या में हेलमेट नहीं होने से लोगों को परेशानी हो रही है।

---

## विश्वकर्मा पूजा...



पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले के श्रीनिकेतन में बुधवार को विश्वभारती विश्वविद्यालय के छात्रों ने 'विश्वकर्मा पूजा' के अवसर पर सिल्पा उत्सव मनाया।

---

कांग्रेस ने चुनाव आयोग से कहा

# महाराष्ट्र में 42 लाख से अधिक फर्जी मतदाता

**मुंबई।** कांग्रेस ने महाराष्ट्र में 42 लाख से अधिक फर्जी मतदाता होने का दावा करते हुए बुधवार को चुनाव आयोग से उनका नाम मतदाता सूची से हटाने अनुरोध किया। विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने महाराष्ट्र में आगामी विधानसभा चुनाव के दौरान इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की जगह मतपत्रों के इस्तेमाल पर भी जोर दिया। पार्टी महासचिव राजेश शर्मा के नेतृत्व में महाराष्ट्र कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने यहां चुनाव आयोग की पूर्ण टीम को सौंपे एक ज्ञापन में ये मांगें रखीं। मुख्य चुनाव




आयुक्त सुनील अरोड़ा, चुनाव आयुक्त अशोक लवासा और सुशील चन्द्रा विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिये मुंबई में हैं। शर्मा ने कहा कि पार्टी ने इस साल फरवरी में मुंबई में चुनाव आयोग के साथ बैठक के दौरान राज्य में लगभग 44.61 लाख फर्जी मतदाताओं की जानकारी दी थी।

---

अगले महीने शुरू करने की तैयारी

# 5 करोड़ सदस्य बनाने का अभियान शुरू करेगी कांग्रेस

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



कांग्रेस अगले महीने से एक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू करने की तैयारी में है, जिसके तहत पार्टी के साथ पांच करोड़ सदस्यों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। इस अभियान में फर्जी सदस्यता से बचने के लिए डिजिटल प्रणाली का भी सहारा लिया जाएगा। कांग्रेस के संगठन महासचिव के. सी. वेणुगोपाल द्वारा जारी एक सर्कुलर में पार्टी नेताओं को महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखंड को छोड़कर सभी राज्यों में सदस्यता के लिए डोर-टू-डोर अभियान शुरू करने के लिए कहा गया है। इन तीन राज्यों को फिलहाल इसलिए छोड़ा गया है, क्योंकि यहां अगले कुछ महीनों में ही चुनाव होने वाले हैं। देश की पुरानी व लंबे समय तक सबसे बड़ी पार्टी रही कांग्रेस अब फिर से उठ खड़ा होने की तैयारी में है। इसी दिशा में एक महीने पहले ही एक बार फिर से सोनिया गांधी को पार्टी की बागडोर सौंपी गई है।

---

# केरल में अब पेट्रोल पंप चलाएंगे कैदी

एजेंसी ⏭ तिरुवनंतपुरम



केरल के कैदी स्वादिष्ट एवं किफायती खाना खिलाने में सफलता हासिल करने के बाद अब पेट्रोल पंप का संचालन करने के लिए तैयार हैं और इसका श्रेय सरकार की एक अनोखी पहल को जाता है। तमिलनाडु और पंजाब के जेल विभागों से प्रेरणा लेते हुए, केरल का जेल विभाग राज्य के तीन केंद्रीय कारागारों के बाहरी परिसरों में पेट्रोल पंप खोलने की तैयारी में हैं जिन्हें चुने गए कैदी चलाएंगे। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन उन स्थानों पर ये पंप लगा रहा है जिसकी पहचान जेल विभाग ने की है। अधिकारियों ने कहा कि कम से कम 15 दोषी कैदियों की पहचान की जाएगी और शिफ्ट के आधार पर उन्हें पेट्रोल पंप चलाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा तथा जेल के नियमों के मुताबिक उन्हें उनके काम का मेहनताना दिया जाएगा। जेल के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि इस साल नवंबर-दिसंबर तक पेट्रोल पंप चालू करने की योजना है। जेल डीजीपी ऋषिराज सिंह ने बताया कि पहल के लिए सरकार की सभी आवश्यक मंजूरियां ले ली गई हैं। यह पेट्रोल पंप यहां पूजाप्पुरा, त्रिशूर जिले के विय्युर और कन्नूर के केंद्रीय कारागारों के परिसरों में खोले जाएंगे। उन्होंने कहा कि आईओसी जल्द ही निर्माण कार्य शुरू करेगा और अगले एक महीने में काम पूरा होने की उम्मीद है।

---

जमीन से लेकर आसमान तक दुश्मन का जवाब देने को पूरी तरह तैयार

# लद्दाख में सेना-वायुसेना ने युद्धभ्यास कर दिखाई ताकत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



भारतीय सेना ने लद्दाख में हजारों फीट की उंचाई पर चीन से लगती हुई सीमा पर एक बड़ा सैन्य अभ्यास किया है। इस सैन्य अभ्यास में थल सेना के साथ वायुसेना भी शामिल रही। इस सैन्य अभ्यास से हमारी सेना ने पूरी दुनिया तक यह पैगाम पहुंचा दिया है कि भारतीय सेना जमीन से लेकर आसमान तक दुश्मन का जवाब देने के पूरी तरह तैयार है। यह युद्धाभ्यास पाकिस्तान और चीन दोनों की नींद उड़ा सकता है। लद्दाख में इस सफल युद्धाभ्यास के बाद अब अगले महीने यानी अक्टूबर में अरुणाचल प्रदेश में भारतीय थल सेना की माउंटेन कोर और वायुसेना चीन सीमा के नजदीक एक बड़ा युद्धाभ्यास करने जा रही है। 'हिम विजय' नाम के इस युद्धाभ्यास के जरिए भारत बुरी नजर रखने वालों को बहुत साफ संदेश दे रहा है कि जो हमसे टकराएगा, चूर-चूर हो जाएगा। भारतीय सेना का यह युद्धाभ्यास तेजपुर के 4 कॉर्प्स के जवानों द्वारा किया जाना है लेकिन इसके लिए पानागढ़ से माउंटेन स्ट्राइक कॉर्प्स के जवान लाए जाएंगे। गौरतलब है कि 17 माउंटेन स्ट्राइक कॉर्प्स का हाल ही में गठन किया गया है।

- यह युद्धाभ्यास पाक और चीन दोनों की उड़ा सकता है नींद

### अरुणाचल में एडवांस लैंडिंग ग्राउंड की शुरुआत

चीन के साथ तनावपूर्ण संबंधों के बीच भारत ने अरुणाचल प्रदेश में एक और एडवांस्ड लैंडिंग ग्राउंड को बुधवार को शुरू कर दिया। चीन और म्यांमार की सीमा से सटे विजयनगर एडवांस्ड लैंडिंग ग्राउंड पर पूर्वी क्षेत्र के एयर कमांडर एयर मार्शल आरडी माथुर और भारतीय सेना के पूर्वी क्षेत्र के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल अनिल चौहान ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट एन-32 से लैंड कर इसकी शुरुआत की। अरुणाचल प्रदेश में सैन्य आधारभूत ढांचे को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 8 एडवांस्ड लैंडिंग ग्राउंड बनाए गए हैं जिनमें विजयनगर एडवांस्ड लैंडिंग ग्राउंड भी एक है। दो इंजनों वाले एन-32 विमान ने करीब 3 साल के अंतराल के बाद विजय नगर हवाई पट्टी पर लैंड किया है। विजयनगर देश से पूरी तरह से कटा हुआ था और इस बेहद दुर्गम इलाके में सड़क नहीं होने की वजह से यहां तक पहुंचना संभव नहीं था।

### जवानों को किया जाएगा एयरलिफ्ट

बताया जा रहा है कि ऑपरेशन 'हिम विजय' में शामिल होने के लिए माउंटेन स्ट्राइक कॉर्प्स के जवानों को एयरलिफ्ट कर ले जाया जाएगा। जवानों को एयरलिफ्ट करने के लिए एयरफोर्स की मदद ली जाएगी। उम्मीद की जा रही है कि इस युद्धाभ्यास में शामिल करने के लिए जवानों को एयरलिफ्ट करने के लिए वायुसेना के नवीनतम ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट सी-17, सी-130जे सुपर हरक्युलस और एएन-32 का इस्तेमाल किया जा सकता है।

### चीन सीमा के नजदीक पहली बार हो रहा है ऐसा युद्धभ्यास

जानकारी के मुताबिक इस युद्धाभ्यास में करीब 15000 जवान हिस्सा लेंगे। यह युद्धाभ्यास अक्टूबर महीने में किए जाने की तैयारी है। देश के पूर्वी मोर्चे पर चीन सीमा के नजदीक इस तरह का युद्धाभ्यास पहली बार हो रहा है। इसकी तैयारी पूर्वी कमांड पिछले पांच-छह महीने से कर रही थी।



कई सीरियल्स में अलग-अलग रोल्स निभा चुके हृषिकेश पांडे अच्छी एक्टिंग करने के साथ अपनी फिटनेस पर भी पूरा ध्यान देते हैं। इसके लिए वह किन बातों का ध्यान रखते हैं, जानिए उन्हीं की जुबानी।

## फिटनेस मतलब अच्छी लाइफस्टाइल

**फिटनेस फंडा**

**हृषिकेश पांडे**

हृषिकेश पांडे टीवी इंडस्ट्री के पॉपुलर एक्टर हैं। उनको मशहूर टीवी शो 'सीआईडी' में लंबे समय तक देखा गया। सीरियल 'पोरस' में उन्होंने सेनापति रिपुदमन सिंह का किरदार निभाया। इन दिनों स्टार भारत के शो 'जग जननी मां वैष्णोदेवी' की शूटिंग में व्यस्त हैं। अपनी फिटनेस पर हमेशा से ध्यान देने वाले हृषिकेश मानते हैं कि हर इंसान को फिट रहना चाहिए। हाल में ही एक मुलाकात में उन्होंने बताया अपना फिटनेस फंडा।



### फिटनेस के मायने

मेरा मानना है कि फिट रहने के लिए पहले फिटनेस के मायने पता होने चाहिए तभी आप सही दिशा में अपने कदम बढ़ा सकते हैं और फिट रह सकते हैं। मेरे लिए फिटनेस का मतलब है अच्छी-सही लाइफस्टाइल। क्योंकि फिटनेस वो नहीं है कि आप कुछ दिन जिम चले जाएं बॉडी बना लें। यह आपको कुछ दिनों तक तो सुंदर और फिट दिखा सकता है लेकिन पूरी जिंदगी नहीं। अगर आपको पूरी जिंदगी फिट और हेल्दी रहना है तो अच्छा लाइफस्टाइल अपनाना होगा।

### फॉलो करता हूं रूल्स

पहला और जरूरी नियम तो यह है कि मुझे अपने जीवन में कोई ऐसी चीज या आदत शामिल नहीं करनी है, जो मेरी सेहत के लिए हानिकारक हो। इसलिए मैं न तो ड्रिंक करता हूं, न ही स्मोकिंग करता हूं। कोई पान मसाला भी नहीं खाता।

### घर का खाना

मैं कोशिश करता हूं कि ज्यादा से ज्यादा घर का खाना खाऊं। रोज शूटिंग पर घर से खाना लेकर जाता हूं। जब मुंबई से बाहर शूटिंग पर जाना हो तभी बाहर का खाना खाता हूं। मैं कोशिश करता हूं कि मैं जो कुछ भी खाऊं वह हेल्दी ही हो। खाना समय पर खाऊं, ऐसा नहीं करता कि कभी भी खा लिया। अच्छी सेहत के लिए जरूरी है कि आप अपने खान-पान पर ध्यान दें क्योंकि अधिकांश दिक्कतें गलत खानपान की वजह से ही शुरू होती हैं।

### सकारात्मक सोच

अच्छी सेहत केवल शरीर के स्वस्थ होने से ही नहीं होती बल्कि हमारा दिमाग भी स्वस्थ होना चाहिए। हमारे शरीर की आधी समस्याएं हमारी सोच से पैदा होती हैं। हमारी नकारात्मक सोच-विचार भी कई बीमारियों की जड़ होती हैं। तनाव, नींद न आना और अवसाद सब हमारी सोच से उपजे रोग हैं। इसलिए अपनी सोच को सकारात्मक रखें। अपने बारे में भी अच्छा सोचें और दूसरों के बारे में भी। दूसरों को देखने के बजाय खुद पर ध्यान दें। बहुत सारे लोगों की दिक्कत यह है कि वे हमेशा यही सोचते रहते हैं कि दूसरा ऐसा क्यों कर रहा है? उसने तो नई गाड़ी ले ली है हमारे पास तो छोटी है, इस तरह की बातों को अपने दिमाग में न आने दें। नकारात्मक सोच का असर खुद उस व्यक्ति पर तो पड़ता ही है, साथ ही उसके आस-पास के लोगों पर भी पड़ता है।

### ये मेरे लिए हैं जरूरी

मैं जिम जाता हूं। योग करता हूं। स्विमिंग भी करता हूं। मैं लगभग रोज खेलता हूं। जैसे बैडमिंटन या कोई और गेम। जैसे ही शूट के बीच में थोड़ा ब्रेक मिलता है, मैं बैडमिंटन खेलता हूं। कभी वहीं आस-पास वॉक पर चला जाता हूं। मेरी कोशिश रहती है कि फालतू गप्पबाजी करने के बजाय अपनी फिटनेस से जुड़ी चीजों पर ध्यान दूं। अब यह सब मेरी लाइफस्टाइल का हिस्सा बन चुकी हैं इसलिए मुझे अब कोई टेंशन नहीं रहती। मैं अपनी इसी लाइफस्टाइल को फॉलो करता हूं।●

प्रस्तुति- रेणु खंतवाल

---

**वर्ल्ड अल्जाइमर्स-डे, 21 सितंबर स्पेशल**

अल्जाइमर, मस्तिष्क को प्रभावित करने वाली एक लाइलाज बीमारी है। यह मनोभ्रंश या डिमेंशिया की तरह ब्रेन डिसऑर्डर डिजीज है। आमतौर पर यह रोग ओल्ड एज में होता है लेकिन कई बार मिड एज में भी देखने को मिलता है। ऐसे पेशेंट्स के ट्रीटमेंट के साथ बहुत अच्छी तरह केयर की भी जरूरत होती है। इस बारे में हम दे रहे हैं बहुत उपयोगी जानकारियां।

## अल्जाइमर पेशेंट की करें ट्रीटमेंट के साथ प्रॉपर केयर





**डॉक्टर्स एडवाइस**

**डॉ.दिनेश कुमार सती**
न्यूरोसर्जन, जीटीबी अस्पताल
नई दिल्ली

अल्जाइमर होने पर मस्तिष्क में तंत्रिका तंत्र की कोशिकाएं विकृत या नष्ट हो जाती हैं। न्यूरोट्रांसमीटर के जरिए संदेश पहुंचाने वाले ऐसीटिलकोलाइन रसायन का संचार नहीं हो पाता और मस्तिष्क में विशेष एक तरह के एमीलॉयड प्रोटीन की मात्रा ज्यादा होने लगती है। इस वजह से ब्रेन सेल्स में प्लाक और टैंगल सामग्री जमने लगती है। इससे तंत्रिका कोशिकाएं काम करना बंद कर देती हैं। एक-दूसरे के साथ संवाद करना बाधित हो जाता है या उनके बीच कनेक्शन बाधित हो जाता है। मरीज की अनुभूति, याददाश्त, मानसिक प्रक्रिया, व्यवहार और रोजमर्रा की गतिविधियों में लगातार गिरावट आने लगती है।

### बीमारी के दुष्प्रभाव

अल्जाइमर से प्रभावित व्यक्ति अपनी याददाश्त या सुध-बुध खो बैठते हैं और अपनी दुनिया में खोए रहते हैं। उन्हें न तो अपने अस्तित्व के बारे में याद रहता है, न ही आस-पास के वर्तमान परिवेश का कुछ अहसास होता है। धीरे-धीरे उस व्यक्ति की याददाश्त या मस्तिष्क के सभी हिस्से प्रभावित हो जाते हैं, वह मानसिक असंतुलन की अवस्था में पहुंच जाता है। समय पर ध्यान न दिया जाए तो उस व्यक्ति की मौत भी हो सकती है। ब्रेन में निरंतर होने वाले परिवर्तनों के कारण इसे प्रोग्रेसिव डिजीज कहा जा सकता है।

### बढ़ रहे हैं पेशेंट्स

चूंकि अल्जाइमर पीड़ित व्यक्ति को समुचित देखभाल और इलाज की जरुरत होती है, जिसे अकसर नजरअंदाज किया जाता है। इसी का दुष्परिणाम है कि आज दुनिया भर में अल्जाइमर मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट के हिसाब से हर 4 सेकेंड में दुनिया भर में अल्जाइमर का एक नया मामला सामने आ रहा है। उनका समुचित इलाज न होने के कारण करीब 38 मिलियन लोग अल्जाइमर से पीड़ित हैं। आंकड़ों के मुताबिक अल्जाइमर पीड़ितों की अगर यही स्थिति रही, तो इनकी संख्या 2030 तक 76 मिलियन और 2050 तक 135 मिलियन हो जाएगी।

### कैसे होता है रोग

हालांकि अल्जाइमर उम्रदराज लोगों को अधिक प्रभावित करता है, लेकिन यह उम्र बढ़ने का एक जरूरी परिणाम या सिंड्रोम नहीं है। यानी जरूरी नहीं कि उम्र बढ़ने पर सभी अल्जाइमर का शिकार हों। अनुसंधानों से साबित हुआ है कि दुनिया भर में अकसर बड़ी उम्र (60 साल से अधिक) के 50 प्रतिशत से अधिक लोग अल्जाइमर से पीड़ित हैं लेकिन यह भी देखने में आया है कि 10 प्रतिशत छोटी उम्र के व्यक्ति (45 से 60 साल के) भी इस समस्या से ग्रस्त हैं। हालांकि उनकी संख्या बहुत कम है। उन्हें यह बीमारी या तो आनुवांशिक तौर पर मिलती है या फिर उनके ऊपर काम के दबाव से यह समस्या उत्पन्न होती है। विरासत में मिलने वाला म्यूटेशन जीन व्यक्ति को छोटी उम्र में ही अल्जाइमर का शिकार बना देता है।

### रोग होने के अन्य कारण

- बढ़ती उम्र इसका प्रमुख कारण है।
- पार्किंसन रोग, ब्रेन ट्यूमर, एंटी-एंजाइटी, हाइपर थॉयरायडिज्म, हाई ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रॉल लेवल बढ़ने जैसी बीमारियों के लिए ली जाने वाली मेडिसिन के साइड इफेक्ट की वजह से।
- लंबे समय से एल्कोहल या स्मोकिंग करना जिससे मस्तिष्क में ऑक्सीजन की कमी हो जाती है और इसकी स्थिति हो सकती है।
- डाइट में विटामिन बी 12, फोलिक एसिड जैसे पोषक तत्वों की कमी।
- मेनोपॉज के बाद हार्मोनल परिवर्तन के कारण महिलाओं में होने वाला अवसाद।
- एक्सीडेंट या सिर पर गंभीर चोट लगने के कारण भी ऐसा हो सकता है।

### मौत का कारण

आंकड़ो के मुताबिक बड़ी उम्र में दुनिया भर में होने वाली मौतों में पांचवां प्रमुख कारण अल्जाइमर है। सामाजिक और आर्थिक दृढ़ता के अभाव में अल्जाइमर पीड़ित व्यक्ति का समुचित इलाज और देखभाल नहीं हो पाता। जिससे वह कई बार संक्रमण की चपेट में आ जाता है।

### आरंभिक लक्षण

- अल्जाइमर के मरीज की याददाश्त धीरे-धीरे कमजोर होती जाती है।
- अवसाद और कुंठा से ग्रसित रहना।
- समय, तारीख, स्थान और मौसम के बारे में भ्रम होना।
- मूड और व्यवहार में निरंतर परिवर्तन आना। सबसे अलग अपनी दुनिया में खोए रहना। आपत्तिजनक बातें करना, हस्तक्षेप करने पर कभी-कभी आक्रामक तक हो जाना।
- याददाश्त कमजोर होने से अपनी दिनचर्या, यहां तक कि खाने-पीने और सोने का भी ध्यान न होना।
- भाषा का प्रयोग ठीक प्रकार से न कर पाना।
- दूसरों को यहां तक कि परिवारजनों को पहचानने में गलती करना।
- कुछ नया सीखने में कठिनाई होना।
- दैनिक जीवन के रूटीन में अपने व्यक्तिगत कार्य ठीक से न कर पाना और दूसरों पर आश्रित होना।
- शारीरिक क्रियाओं पर नियंत्रण खो देना।

### उपचार

अल्जाइमर के लक्षण दिखने पर जल्द से जल्द डॉक्टर के पास लेकर जाना चाहिए। हालांकि इसके उपचार की कोई विशिष्ट तकनीक नहीं है। कुछ दवाइयों से इसे नियंत्रित किया जा सकता हैं। न्यूरोलॉजिस्ट या मनोचिकित्सक, रोगी और उसके परिवार के साथ आपस में बातचीत करके रोगी की मानसिक स्थिति की पहचान कर इलाज करते हैं। बायोप्सी और ऑटोप्सी करके उसके ब्रेन की जांच के लिए सीटी स्कैन, एमआरआई या पीईटी स्कैन जैसे परीक्षण कराए जाते हैं। वैसे तो अल्जाइमर रोग का कोई इलाज नहीं है। फिर भी फूड एंड ड्रग्स एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) ने मरीज को होने वाली दूसरी समस्याओं को दूर करने और अस्थायी उपचार के लिए कुछ दवाओं की सिफारिश की है। जिन्हें मरीज की स्थिति के हिसाब से रिलैक्स करने के लिए दिया जाता है। अल्जाइमर के मरीजों के डिप्रेशन कम करने, उनके विचारों, भावनाओं, व्यवहार और शारीरिक क्रियाओ को यथासंभव नियंत्रित करने के लिए मनोचिकित्सा की मदद भी ली जाती है।

मनोवैज्ञानिक कॉग्निटिव बिहेवियरल थेरेपी (सीबीटी) के माध्यम से मरीज को उनकी स्थिति के बारे में समझाते हैं। उन्हें पॉजिटिव सोचने, काम करने के तरीकों में बदलाव लाना, डायरी मेंटेन करने, रोजमर्रा में काम आने वाली छोटी-



छोटी चीजों को एक फिक्स जगह रखने की हैबिट डालने, परिवार के सदस्यों से तालमेल बिठाना सिखाया जाता है। अल्जाइमर के मरीजों के उपचार के लिए मेडिटेशन के साथ-साथ परिवार के सदस्यों को उनकी यथासंभव मदद और समुचित देखभाल करना भी बहुत जरूरी है।●

प्रस्तुति-रजनी अरोड़ा

---

## ओवर एक्सरसाइज बन सकती है इंफर्टिलिटी की वजह

**प्रिकॉशन**

अच्छी हेल्थ और फिटनेस के लिए एक्सरसाइज को जरूरी माना जाता है। हमारे शरीर को रोज थोड़ी मात्रा में शारीरिक सक्रियता की जरूरत होती है, भले ही वह किसी भी रूप में क्यों ना हो। इससे हमारे शारीरिक और मानसिक विकास को लाभ मिलता है। हालांकि एक्सरसाइज के कई सकारात्मक पहलू हैं लेकिन अत्यधिक कसरत, बांझपन यानी इंफर्टिलिटी का कारण भी बन सकती है। फिर चाहे वह कोई स्त्री हो या पुरुष। ऐसा देखा गया है कि कई महिलाओं में एमेनोरिया यानी रजोरोध की स्थिति इस वजह से पैदा होती है, क्योंकि वे शरीर को नियमित रूप से ऊर्जा प्रदान के लिए जरूरी कैलोरीज प्रदान करने वाली चीजों का सेवन किए बिना ही जिम में नियमित रूप से किसी खास तरह की एक्सरसाइज के तीन से चार सेशन करती हैं। शरीर में कैलोरी की कमी का सीधा असर उनकी उर्वरता पर पड़ता है। इसके अलावा मोटापा भी इसमें एक अहम भूमिका निभाता है, क्योंकि ज्यादातर ओवर वेटेड महिलाएं वजन घटान के लिए कई बार काफी कठिन कसरत करती हैं, जिसका उनकी उर्वरता पर नकारात्मक असर पड़ता है। इसके अलावा ज्यादातर गर्भनिरोधक दवाइयों में एस्ट्रोजन का स्तर ज्यादा होता है और इसीलिए उनका सेवन करने क बाद महिलाएं खुद को गर्भवती होने से रोक पाती हैं। इसी तरह पुरुषों में हैवी ट्रेनिंग सेशन के कारण शरीर में शुक्राणुओं की संख्या में कमी आ सकती है, जो सीधे तौर पर उनकी फर्टिलिटी से जुड़े होते हैं। अगर आप अत्यधिक थका देने वाली और कठिन ट्रेनिंग से गुजरते हैं, तो फिर इस बात की संभावना ज्यादा है कि आपके शरीर में उन लोगों के मुकाबले शुक्राणुओं की संख्या में ज्यादा कमी हो, जो लोग सामान्य ट्रेनिंग सेशन को फॉलो करते हैं। धूम्रपान और शराब का सेवन करने की आदत भी पुरुषों की उर्वर क्षमता को प्रभावित करती है। कहने का सार यही है कि नियमित रूप से आपको व्यायाम करना चाहिए, लेकिन क्षमता से अधिक नहीं। ●

(इंदिरा आईवीएफ हास्पिटल, नई दिल्ली की आईवीएफ एक्सपर्ट डॉ. सागरिका अग्रवाल से बातचीत पर आधारित)

---

## क्या आप भी हैं मुंह के छालों से परेशान

**मेडिकल सजेशन**

**डॉ. राहुल अग्रवाल**
ईएनटी स्पेशलिस्ट, मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, वैशाली

मुंह में छाले होना एक सामान्य स्वास्थ्य समस्या है। अधिकतर मामलों में कुछ दिनों में ये अपने आप ही ठीक हो जाते हैं। लेकिन कई लोग अकसर होने वाले मुंह के छालों से परेशान रहते हैं। इनमें बहुत दर्द भी होता है और कई बार ये समस्या इतनी गंभीर हो जाती है कि बोलने और खाने में भी परेशानी होती है। वैसे 25-35 वर्ष के आयुवर्ग के लोगों को ये समस्या अधिक होती है, लेकिन किसी को किसी भी उम्र में मुंह में छाले हो सकते हैं।

### समस्या क्या है

मुंह के छालों को मॉउथ सोर या मॉउथ अल्सर्स भी कहते हैं। ये छोटे-छोटे छाले होते हैं, जो मुंह के मुलायम ऊतकों या मसूड़ों पर पर विकसित हो जाते हैं, कई बार जबान या तालू के नीचे भी हो जाते हैं। ये संक्रामक नहीं होते हैं, लेकिन इनमें तेज दर्द हो सकता है, जिससे खाने और बोलने में परेशानी हो सकती है। छाले विकसित होने से एक या दो दिन पहले जलन या झुनझुनी महसूस हो सकती है। गंभीर अल्सर के कारण बुखार भी आ सकता है। दर्द तंत्रिकाओं के कारण होता है, जो मुखगुहा के सतह की सबसे बाहरी परत पर होती हैं, जो एक खुला और अल्सरयुक्त गड्ढा बनने से एक्सपोज हो जाती हैं।

### क्या हैं कारण

मुंह के छाले कई कारणों से होते हैं। दैनिक जीवन की मामूली गलतियों से लेकर गंभीर बीमारियों तक। इसके होने के कारणों में शामिल हैं-

- बोलने या खाना खाने में आपके होंठ, जीभ या गाल कट जाए।
- अत्यधिक गर्म खाना खाने या पेय पीने से मुंह जल जाए।
- मुंह के ब्रेसेस से जलन अनुभव होना।
- अत्यधिक रगड़कर दांत साफ करना, या कड़े ब्रश वाले टूथब्रश इस्तेमाल करना।
- बैक्टीरिया, वायरस और फंगस का संक्रमण होने की वजह से।
- कॉफी का अधिक मात्रा में सेवन।
- तंबाकू चबाना।
- दवाइयों के साइट इफेक्ट्स।
- रेडिएशन एंड कीमोथेरेपी।
- ऑटो इम्यून डिसऑर्डर।
- हार्मोन के स्तर में परिवर्तन।

### उपचार

मामूली छाले, प्राकृतिक रूप से 5 से 10 दिन में अपने आप ठीक हो जाते हैं, लेकिन अगर ये 5-6 सप्ताह तक ठीक नहीं हों तो फिर उपचार की आवश्यकता पड़ती है। ●

प्रस्तुति-शमीम खान

---

**रिसर्च**

## डायबिटीज पेशेंट्स को कैंसर होने का ज्यादा खतरा



आज के दौर में अनियमित खान-पान के कारण डायबिटीज की बीमारी तेजी से लोगों को अपनी चपेट में ले रही है। डायबिटीज के कारण लोग कैंसर की भी चपेट में आ रहे हैं। अमेरिका में हुए एक रिसर्च में शोधकर्ताओं ने पता लगाया है कि टाइप 1 और टाइप 2 डायबिटीज के मरीजों को कुछ खास प्रकार के कैंसर होने का खतरा ज्यादा क्यों रहता है? शोध में पाया गया कि जिन व्यक्तियों में ब्लड शुगर लेवल हाई होता है, उनके डीएनए के डैमेज होने की संभावना उन लोगों के मुकाबले ज्यादा होती है, जिनका शुगर लेवल नॉर्मल या कम होता है। हाई ब्लड शुगर के कारण डीएनए को होने वाले नुकसान के ठीक होने की संभावना कम होती है। अमेरिका में हुए इस शोध में अग्रणी भूमिका निभाने वाले जॉन टेरमिनी ने कहा कि लंबे समय से सबको पता है कि डायबिटीज के मरीजों को कुछ खास प्रकार के कैंसर होने का खतरा दूसरों के मुकाबले ढाई गुना ज्यादा होता है। इनमें किडनी, ब्रेस्ट, ओवेरियन आदि कैंसर शामिल हैं। टेरमिनी के अनुसार टाइप 2 डायबिटीज के मरीजों के केस में इंसुलिन ग्लूकोज को सेल्स तक ठीक तरीके से नहीं पहुंचा पाता है। इस वजह से पैंक्रियाज इंसुलिन का प्रोडक्शन बढ़ा देता है, जो हाइपर इंसुलिनीमिया का कारण बनता है। इंसुलिन ब्लड शुगर को नियंत्रित करने के साथ ही सेल्स की ग्रोथ को प्रभावित कर सकता है, जो कैंसर की वजह बन सकता है। शोध के दौरान सामने आया कि हाई ग्लूकोज लेवल डीएनए के जोड़ों पर असर डालते हुए उन्हें नुकसान पहुंचाता है, जिससे जीनोम अनस्टेबल हो जाता है और कैंसर होने की आशंका बढ़ जाती है। ●

-अजेश कुमार

**आमंत्रित हैं लेख...**

स्वयं डॉक्टर्स या लेखक, स्पेशलिस्ट डॉक्टरों से बातचीत पर आधारित लेख हमें इस पृष्ठ में प्रकाशनार्थ भेज सकते हैं। लेख इस पते पर भेजें

हरिभूमि- संपादक-सेहत
सी-101, 102 न्यू मुल्तान नगर, दिल्ली-110056
या मेल करें-sehatharibhoomi@gmail.com


## हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

**ज्योतिष**

कर भला तो हो भला
MY PROMISE
जैसा चाहोगे वैसा होगा
मेरे किया जो काटे उसे ईनाम
बाबा बंगाली
वशीकरण स्पेशलिस्ट
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, गृह क्लेश, नौकरी, कारोबार, पति, पत्नी में अनबन, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, मूठकरनी 3 घंटे में घर बैठे समाधान। सभी जगह से निराश एक बार अवश्य फोन करें।
9012184215

खुला चैलेंज
गुरू विशाल शर्मा (गोल्डमेडलिस्ट)
शक्ति चमत्कार देखें घर बैठे 11 मिनट में समाधान
स्पेशलिस्ट: वशीकरण, मुठकरनी
प्रेमविवाह, सौतन, दुश्मन से छुटकारा, पति, पत्नी में अनबन, प्यार में धोखा, विदेश यात्रा, शादी, तलाक, कारोबार में बाधा, गड़ा धन मुकदमा आदि का । A to Z समाधान । हर जगह से निराश एक बार फोन करें
9718972956
9891598324

**ज्योतिष**

मेरे किये हुये काम को काटे उसे मुँह मांगा ईनाम
17 सालो से एक स्थान पर
खुला चैलेंज
गुरू पाशा जी बंगाली
3 घंटे में 101% गारंटिड समाधान जैसे मनचाहा प्यार, मनचाही शादी में रुकावट, रूठे को मनाना, प्यार में धोखा खाये मिले, कारोबार में बंदिश, पति-पत्नी में अनबन, बिमारी में दवा ना लगना, सास-बहू में झगड़ा, जादू-टोना, चौकी छोड़ने के माहिर
स्पे. महामुठकरणी व वशीकरण सौतन व दुश्मन छुटकारा
8929377723
www.gurupashaji.com Fees ₹ 200/-
पता : रमेश नगर मेट्रो स्टेशन, दिल्ली

कर भला तो हो भला
MY PROMISE
जैसा चाहोगे वैसा होगा
आ गए हैं गुरूओं के महागुरू
गुरू अर्जुन शर्मा
वशीकरण स्पेशलिस्ट
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, गृह क्लेश, नौकरी, कारोबार, पति, पत्नी में अनबन, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, मूठकरनी 3 घंटे में घर बैठे समाधान। सभी जगह से निराश एक बार अवश्य फोन करें।
8512013053
7428720960

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**नौकरी**

☞ B.B.B.P.Y SMS JOB कम्पनी में लड़के-लड़कियां, गृहणियां, रिटायर्ड कर्मचारी घर बैठे पार्ट/फुलटाईम SMS भेज कर कमाएं 15000 से 45000 महीना मोबाईल + लैपटॉप+ बाइक फ्री 72569-37167, 91357-58262

**लोन**

☞ पैसा लेते नहीं धोखा देते नहीं जीवन भारती फाइनेंस जनधन योजना के अंतर्गत होम, पर्सनल, मार्कशीट, महिला ग्रुप लोन व सभी प्रकार के लोन ब्याज 2% छूट 40% एजेंट आंमत्रित 94991-66862

**फायनेंस**

☞ MAHINDRA FINANCE लोन योजना एवं जनकल्याण अन्तर्गत 50,000-9500000 मार्कशीट, प्रॉपर्टी, आधारकार्ड एवं सभी प्रकार के लोन पाएं 2% ब्याज 50% सब्सिडी महिला ग्रुप लोन उपलब्ध 94560-39267

☞ पैसा लेते नहीं धोखा देते नहीं जीवन भारती फाइनेंस जनधन योजना के अंतर्गत होम, पर्सनल, मार्कशीट, महिला ग्रुप लोन व सभी प्रकार के लोन ब्याज 2% छूट 40% एजेंट आंमत्रित 94991-66862

☞ दिवाली धमाका ऑफर Jindal Finance Company देश की नम्बर 1 Company सभी प्रकार के लोन BPL कार्ड पर्सनल मार्कशीट पर 8th 10th 12th लोन घर बैठे 24 घंटों में प्राप्त करें, ग्रामीण शहर विकास योजना के अंतर्गत 0% ब्याज 30% सब्सिडी 50 लाख तक लोन महिलाओं विद्यार्थियों के लिए छूट धोखे से सावधान (Online सुविधा) Whatsapp No 6397688983

☞ महालक्ष्मी फाइनेंस कम्पनी BPL आधारकार्ड, राशनकार्ड, मार्कशीट, ईंट भट्ठा सभी प्रकार के लोन पास कराये जाते है। 50 हजार से 50 लाख लोन पास करायें 40 प्रतिशत सब्सिडी 1 प्रतिशत ब्याज पर अपना लोन पास करायें, 1 घंटे में अपना काम करें। धोखेबाजों से सावधान। मो. 7599680565

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**आवश्यकता**

☞ होटल, लॉज, रेस्टोरेंट में महिला / पुरुष, वेटर, रिसेप्शन, सफाई, कुक, कीचन कर्मचारी रहना खाना फ्री। पता- होटल अपना केशरी लॉज एंड होटल शिवप्रभा इन पावर हाऊस, भिलाई (छ.ग.) मो. 98932-15251, 89669-81590

**आवश्यकता**

☞ एयरपोर्ट भर्ती तुरंत इंटरव्यू (8वीं - ग्रेजुएट) लड़के-लड़कियाँ (25500-74500) सुपरवाईजर कम्प्यूटर ऑपरेटर, एयरहोस्टेज, क्लर्क, ड्राईवर, हेल्पर, लोडर, चेकर, स्टोरकीपर, रहना + खाना + फण्ड + बीमा + लैपटॉप फ्री सम्पर्क करें 96397-45866, 79004-58506

**टॉवर**

☞ गैलेक्सी टॉवर कम्पनी सभी कम्पनियों के 3G-4G टॉवर लगवायें आयडिया, एयरटेल, बोडाफोन, JIO टॉवर लगवाने अपनी खाली पड़ी छत, खेत, मकान, प्लाट पर। 70 लाख एडवांस 30 हजार किराया प्रति माह 20 साल कोर्ट एग्रीमेंट 2 लोगो को नौकरी। सम्पर्क 7668916707 धोखेबाजों से सावधान

☞ निर्देश किसी भी फाइनेंस/टॉवर कम्पनी में कार्य चल रहा है या धोखा हुआ है तो तुरंत संपर्क करें 75798-52682 सभी कम्पनी के 4G टॉवर लगवायें 94110-21070

## महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव

# नासिक से चुनावी बिगुल फूंकेंगे पीएम मोदी

एजेंसी ⏭ मुंबई

आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी चुनाव प्रचार की शुरुआत साधू-संत और महंतों के शहर गोदावरी से कर रही है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के जनादेश यात्रा के समारोह के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नासिक शहर से चुनाव का बिगुल फूंकेंगे। उत्तर महाराष्ट्र की इस पावनभूमि से चुनाव प्रचार के शुभारंभ के अपने मायने हैं।

चुनाव प्रचार की शुरुआत के लिए बीजेपी ने कुंभ नगरी गोदावरी का चयन किया है. साल 2014 को इसी तपोवन मैदान पर हुई नरेंद्र मोदी की भव्य जनसभा ने कांग्रेस-राष्ट्रवादी के इस गढ़ पर फतेह हासिल की थी। 1995 में बीजेपी-शिवसेना गठबंधन की सरकार की घोषणा बाल ठाकरे ने इसी तपोवन मैदान से की थी. यही वजह है कि नासिक शहर और उसका ये तपोवन मैदान बीजेपी-शिवसेना गठबंधन के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। एक समय था तब नासिक के सभी 15 विधायक शरद पवार की पार्टी से हुआ करते थे। ये शरद पवार का गढ़ माना जाता था. बारामती के बाद सबसे सुरक्षित विधानसभा क्षेत्र शरद पवार के लिए यही नासिक शहर था। लेकिन 2014 लोकसभा चुनाव के बाद उत्तर महाराष्ट्र बीजेपी के नाम हो गया. 2014 के विधानसभा में पहली बार उत्तर महाराष्ट्र की 47 विधानसभा सीटों में से बीजेपी के नाम 19 सीटें हुईं। अब मुख्यमंत्री विश्वास जता रहे हैं कि इसबार बीजेपी-



शिवसेना गठबंधन 42 सीटें जीतने में कामयाब होगी। इसी लक्ष्य को हासिल करने के लिए बीजेपी ने प्रधानमंत्री की महाराष्ट्र चुनाव की पहली सभा के लिए नासिक शहर का चुनाव किया है।

बीजेपी को विदर्भ के बाद सबसे ज्यादा जनादेश जिस उत्तर महाराष्ट्र की जनता ने 2014 और 2019 लोकसभा चुनाव में दिया, उनका धन्यवाद करने और दोबारा जनादेश मांगने के लिए मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री खुद नासिक पहुंचेंगे। सिंहस्थ कुंभ मेले में साधू-संतों के शाही स्नान के जुलूस की शुरुआत भी इसी तपोवन मैदान से हुई थी. बीजेपी सत्ता के शाही स्नान की शुरुआत भी इसी तपोवन मैदान से करना चाहती है।

### फडणवीस की पत्नी ने मोदी को 'फादर ऑफ नेशन' कहा, खड़गे बोले- सिर्फ महात्मा गांधी ही 'राष्ट्रपिता'

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की पत्नी अमृता फडणवीस ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके जन्मदिन पर बधाई दी और उन्हें 'फादर ऑफ नेशन' बताया। इस पर कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को कहा कि सिर्फ महात्मा गांधी को ही 'राष्ट्रपिता' की संज्ञा दी जा सकती है। खड़गे ने कहा कि केवल महात्मा गांधी ही राष्ट्रपिता हो सकते हैं। सिर्फ लोकप्रियता के कारण उन्होंने ऐसा बयान दिया है। यदि वे प्रधानमंत्री को राष्ट्रपिता मानना चाहती हैं तो वे ऐसा मानें। इससे पहले, अमृता फडणवीस ने मोदी को बधाई दी और ट्वीट किया, "हमारे राष्ट्रपिता नरेंद्र मोदी जी को जन्मदिन की शुभकामनाएं। वे हमें लगातार समाज कल्याण के लिए काम करने के लिए प्रेरित करते रहते हैं।

### महाराष्ट्र और बिहार में शिवसेना, जद (यू) कर रही हैं सीटों की जोर आजमाइश

महाराष्ट्र में शिवसेना तो बिहार में जद (यू) राज्य विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा को आंखें दिखा रहे हैं। जहां महाराष्ट्र के चुनाव इसी साल अक्टूबर-नवंबर में संभावित हैं, वहीं बिहार के चुनाव अक्टूबर 2020 में होने हैं। भारतीय जनता पार्टी के एक राष्ट्रीय महासचिव का कहना है कि इसमें उन्हें कोई आश्चर्य नहीं हो रहा है और इसकी उम्मीद पहले ही थी। भाजपा अध्यक्ष अमित शाह भी इस तरह की स्थिति को लेकर जरा भी विचलित नहीं हैं। बताते हैं भाजपा दोनों राज्यों में अपने बूते पर विधानसभा चुनाव में जाने और चुनाव बाद सरकार के लिए बहुमत लाने में सक्षम है, लेकिन पार्टी सहयोगियों को उनका उचित सम्मान देना चाहती है। पार्टी के नेताओं का कहना है कि शिवसेना और जद (यू) दोनों विधानसभा चुनाव में अपने पाले में गठबंधन की अधिक सीटें लेने की जोर अजमाइश कर रहे हैं। लोकसभा चुनाव से पहले शिवसेना के नेता उद्धव ठाकरे के बोल काफी सख्त थे, लेकिन भाजपा अध्यक्ष अमित शाह मे काफी संयम बरता था। वह लगातार महाराष्ट्र में शिवसेना के साथ मिलकर चुनाव लड़ने की बात कहते रहे और अंत में यही हुआ। अमित शाह ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आक्रामक तेवर अपनाने के बाद भी यही कहा था और संतुलित, संयमित रहकर गठबंधन को आगे बढ़ाया। इस दौरान अमित शाह का कहना था कि भाजपा अपने सहयोगी दलों का सम्मान करती है। गठबंधन के बारे में आज भी उनकी यह राय नहीं बदली है। गठबंधन को लेकर अमित शाह का कहना था कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लगेगा कि जहां बाधा कम है, वह उस दल के साथ रहेंगे। शाह ने केन्द्र सरकार के चार साल पूरा होने के बाद पार्टी द्वारा आयोजित कार्यक्रम से इतर यह भी कहा था कि उन्होंने नीतीश कुमार को पकड़ा नहीं है। वह कहीं भी जाने के लिए स्वतंत्र हैं। इसके साथ-साथ भाजपा अध्यक्ष ने उम्मीद जताई थी कि शिवसेना और जद (यू) दोनों दल भाजपा के साथ मिलकर लोकसभा चुनाव लड़ेंगे और यह हुआ भी। बिहार से आने वाले भाजपा के एक केंद्रीय मंत्री का कहना है कि इस स्थिति में कोई बदलाव नहीं आया है।

## खबर संक्षेप



### तोड़फोड़ मामले में 12 शिवसेना पार्षदों पर मुकदमा

**ठाणे**। महाराष्ट्र के ठाणे जिले स्थित मीरा भायंदर नगर निगम (एमबीएमसी) के महापौर कार्यालय में हुई तोड़फोड़ के मामले में 12 शिवसेना पार्षदों सहित 30 लोगों पर बुधवार को मामला दर्ज किया गया। अधिकारी ने बताया कि तोड़फोड़ की घटना मंगलवार को हुई थी। पार्षदों ने अपने भाजपा सहयोगियों के साथ झड़प के बाद स्थायी समिति हॉल में भी तोड़फोड़ की थी। पूरी घटना का वीडियो ऐसे समय वायरल हुआ जब दोनों दल अगामी विधानसभा चुनाव के लिए सीटों के बंटवारे को लेकर बातचीत में व्यस्त हैं। अधिकारी ने बताया कि एमबीएमसी सचिव की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। एमबीएमसी पर भाजपा का कब्जा है। शिकायत के मुताबिक मंगलवार को शिवसेना पार्षद उस समय गुस्सा हो गए जब महापौर एवं भाजपा नेता डिंपल मेहता ने शिवसेना संस्थापक बाल ठाकरे को समर्पित कला वीथिका बनाने की उनकी मांग पर स्थायी समिति की बैठक में चर्चा कराने से इनकार कर दिया। भायंदर पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक चंद्रकात जाधव ने कहा कि मामले में आरोपी शिवसेना कार्यकर्ताओं पर सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचने की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### जाकिर नाइक के खिलाफ ताजा गैर जमानती वारंट किया जारी

**मुम्बई**। मुम्बई की एक विशेष अदालत ने भगोड़े इस्लामी प्रचारक जाकिर नाइक के खिलाफ 2016 के कथित धनशोधन मामले में बुधवार को एक ताजा गैर जमानती वारंट जारी किया। नाइक वर्तमान में मलेशिया में है। वारंट पीएमएलए अदालत के न्यायाधीश पी पी राजवैद्य ने प्रवर्तन निदेशालय की एक अर्जी पर जारी किया। मामले की जांच प्रवर्तन निदेशालय कर रहा है। गत सप्ताह नाइक ने अपने वकील के जरिये एक अर्जी दायर करके अदालत के समक्ष पेश होने के लिए दो महीने का समय मांगा था, जो खारिज हो गई थी।

### भिलाई इस्पात संयंत्र में गुणवत्तापूर्ण उत्पादकता बढ़ाने में खरे उतरे कर्मचारी

**नई दिल्ली**। श्रम क्षेत्र में वर्ष 2017 के दौरान छत्तीसगढ़ में भारतीय इस्पात प्राधिकरण के भिलाई इस्पात संयंत्र में गुणवत्ता और उत्पादकता बढ़ाने के लिए कर्मचारियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन सामने आया है, जिसके लिए सयंत्र के 19 कर्मचारियों ने दो श्रेणियों में विश्वकर्मा राष्ट्रीय पुरस्कार अपने नाम किये हैं। वहीं राज्य के बलोदा बाजार की अल्ट्रा सीमेंट कंपनी को राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार से नवाजा गया है। जबकि राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार हासिल करने में मध्य प्रदेश के हिस्से में सात और हरियाणा के हिस्से में छह पुरस्कार आए हैं। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने विश्वकर्मा दिवस के उपलक्ष्य में प्रदर्शन वर्ष 2017 के लिए विश्वकर्मा राष्ट्रीय पुरस्कार (वीआरपी) और राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार (एनएसए) विजेताओं की सूची जारी की है।

### कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह के खिलाफ मानहानि का मामला दायर

**नई दिल्ली**। भाजपा और बजरंग दल के बारे में कथित तौर पर अपमानजनक बयान देने को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह के खिलाफ बुधवार को दिल्ली की एक अदालत में मानहानि का मामला दायर किया गया। सिंह के खिलाफ इस शिकायत पर संज्ञान लेना है या नहीं, इस विषय पर विचार करने के लिए अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट समर विशाल ने नौ अक्टूबर की तारीख तय की है। कांग्रेस नेता ने 31 अगस्त को कथित तौर पर कहा था कि भाजपा और बजरंग दल पाकिस्तानी गुप्तचर एजेंसी आईएसआई से धन ले रहे हैं। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि अपने कथित बयानों के जरिए सिंह ने भाजपा, इसके नेताओं और लोगों की भावनाओं को आहत कर गंभीर अपराध किया है। भाजपा सदस्य राजेश कुमार ने शिकायत में कहा कि यह बयान आरोपी व्यक्ति, जो कि संसद सदस्य हैं, द्वारा राजनीतिक पार्टी भाजपा को शर्मिंदा और अपमानित करने के मकसद से दिया गया था।' इसमें कहा गया है कि सिंह ने ऐसा कोई विश्वसनीय स्रोत या सबूत नहीं मुहैया किया, जिस पर उनका बयान आधारित था।

## युवा सेना प्रमुख आदित्य ठाकरे ने कहा

# विकास नागरिकों और पर्यावरण की कीमत पर नहीं होना चाहिए

**ठाणे**। युवा सेना प्रमुख आदित्य ठाकरे ने कहा है कि उनकी पार्टी महाराष्ट्र में नानर रिफाइनरी परियोजना के खिलाफ है क्योंकि 'माटी पुत्र' इसके विरोध में हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि विकास नागरिकों और पर्यावरण की कीमत पर नहीं होना चाहिए। राज्य के रत्नागिरी जिले के नानर में तीन लाख करोड़ रुपए की प्रस्तावित परियोजना शिवसेना के कड़े विरोध के बाद इस वर्ष के शुरु में रद्द कर दी गई थी। परियोजना का विरोध करने के पार्टी के फैसले के बारे में ठाकरे ने कहा कि इसके लिए जो प्रस्तावित स्थान था उससे पर्यावरण को नुकसान पहुंचता। उन्होंने कहा कि परियोजना ऐसी जगह हो जहां यह पर्यावरण को नुकसान नहीं पहुंचा रही हो और स्थानीय लोग इसका स्वागत करते हों तो शिवसेना इसका कभी भी विरोध नहीं करेगी। ठाकरे ने कहा कि हमारी पार्टी विकास के खिलाफ नहीं है लेकिन यह नागरिकों की कीमत पर नहीं होना चाहिए। उन्होंने मुंबई की आरे कॉलोनी में मेट्रो कार शेड बनाने के लिए 2,600 पेड़ों को गिराने के प्रस्ताव का भी विरोध किया था।



### हमारा सपना नया महाराष्ट्र बनाना है

आदित्य ठाकरे मंगलवार की रात अपनी 'जन आशीर्वाद यात्रा' के तहत संवाददाताओं से बात कर रहे थे। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और महाराष्ट्र स्वाभिमान पार्टी के प्रमुख नारायण राणे के भाजपा में शामिल होने की खबरों को उन्होंने कोई तवज्जो नहीं देते हुए कहा कि हम ऐसे मामूली मुद्दों पर बात नहीं करते। हमारा सपना बड़ा है, नया महाराष्ट्र बनाना।

### महाराष्ट्र चुनाव के दौरान नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में और बल तैनात होंगे : अरोड़ा

**मुंबई**। मुख्य चुनाव आयुक्त सुनील अरोड़ा ने बुधवार को कहा कि वामपंथी चरमपंथ से प्रभावित क्षेत्रों में अधिक केंद्रीय सशस्त्र बल तैनात किए जाएंगे। अगले महीने राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले संवाददाताओं को संबोधित करते हुए अरोड़ा ने कहा कि मतदान की तारीखें तय करने में केंद्रीय बलों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाना एक महत्वपूर्ण कारक है। उन्होंने कहा कि हमेशा की तरह चुनाव की तारीखों की घोषणा जल्द ही दिल्ली में की जाएगी। उन्होंने कहा कि मतदाता पर्ची का वितरण जल्दी शुरू किया जाना चाहिए। महाराष्ट्र के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने आश्वासन दिया है कि इस संबंध में अधिक ध्यान दिया जाएगा। अरोड़ा ने कहा कि कुछ राजनीतिक दलों ने चुनाव खर्च सीमा बढ़ाने की मांग की है वहीं कुछ अन्य ने इसे कम करने को कहा है।

## शिवकुमार ने अदालत से कहा

# आतंकवाद का आरोपी नहीं हूं, लगातार हिरासत में रखने का कोई तुक नहीं है

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कर्नाटक के कांग्रेस नेता डी के शिवकुमार ने दिल्ली की एक अदालत में बुधवार को कहा कि धन शोधन मामले में उन्हें लगातार हिरासत में रखने का कोई तुक नहीं है क्योंकि वह आतंकवाद के किसी मामले या किसी अन्य जघन्य अपराध के आरोपी नहीं हैं। शिवकुमार के वकील ए एम सिंघवी और मुकुल रोहतगी ने अदालत को बताया कि उन्होंने अपने चुनावी हलफनामे में पहले ही करीब 800 करोड़ रुपये की संपत्ति के बारे में जानकारी दी थी और अगर मैंने (नेता) गलत सूचना दी तो अभियोग चलाया जा सकता है। विशेष न्यायाधीश अजय कुमार



कुहाड़ ने मामले पर सुनवाई 19 सितंबर तक के लिए टाल दी। सुनवाई टालने का अनुरोध प्रवर्तन निदेशालय ने किया था। एजेंसी ने अदालत को बताया कि अतिरिक्त सॉलिसीटर जनरल केएम नटराज मौजूद नहीं हैं इसलिए मामले की सुनवाई गुरुवार तक के लिए स्थगित की जाए। एजेंसी का प्रतिनिधित्व विशेष लोक अभियोजक एन के माट्टा और नीतेश राणा ने भी किया।

### मेरे परिवार की जमीन को भी धन शोधन के तौर पर दिखाया गया

शिवकुमार ने अपने वकील के जरिए कहा कि वोक्कालिगा समुदाय खेती में काफी महत्वपूर्ण है, उसके पास बड़ी कृषि भूमि है। मेरे परिवार की भी जमीन है जो मुझे पूर्वजों से मिली। उसे भी धन शोधन के तौर पर दिखाया गया है। उन्होंने कहा, "मुझे पर आतंकवाद जैसे जघन्य अपराध के आरोप नहीं हैं। उन्हें निरंतर हिरासत में रखने का क्या तुक है।" मंगलवार को शिवकुमार को एक अक्टूबर तक 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। कनकपुर विधानसभा सीट से विधायक शिवकुमार को तीन सितंबर को ईडी ने गिरफ्तार किया था।

## बीजेपी की वरिष्ठ नेता उमा भारती ने कहा

# अगले 6 साल तक हिमालय पर रहकर मौन व्रत धारण करूगीं

**नई दिल्ली**। भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री साध्वी उमा भारती ने कहा कि वे अगले छह वर्ष तक हिमालय पर रहकर मौन व्रत धारण करेंगी। उमा भारती ने बुधवार को यहां ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ की 50वीं एवं राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महन्त अवेद्यनाथ की पांचवीं पुण्यतिथि समारोह में राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महन्त अवेद्यनाथ की स्मृति में आयोजित श्रद्धांजलि सभा के समापन अवसर पर कहा कि वह कल हिमालय से आयी हैं और आज ही हिमालय जायेंगी



। उन्होंने कहा कि वह वहां छह वर्ष तक मौन रहकर जीवन व्यतीत करना चाहेंगी। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि आगामी वर्षों में गंगा निर्मल हो जायेगी और यदि गंगा पर कोई संकट आया तो वह प्राण देने से भी नहीं चूकेंगी। साध्वी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के सैंकडों किलोमीटर क्षेत्र में गंगा बह रही है। आशा है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गंगा को अविरल और निर्मल रखने में महत्व पूर्ण भूमिका निभायेंगे। अयोध्या में राम मंदिर निमार्ण के विषय पर भारती ने कहा कि वहां भव्य मंदिर के अतिरिक्त कुछ भी नहीं हो सकता और आशा व्यक्त किया कि यह शुभ घडी जल्द आने वाली है कि भव्य मंदिर का निमार्ण होगा।



जम्मू के विक्रम चौक पर यातायात नियमों के कथित उल्लंघन के लिए एक ट्रैफिक पुलिसकर्मी बाइक सवार को रोकते हुए।

## कांग्रेस नेता जितिन प्रसाद ने कहा

# जनसंख्या नियंत्रण को प्रोत्साहन दें कांग्रेस कार्यकर्ता

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने देश में जनसंख्या नियंत्रण, खासकर दो बच्चों की व्यवस्था की पैरवी करते हुए बुधवार को कहा कि लोगों को छोटे परिवार के लिए प्रोत्साहित करने में पार्टी कार्यकर्ताओं को भूमिका अदा करनी चाहिए। पहले भी प्रसाद जनसंख्या नियंत्रण के लिए व्यवस्था बनाने की वकालत कर चुके हैं। पहले उनका बयान 15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण में जनसंख्या नियंत्रण पर जोर दिए जाने की पृष्ठभूमि में आया था। पूर्व सांसद प्रसाद ने ट्वीट कर कहा कि यह समय है कि भारत को जनसंख्या नियंत्रण/स्थिरीकरण के लिए संवेदनशील एवं जागरुक बनाया जाए। यह कांग्रेस के पंचमढ़ी संकल्प शिविर का हिस्सा था कि दो बच्चों की व्यवस्था के लक्ष्य को लेकर काम किया जाए।



### लोगों को प्रोत्साहित करना चाहिए

जितिन प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के साथ शुरुआत होनी चाहिए। हर कार्यकर्ता को 10 परिवारों को दो बच्चों के नियम के आधार पर जनसंख्या नियंत्रण के उपाय अपनाने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करना चाहिए।

## आवास एवं शहरी मामलों के राज्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा

# संसद भवन के बगल में नई इमारत बनाने का विकल्प विचाराधीन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आवास एवं शहरी मामलों के राज्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बुधवार को कहा कि सभी सांसदों के लिये संसद भवन में कार्यालय के लिये जगह नहीं मिल पाने सहित, वर्तमान दौर की अन्य जरूरतों को पूरा नहीं कर पा रही संसद भवन की 90 साल पुरानी इमारत के बगल में ही नयी इमारत बनाने का विकल्प सरकार के विचाराधीन है। पुरी ने कहा, ''मौजूदा इमारत के बगल में ही एक और इमारत बनाने का विकल्प भी अन्य विकल्पों में शामिल हो सकता है, जिन पर सरकार विचार करेगी। अंतिम विकल्प के बारे में फैसला भवन निर्माण क्षेत्र की कंपनियों से प्रस्ताव मिलने के बाद ही किया जायेगा। पुरी ने एक संगोष्ठी में शिरकत के बाद संवाददाताओं को



बताया कि इस तरह की धारणायें गलत हैं कि संसद भवन की मौजूदा इमारत को तोड़कर नयी इमारत बनायी जायेगी। उन्होंने कहा कि अभी संसद भवन, केन्द्रीय सचिवालय और राष्ट्रपति भवन से इंडिया गेट तक तीन किमी के दायरे में फैले 'सेंट्रल विस्टा' को नया स्वरूप देने की परियोजना विचार के स्तर पर ही है। इसके डिजायन को लेकर मंत्रालय ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रस्ताव मांगे हैं। देश दुनिया की विभिन्न फर्मों की ओर से डिजायन संबंधी प्रस्ताव मिलने के बाद ही इन पर सरकार के विशेषज्ञ इनमें से सबसे मुफीद प्रस्ताव का चयन करेंगे। मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि 13 सितंबर को इस बाबत हुयी बैठक के बाद अब तक 28 कंपनियों ने इस परियोजना के प्रस्ताव को पेश करने की इच्छा जतायी है। उन्होंने बताया कि परिसीमन के बाद संसद सदस्यों की संख्या में इजाफे की संभावना को देखते हुये संसद भवन में जगह के अभाव का संकट और अधिक बढ़ जायेगा। इसके मद्देनजर सरकार इस परियोजना को अगले पांच साल में पूरा करने के लिये तत्पर है। उल्लेखनीय है कि सरकार ने पिछले सप्ताह ही संसद भवन, केन्द्रीय सचिवालय और सेंट्रल विस्टा के पुनर्निर्माण की परियोजना का खुलासा किया था।

### नॉर्थ ब्लाक और साउथ ब्लॉक को संग्रहालय बना देना चाहिए

पुरी ने इस बारे में अपने विचार साझा करते हुये कहा कि नॉर्थ ब्लाक और साउथ ब्लॉक को संग्रहालय बना देना चाहिये। संसद भवन के बारे में मुझे लगता है कि मौजूदा इमारत के बगल में नयी इमारत बनायी जाये, जिसे भूमिगत रास्ते से पुरानी इमारत से जोड़ा जा सके।" उन्होंने कहा कि एक विकल्प यह भी हो सकता है कि मौजूदा इमारत को यथावत रखते हुये नयी इमारत में मंत्रियों और सांसदों के लिये कार्यालय की जगह मुहैया करा दी जाये। उल्लेखनीय है कि सरकार ने इस परियोजना को तीन चरण में पूरा करने का लक्ष्य तय किया है। इसके तहत सेंट्रल विस्टा को दिसंबर 2020 तक, संसद भवन के पुनर्विकास का काम अगस्त 2022 में आजादी की 75वीं वर्षगांठ के पहले और संयुक्त केन्द्रीय सचिवालय बनाने का काम 2024 तक पूरा करना है। का स्वरूप बनकर उभरेगी।

## वॉट्सऐप में आया ये नया फीचर, स्टेटस अपडेट करने वालों को होगा फायदा

**नई दिल्ली**। इस साल की शुरुआत में फेसबुक ने अपनी ब्रांडिंग के तहत आने वाले तीनों ऐप- फेसबुक, इंस्टाग्राम और वॉट्सऐप को एक करने का विजन साझा किया था और अब इसकी शुरुआत हो चुकी है। वॉट्सऐप एंड्रॉयड यूजर्स अब सीधे अपने स्टेटस अपडेट को फेसबुक स्टोरीज में शेयर कर सकते हैं। इंस्टाग्राम स्टोरीज को फेसबुक स्टोरीज में शेयर करने का ऑप्शन पहले से ही उपलब्ध है और वॉट्सऐप का नाम भी इस लिस्ट में शामिल हो गया है। इस साल जून में वॉट्सऐप एंड्रॉयड बीटा प्रोग्राम के तहत चुनिंदा यूजर्स को इस फीचर का ऐक्सेस दिया गया था और अब इस फीचर को आखिरकार वॉट्सऐप के लेटेस्ट स्टेबल वर्जन में उपलब्ध करा दिया गया है। एक बार वॉट्सऐप स्टेटस फेसबुक स्टोरी के तौर पर पोस्ट होने के बाद 24 घंटों के लिए रहेगा। वॉट्सऐप स्टेटस को कई बार फेसबुक स्टोरी के तौर पर शेयर किया जा सकता है।



### वॉट्सऐप स्टेटस को फेसबुक स्टोरीज में ऐसे करें शेयर

1. 'माय स्टेटस' में जाएं।
2. जिस स्टेटस को आप फेसबुक पर शेयर करना चाहते हैं उसके बगल में दिखने वाले हैमबर्गर आइकन पर क्लिक करें।
3. यहां जाकर 'शेयर टू फेसबुक' पर क्लिक करें।
4. यहां आपको डिफॉल्ट प्राइवेसी सेटिंग के साथ आपका फेसबुक प्रोफाइल पिक्चर नजर आएगा स्टेटस को शेयर करने से पहले यहां पब्लिक, फ्रेंड्स एंड कनेक्शन्स, फ्रेंड्स, कस्टम या हाइड स्टोरी फ्रॉम में से ऑप्शन सेलेक्ट करें।
5. स्टोरी शेयर करने के लिए 'शेयर नाउ' पर क्लिक करें।

### दुनिया के पांच शीर्ष हवाईअड्डों में बेंगलुरू अव्वल

**हैदराबाद**। दुनिया के शीर्ष पांच तेजी से बढ़ने वाले हवाईअड्डों में देश के दो हवाईअड्डे शामिल हैं। इसमें कर्नाटक के बेंगलुरू का केंपेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा यात्री आवागमन के मामले में पहले और तेलंगाना के हैदराबाद का राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा तीसरे स्थान पर है। हवाईअड्डा परिचालकों के संगठन 'एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल' (एसीआई) ने पिछले साल के प्रदर्शन के आधार पर एक रपट में यह जानकारी दी है। संगठन की मंगलवार को जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक यात्रियों की आवाजाही के मामले में बेंगलुरू हवाईअड्डे ने 2017 के मुकाबले 2018 में 29.1 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की और वह शीर्ष पर रहा। वहीं हैदराबाद हवाईअड्डा 21.9 प्रतिशत वृद्धि के साथ तीसरे स्थान पर है। तुर्की का अंताल्या हवाईअड्डा इस पैमाने पर दूसरे स्थान पर है।

## खबर संक्षेप

### छह और देशों के लिए स्पीड पोस्ट सेवा शुरू

नई दिल्ली। भारतीय डाक ने एशिया, यूरोप और दक्षिण अमेरिका के छह नए देशों के लिए स्पीड पोस्ट सेवा शुरू की है। विभाग ने बोस्निया और हर्जेगोविना, ब्राजील, इक्वाडोर, कजाखस्तान, लिथुआनिया और उत्तरी मेसोडोनिया के लिए अंतरराष्ट्रीय स्पीड पोस्ट (ईएमएस) सेवा प्रारंभ करने की घोषणा की है। ईएमएस यानी एक्सप्रेस मेल सर्विस प्रीमियम सेवा है। इसमें लोग अपने दस्तावेज अधिक तेजी से गंतव्य तक भेज सकते हैं।

### मुकेश अंबानी ने रिलायंस में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाई




नई दिल्ली। उद्योगपति मुकेश अंबानी ने अपने समूह की प्रमुख कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज में प्रवर्तक हिस्सेदारी 2.71 प्रतिशत बढ़ाकर 48.87 प्रतिशत कर ली है। शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कंपनी ने यह जानकारी दी। प्रवर्तक समूह की कंपनी पेट्रोलियम ट्रस्ट के नियंत्रण वाली रिलायंस सर्विसेज एंड होल्डिंग्स लि. ने 13 सितंबर को रिलायंस में 2.71 प्रतिशत हिस्सेदारी यानी 17.18 करोड़ शेयरों का अधिग्रहण किया।

### वैश्विक संकेतों से कच्चातेल वायदा में गिरावट



नई दिल्ली। कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच कारोबारियों ने अपने सौदों के आकार को कम किया जिससे वायदा कारोबार में कच्चा तेल 0.52 प्रतिशत की गिरावट के साथ 4,223 रुपए प्रति बैरल रह गई। एमसीएक्स में सितंबर माह में डिलीवरी वाले कच्चा तेल अनुबंध की कीमत 22 रुपए यानी 0.52 प्रतिशत की गिरावट के साथ 4,223 रुपए प्रति बैरल रह गई जिसमें 22,539 लॉट के लिए कारोबार हुआ।।

### तलचर उर्वरक इकाई का ठेका चीन की कंपनी को



नई दिल्ली। केंद्र ने कहा कि उसने ओडिशा में भारतीय उर्वरक निगम लिमिटेड (एफसीआईएल) की तलचर इकाई को कोयला आधारित गैस से चलाने के लिए चीन की कंपनी वुहान इंजीनियरिंग की सेवा ली है। इसको पटरी पर लाने के लिए 13,277 करोड़ रुपए का निवेश होने का अनुमान है। तलचर उर्वरक इकाई सालाना 12.7 लाख टन नीम कोटेड यूरिया का उत्पादन करने के लिए कोयला गैसीफिकेशन यानी कोयले से गैस बनाने की तकनीक का उपयोग करेगी। विशेष उद्देश्यीय इकाई तलचर फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (टीएफएल) इकाई को पटरी पर लाने का काम कर रही है।

### एरिक्सन से पैसे लेने आर कॉम एनसीएलटी जाए

नई दिल्ली। राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने रिलायंस कम्युनिकेशंस के समाधान पेशेवर को स्विट्जरलैंड की दूरसंचार उपकरण बनाने वाली कंपनी एरिक्सन से 577 करोड़ रुपये वापस लेने के लिए एनसीएलटी की मुंबई पीठ के समक्ष मांग रखने को कहा है। अनिल अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस कम्युनिकेशंस फिलहाल कंपनी ऋण शोधन समाधान प्रक्रिया से गुजर रही है।

# केटीएम 790 ड्यूक भारत में 23 सितंबर को होगी लॉन्च, कीमत 8 लाख

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में केटीएम 790 ड्यूक बाइक 23 सितंबर को लॉन्च होने जा रही है। इस बाइक का लंबे समय से इंतजार किया जा रहा था। केटीएम इंडिया ने लॉन्चिंग को लेकर पुष्टि की है, जिसके साथ कंपनी परफॉर्मेंस बाइक सेगमेंट में एंट्री करेगी। इसकी बुकिंग चुनिंदा डीलरशिप पर 30,000 रुपए के टोकन अमाउंट के साथ शुरू की गई है। अनुमान लगाया जा रहा है कि भारत में केटीएम 790 ड्यूक की कीमत 8 लाख रुपए के आसपास हो सकती है। ऑस्ट्रेलियाई कंपनी की यह बाइक इंटरनेशनल मार्केट में पहले से उपलब्ध है, इसका लुक काफी शार्प और अग्रेसिव है। इसमें क्रोम वाली ट्रेलिस फ्रेम लगाई गई है जो वन-पीस एल्यूमिनियम रियर सबफ्रेम के साथ आती है, इसके इस्तेमाल से बाइक का वजन कम है।

**खास बातें**

- एकंपनी परफॉर्मेंस बाइक सेगमेंट में एंट्री करेगी
- 30,000 रु. के टोकन अमाउंट के साथ बुकिंग



### 6-स्पीड गियरबॉक्स

केटीएम 790 ड्यूक में लगे हल्के पार्ट्स की वजह से वजन करीब 189 किलोग्राम के आसपास हो सकता है। केटीएम 790 ड्यूक में 799सीसी, ट्विन-सिलिंडर इंजन है। यह इंजन 9,000 आरपीएम पर 103 एचपी का पावर और 8,000 आरपीएम पर 87 एनएम टॉर्क जेनरेट करता है। कंपनी ने इस बाइक में 6-स्पीड गियरबॉक्स दिया है।

### मुकाबला इन बाइक से

भारतीय बाजार में इस बाइक का मुकाबला यामाहा एमटी-09, ट्रायम्फ स्ट्रीट ट्रिपल आरएस, डुकाटी मॉन्स्टर 821, कावासाकी जेड900 और सुजुकी जीएसएक्स-R750 जैसी बाइक्स से होने वाला है।

### पहले साल सिर्फ 100 यूनिट का उत्पादन

इस बाइक में 4 राइडिंग मोड्स मिलेंगे, जिनमें स्पोर्ट, स्ट्रीट, रेन और ट्रैक शामिल हैं। इसके अलावा बाइक में 17-इंच के अलॉय व्हील्स दिए गए हैं। केटीएम इंडिया के मुताबिक नई 790 ड्यूक को सीकेडी यूनिट के तौर पर लॉन्च करेगी, और पहले साल के लिए सिर्फ 100 यूनिट का ही प्रोडक्शन किया जाएगा। बाइक में इंवर्टेड पिचफोर्क एलईडी हैडलैंप और टेललाइट लगा है और ड्यूक 390 जैसा टीएफटी स्क्रीन दिया गया है।

### पिछले हिस्से में मेनोशॉक सस्पेंशन

बाइक के फ्रंट में डब्ल्यूपी-सोर्स्ड यूएसडी फोर्क्स लगे हैं, वहीं पिछले हिस्से में मेनोशॉक सस्पेंशन दिए गए हैं। ब्रेकिंग की बात करें तो अगले व्हील में जहां 300एमएम डुअल डिस्क के साथ जे.जुआं क्लिपर्स दिए गए हैं, वहीं पिछला व्हील 240एमएम सिंगल डिस्क ब्रेक से लैस है।

## सऊदी ऊर्जा मंत्री ने ड्रोन हमले के बाद कहा

# आधे से ज्यादा उत्पादन बहाल सितंबर तक स्थिति सामान्य

एजेंसी ▶▶ दुबई

सऊदी अरब के ऊर्जा मंत्री अब्दुलअजीज बिन सलमान ने कहा कि तेल शोधन इकाइयों पर ड्रोन हमले के बाद दैनिक कच्चे तेल उत्पादन के आधे से ज्यादा हिस्से को फिर से बहाल कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि निशाना बनाए गए संयंत्रों की उत्पादन क्षमता को सितंबर अंत तक पूरी तरह से बहाल कर लिया जाएगा। सलमान ने कहा , आपको इस दुनिया में ऐसी कंपनी कहां मिलेगी जो इस तरह के घातक हमले से गुजरी हो और फीनिक्स पक्षी की तरह से फिर से उठ खड़ी हो? दुनिया के सबसे बड़े तेल शोधन संयंत्र अब्कैक और खुरैस तेल क्षेत्र में ड्रोन से हुए हमले के कारण प्रतिदिन 57 लाख बैरल कच्चे तेल की आपूर्ति बाधित होने का अनुमान लगाया जा रहा है। यह कुल वैश्विक उत्पादन का करीब पांच प्रतिशत है।


- निशाना बनाए गए संयंत्रों जल्द बहाल होंगे
- अब्कैक और खुरैस तेल क्षेत्र में ड्रोन से हुए हमले

### अरामको प्रतिबद्धता बनाए रखेगा

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि सऊदी अरामको इस महीने अपने कच्चे तेल के भंडार से तेल निकालकर और अन्य तेल क्षेत्रों से अतिरिक्त कच्चे तेल के उत्पादन की पेशकश करके ग्राहकों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को बनाए रखेगा।

**खास बातें**

- प्रतिदिन 57 लाख बैरल कच्चे तेल की आपूर्ति बाधित
- यह कुल वैश्विक उत्पादन का करीब पांच प्रतिशत




**मौजूदा क्षमता 20 लाख बैरल प्रतिदिन:** अब्दुलअजीज ने कहा कि सितंबर अंत तक उत्पादन क्षमता प्रतिदिन 1.1 करोड़ बैरल कर ली जाएगी और नवंबर में यह 1.2 करोड़ डॉलर प्रतिदिन हो जाएगी। उन्होंने कहा कि अब्कैक तेल शोधन इकाई की मौजूदा उत्पादन क्षमता 20 लाख बैरल प्रतिदिन है।

### हमले के बाद 14 फीसदी का उछाल आया

सऊदी अरब पर हमले के बाद कारोबारी के पहले दिन सोमवार को कच्चे तेल की कीमतों में 14 प्रतिशत से अधिक का उछाल आया था। यह कई सालों में एक दिन की सबसे बड़ी वृद्धि है। सऊदी अरब में तेल उत्पादन में जल्द सुधार आने की उम्मीदों की खबरों से मंगलवार को तेल की कीमतों में गिरावट आई। ब्रेंट कच्चा तेल छह प्रतिशत गिरकर 64.89 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

### युद्ध हुआ तो तेल होगा 100 डॉलर प्रति बैरल

डर है कि सऊदी और ईरान में युद्ध छिड़ता है तब दुनिया भर के बाजारों में बहुत बुरा असर देखने को मिल सकता है। हालांकि युद्ध की संभावना बेहद कम है, क्योंकि ईरान भी बहुत सक्षम है और सऊदी के पीछे अमेरिका है। हालांकि अगर दुर्भाग्य से लड़ाई होती है तब तो तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल भी जा सकती है। सऊदी अरब दुनिया का 10 प्रतिशत तेल का उत्पादन करता है। उसका रैंक तीसरा है।

### यमन के पीछे ईरान

दूसरी बात यह समझनी होगी कि यमन के पीछे ईरान है। सऊदी अरब और ईरान में एक तरह का प्रॉक्सी वॉर है। ट्रंप का भी ट्वीट है कि हम तैयार हैं। सऊदी अरब जैसे बोलेगा, आगे कार्रवाई करेंगे। ऐसे हालात में जियो पॉलिटिक्स रिस्क बढ़ जाता है। कहीं ईरान पर बमबारी होगी या सऊदी-अमेरिका मिलकर अगर ईरान पर कार्रवाई करते हैं तो तेल के लिए और मिडल ईस्ट के लिए रिस्क एकदम से बढ़ जाएगा। इस वजह से आज मार्केट गिर रहे हैं।

### रूस के पास भी क्षमता

तेल की कीमत फिलहाल बढ़ी तो है, लेकिन वह जल्द ही ठीक हो जाएगी। इसके पीछे बहुत बड़ी मात्रा में स्पेयर कैपिसिटी का होना है। रूस के पास भी कैपिसिटी है। सऊदी ने भी बोला है कि उसका 20 लाख बैरल का उत्पादन आज ही ठीक हो जाएगा। साथ ही यह भी कहा है कि हम एक हफ्ते में पूरा उत्पादन बहाल कर लेंगे।

### अमेरिका के पास बड़ा स्टोरेज

शॉर्ट टर्म में ऐसा नहीं है कि तेल की कोई किल्लत है। अमेरिका के पास स्टोरेज में 650 मिलियन बैरल तेल पड़ा है। ट्रंप ने कल कहा है कि हम तेल रिलीज करेंगे। विकसित देशों ने भी कहा है कि हम तेल रिलीज करेंगे। सऊदी के पास भी बहुत इन्वेंट्री पड़ी है। इसलिए एकदम से तेल की किल्लत नहीं होने वाली है।

# मोबाइल उपयोगकर्ताओं की संख्या जुलाई में 116.83 करोड़ पर पहुंची

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



देशभर में मोबाइल कनेक्शन की कुल संख्या जुलाई अंत तक 116.83 करोड़ तक पहुंच गयी। यह जून 2019 के मुकाबले 0.24 प्रतिशत अधिक है। प्रमुख दूरसंचार कंपनियों में सिर्फ रिलायंस जियो और बीएसएनएल के उपयोगकर्ताओं की संख्या में वृद्धि दर्ज की गई है बाकी अन्य सभी कंपनियों के कनेक्शन घटे हैं। भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) के मासिक आंकड़ों के अनुसार देशभर में लैंडलाइन सहित टेलीफोन सेवाओं के कुल उपयोगकर्ताओं की संख्या जुलाई अंत तक 118.93 करोड़ हो गई। इसमें लैंडलाइन कनेक्शन की संख्या 2.09 करोड़ रही है। आंकड़ों के अनुसार बीते माह रिलायंस जियो ने सबसे अधिक मोबाइल कनेक्शन 85,39,325 जोड़े और उसके कुल मोबाइल उपयोगकर्ताओं की संख्या 33,97,94,939 तक पहुंच गई। इसके अलावा बीएसएनएल ने भी नये कनेक्शन जोड़े हैं। कंपनी ने जुलाई में 2,88,027 नए उपयोगकर्ता जोड़े और कुल संख्या 11,64,49,421 हो गयी। देश की सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया ने जुलाई में 33,90,797 कनेक्शन गंवाएं हैं।

- जियो ने जोड़े 85 लाख ग्राहक
- अन्य सभी कंपनियों के कनेक्शन घटे

### शहरी क्षेत्र में मोबाइल के उपयोगकर्ता अधिक

ट्राई के आंकड़ों के अनुसार शहरी क्षेत्रों में कुल 67.80 करोड़ लोग टेलीफोन सेवाओं का उपयोग करते हैं। इनमें 65.99 करोड़ मोबाइल और 1.81 करोड़ लैंडलाइन ग्राहक हैं। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्रों में कुल 51.12 करोड़ टेलीफोन सेवा उपयोगकर्ता हैं जिनमें 50.85 करोड़ मोबाइल और 28.1 लाख लैंडलाइन का इस्तेमाल करते हैं।

# रसायन, संबंधित क्षेत्रों में निर्यात के अवसर: गोयल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि रसायन एवं इससे संबंधित क्षेत्रों में निर्यात के अपार अवसर मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों को शानदार परिणाम का ध्येय रखना चाहिए तथा बेहतर लक्ष्य के लिए सम्मिलित प्रयास करने चाहिए।

गोयल ने यहां भारतीय रसायन एवं संबंधित क्षेत्र निर्यात संवर्धन परिषद (कैपेक्सिल) के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ने निर्यातकों को आसान एवं सस्ता ऋण मुहैया कराने की व्यवस्था समेत कई कदमों की घोषणा की है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यदि बैंक किफायती दर पर ऋण देने से मना करें तो उद्योग जगत को मंत्रालय को इसकी जानकारी देनी चाहिये। उन्होंने कहा, 'यह सुनने वाली सरकार है और उद्योग जगत की मांग के हिसाब से कदम उठाती है।' गोयल ने कहा कि अगले पांच साल में निर्यात को एक हजार अरब डॉलर पर पहुंचाने का लक्ष्य है। उन्होंने उद्योग जगत से कहा कि वह नये बाजार की तलाश करें तथा मूल्यवर्धित वस्तुओं का निर्यात बढ़ाएं।

- रसायन क्षेत्र को शानदार परिणाम का ध्येय रखना चाहिए

### नई प्रौद्योगिकी अपनाने की जरूरत

मंत्री ने कहा कि वह उच्च स्तर के आदेश के बिना किसी कंपनी को बंद नहीं किए जाने के उद्योग जगत के सुझाव पर गौर करेंगे। उन्होंने कहा, 'कैपेक्सिल क्षेत्र के उद्योगों को नई प्रौद्योगिकी अपनाने और नए बाजारों की तलाश करने तथा उत्पादों का मूल्यवर्धन करने की जरूरत है।'

## मजबूत रुपए से सोना 215 रुपए गिरा

नई दिल्ली। मजबूत रुपए से दिल्ली सराफा बाजार में सोने का भाव 215 रुपए गिरकर 38,676 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार, चांदी भी 770 रुपए घटकर 47,690 रुपए प्रति किग्रा रह गई जो मंगलवार को 48,460 रुपए प्रति किग्रा पर बंद हुई थी। दिल्ली सर्राफा बाजार में इससे पहले मंगलवार को सोना 38,891 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटी) तपन पटेल ने कहा, 'निवेश के लिए सोने की मांग घटने से दिल्ली सराफा बाजार में 24 कैरेट सोने की कीमत में 215 रुपये प्रति 10 ग्राम की हानि दर्ज हुई।

# दो दिनों की गिरावट से उबरा बाजार

मुंबई। कच्चे तेल में नरमी और रुपये की मजबूती से निवेशकों का भरोसा बढ़ने से घरेलू शेयर बाजार में दो दिन से जारी गिरावट बुधवार को थम गई। निवेशकों की लिवाली बढ़ने से बंबई शेयर बाजार (बीएसई) का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 82.79 अंक यानी 0.23 प्रतिशत बढ़कर 36,563.88 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 23.05 अंक यानी 0.21 प्रतिशत चढ़कर 10,840.65 अंक पर बंद हुआ। सऊदी अरब के ऊर्जा मंत्री अब्दुल अजीज बिन सलमान ने कहा कि उनकी तेल शोधन इकाइयों पर ड्रोन हमले के बाद कच्चे तेल उत्पादन में हुये नुकसान का आधे से ज्यादा हिस्सा बहाल कर लिया गया है। इस खबर के बाद कच्चे तेल की चढ़ती कीमतों में नरमी आई और शेयर बाजारों ने राहत की सांस ली। एशियाई बाजारों में, शंघाई कंपोजिट सूचकांक, हैंगसेंग, निक्की और कॉस्पी में मिला-जुला रुख रहा। सेंसेक्स के शेयरों में सबसे ज्यादा तेजी टाटा स्टील, वेदांता, एसबीआई, टेक महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, एशियन पेंट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एनटीपीसी और पावरग्रिड में रही। इन शेयरों में 3.95 प्रतिशत तक की तेजी आई। वहीं, दूसरी ओर ओएनजीसी, येस बैंक, भारती एयरटेल, एचडीएफसी बैंक, सन फार्मा और मारुति के शेयर 2.08 प्रतिशत तक गिर गए। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट कच्चा तेल वायदा 0.95 प्रतिशत गिरकर 63.94 डॉलर प्रति बैरल पर चल रहा था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका और चीन के बीच व्यापार समझौता अमेरिकी चुनाव के पहले या तुरंत बाद होने की संभावना है। इससे वैश्विक बाजार में तेजी का रुख रहा। यूरोप में शेयर बाजार में शुरुआती कारोबार में तेजी का रुख रहा।

- खबर के बाद कच्चे तेल की चढ़ती कीमतों में नरमी आई

# ठेका विनिर्माण क्षेत्र में एफडीआई नियमों में राहत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने कई क्षेत्रों में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) नियमों को उदार करने संबंधी फैसले को अधिसूचित कर दिया है। हाल में सरकार ने कोयला खनन, ठेका विनिर्माण और एकल ब्रांड खुदरा क्षेत्रों में एफडीआई नियमों को उदार करने की घोषणा की थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के तहत आने वाले डीपीआईआईटी ने प्रेस नोट के जरिये सरकार के फैसले को अधिसूचित किया है। डीपीआईआईटी एफडीआई से संबंधित मामलों को देखता है। विभाग ने डिजिटल मीडिया में 26 प्रतिशत एफडीआई की अनुमति के फैसले को भी अधिसूचित किया है। सरकार के इस कदम से कुछ उद्योगों और विशेषज्ञों ने कुछ मुद्दे उठाए हैं। सरकार ने 28 अगस्त को कोयला खान और ठेका विनिर्माण क्षेत्रों में 100 प्रतिशत एफडीआई की अनुमति दी थी।



- सरकार ने फैसले को अधिसूचित किया

# एलईडी टीवी के पैनल पर 5 फीसदी आयात शुल्क हटा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने ओपन सेल टीवी पैनल के आयात पर पांच प्रतिशत के सीमा शुल्क को हटा लिया है। अब ओपन सेल टीवी पैनल पर कोई शुल्क नहीं लगेगा। इन पैनल का उपयोग एलईडी और एलसीडी टीवी बनाने में होता है। सरकार के इस कदम से टीवी पैनल की कीमत में करीब तीन प्रतिशत तक की कमी आएगी। ओपन सेल पैनल , टेलीविजन विनिर्माण का एक अहम हिस्सा है। इसका टीवी सेट की लागत में आधा से ज्यादा हिस्सा है। वित्त मंत्रालय ने देर रात अधिसूचना में कहा , एलसीडी और एलईडी टीवी के विनिर्माण में इस्तेमाल होने वाले ओपन सेल टीवी पैनल (15.6 इंच और उससे ऊपर) पर कोई शुल्क नहीं लगेगा। इसके अलावा , सरकार ने चिप ऑन फिल्म , प्रिंटेड सर्किट बोर्ड एसेंबली (पीसीबीए) और सेल (ग्लास बोर्ड / सब्सट्रेट) के आयात पर लगे सीमा शुल्क को भी हटा लिया है।



## सीवीसी ने धोखाधड़ी की जांच को समिति बनाई

# अब बिना भय फैसले ले सकेंगे बैंक अधिकारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बैंक अधिकारी अब बिना किसी भय के फैसले कर सकेंगे। केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) ने 50 करोड़ रुपए से अधिक की बैंक धोखाधड़ी की जांच को लेकर सलाहकार बोर्ड का गठन किया है। पूर्व सतर्कता आयुक्त टीएम भसीन इस बोर्ड के प्रमुख होंगे। यह बोर्ड बैंकिंग धोखाधड़ी की जांच करेगा और कार्रवाई की सिफारिश करेगा। उल्लेखनीय है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हाल में कहा था कि ईमानदारी से फैसले करने वालों का संरक्षण किया जाएगा।

- 50 करोड़ से अधिक की जांच समिति करेगी




### बोर्ड करेगा कार्रवाई की सिफारिश

इसी के आधार पर बोर्ड कार्रवाई की सिफारिश करेगा। सीवीसी के इस फैसले पर वित्त सचिव राजीव कुमार ने कहा कि इससे बैंक अधिकारी बिना किसी भय के सही और व्यावसायिक रूप से उचित फैसले ले सकेंगे। इस समिति को पुराने अवतार को बैंक, वाणिज्यिक और वित्तीय धोखाधड़ी पर सलाहकार बोर्ड कहा जाता था।

### बैंक सभी मामले बोर्ड के पास भेजेगी

चार सदस्यीय बोर्ड के अधिकार क्षेत्र में महाप्रबंधक और उससे ऊपर के स्तर के अधिकारी से जुड़े मामले आएंगे। बैंक 50 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी के सभी मामले बोर्ड के पास भेजेंगे और उसकी सिफारिश या सलाह पर संबंधित बैंक उस मामले में आगे की कार्रवाई करेंगे।

### समिति के अन्य सदस्य

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) भी किसी तरह की परेशानी या तकनीकी मुद्दा सामने आने पर मामले को बोर्ड के पास भेज सकेगा। समिति के अन्य सदस्यों में पूर्व शहरी विकास सचिव मधुसूदन प्रसाद, सीमा सुरक्षा बल के पूर्व महानिदेशक, डी के पाठक और आंध्रा बैंक के पूर्व प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुरेश एन पटेल शामिल हैं।

**एबीबीएफ बड़े धोखाधड़ी के मामले देखेगी**

बैंकिंग धोखाधड़ी पर सलाहकार बोर्ड (एबीबीएफ) का गठन रिजर्व बैंक के साथ विचार विमर्श के बाद किया गया है। सीवीसी ने एक आदेश में कहा कि एबीबीएफ बड़े धोखाधड़ी के मामलों में पहले स्तर की जांच का काम करेगा। उसके बाद ही सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक जांच एजेंसियों से जांच की सिफारिश कर सकेंगे।

# अमेजन की एलेक्सा हिंदी में सुनेगी आपके निर्देश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेजन एलेक्सा का इस्तेमाल करने वाले ग्राहक अब हिंदी एवं अन्य भारतीय भाषाओं में भी 'वॉयस कमांड' (बोलकर निर्देश देना) देकर अपने पसंदीदा काम कर सकते हैं। एलेक्सा, अमेजन का एक असिस्टेंट सॉफ्टवेयर है। इसे निर्देश देकर क्रिकेट का स्कोर बताने, समाचार सुनने और गाने सुनने जैसे काम निपटाए जा सकते हैं। अमेजन ने इसे भारतीय बाजार में 2017 में पेश किया था। उस समय यह हिंदी, तमिल, तेलुगु, मराठी और पंजाबी जैसी स्थानीय भाषाओं में गानों, स्थानों और नामों को पहचानने में सक्षम था। लेकिन निर्देश सिर्फ अंग्रेजी में ही दिए जा सकते थे। कंपनी के उपाध्यक्ष एवं शोध प्रमुख (अलेक्सा एआई) रोहित प्रसाद ने यहां जानकारी दी कि नए अपडेट के बाद एलेक्सा ग्राहकों के पूर्णतया हिंदी और हिंदी एवं अंग्रेजी (हिंग्लिश) मिश्रित निर्देशों को समझने में सक्षम है। एलेक्सा की प्रतिस्पर्धा एप्पल के सीरी और गूगल असिस्टेंट के साथ है।

- वॉयस कमांड बोलकर अपने पसंदीदा काम कर सकते हैं



# भारत ने पहली बार दो पदक पक्के किए, पंघाल और कौशिक सेफा में

## विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप

**एकातेरिनबर्ग (रूस)।** विश्व पुरूष मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में भारत ने बुधवार को इतिहास रच दिया। अमित पंघाल (52 किग्रा) और मनीष कौशिक (63 किग्रा) ने शानदार अंदाज में जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जिससे भारत ने चैम्पियनशिप में पहली बार दो पदक पक्के कर लिए। एशियाई खेलों और एशियाई चैम्पियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता पंघाल ने फिलीपींस के कार्लो पालाम को 4-1 से जबकि राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता कौशिक ने ब्राजील के वांडरसन डि ओलिवेरा को 5-0 से शिकस्त दी। दोनों मुक्केबाजों ने इस तरह विश्व चैम्पियनशिप में अपना पहला पदक सुनिश्चित कर लिया है। इससे पहले भारत ने विश्व चैम्पियनशिप के एक चरण में एक कांस्य से अधिक पदक नहीं जीता था।

## इससे पहले भारत ने एक चरण में कांस्य से अधिक पदक नहीं जीता





### पंघाल की शुरुआत धीमी, अंत आक्रामक रहा

दूसरे वरीय अमित पंघाल ने इससे पहले पालाम को पिछले साल एशियाई खेलों में शिकस्त दी थी। हालांकि उनकी शुरूआत अच्छी नहीं रही और वह पहले दौर के अंत में पालाम से पिछड़ रहे थे। लेकिन सेना के मुक्केबाज ने अगले दो दौर में ज्यादा आक्रामकता बरती। रोहतक के पंघाल ने मुकाबले के बाद कहा, ''मैंने धीमी शुरूआत की लेकिन मुझे लगता है कि मैंने दूसरे और तीसरे दौर में दबदबा बनाया। मेरे कोचों ने मुझे आक्रामक होने के लिये कहा और मैंने उसकी कोशिश भी की। मैं पहले भी उससे भिड़ चुका हूं जिससे मुझे उसकी रणनीति के बारे में पता था।'' अब अमित का सामना कजाखस्तान के साकेन बिबोसिनोव से होगा।

### कौशिक का सामना अब क्यूबा के खिलाड़ी से

मनीष कौशिक का सामना क्यूबा के शीर्ष वरीय एंडी गोमेज क्रूज से होगा जिन्होंने रूस के आठवें वरीय इलिया पोपोव को पराजित किया। क्रूज 2017 के चरण में लाइट वेल्टरवेट (64 किग्रा) के स्वर्ण पदकधारी हैं और दो बार पैन अमेरिकी खेलों के स्वर्ण पदक विजेता रह चुके हैं।

### अब तक कुल चार कांस्य पदक

अभी तक देश ने विजेंदर सिंह (2009), विकास कृष्ण (2011), शिव थापा (2015) और गौरव बिधुड़ी (2017) की मदद से कुल चार कांस्य हासिल किए हैं।

## संजीत ने बेहतरीन जज्बा दिखाया, पर मैच नहीं जीत पाए



इंडिया ओपन के पूर्व स्वर्ण पदकधारी संजीत (91 किग्रा) को इक्वाडोर के सातवें वरीय जूलियो कास्टिलो टोरेस से क्वार्टरफाइनल मुकाबले में 1-4 से हार का सामना करना पड़ा। टोरेस पैन अमेरिकी खेलों के रजत पदकधारी हैं। संजीत इस प्रतियोगिता में पदार्पण कर रहे हैं, उन्होंने टोरेस के खिलाफ बेहतरीन जज्बा दिखाया लेकिन इक्वाडोर के मुक्केबाज के मुक्के ज्यादा दमदार रहे।

## विनेश फोगाट ने कांसे के साथ 2020 तोक्यो ओलंपिक कोटा हासिल किया



### ऐसा करने वाली पांचवीं भारतीय महिला

**नूर सुल्तान (कजाखस्तान)।** विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय पहलवान विनेश फोगाट का गजब का संतुलन और थोड़ा गैर परंपरागत तरीका विश्व की चोटी की पहलवानों के लिये भी अबूझ पहेली की तरह है। राष्ट्रमंडल खेल और एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता 25 वर्षीय विनेश ने बुधवार को दो बार की पदक विजेता मारिया प्रीवोलाराकी को हराकर 53 किग्रा में कांस्य जीता। हिल्डरब्रांट ने विनेश के बारे में कहा, ''वह दमदार प्रतिद्वंद्वी है जिसका मैं बहुत सम्मान करती हूं। वह थोड़ी अपारंपरिक है। तकनीक की दृष्टि से यह मुकाबला हटकर नहीं था।'' भारत के विदेशी कोच एंड्रयू कुक ने कहा, ''विनेश का संतुलन लाजवाब है। यह बिल्ली की तरह है। आप बिल्ली को ऊंची इमारत से नीचे फेंक दो तब भी वह नीचे सुरक्षित अपने पांवों पर ही खड़ी होगी। विनेश का संतुलन भी कुछ इसी तरह से है।''

## खबर संक्षेप

### मिस्र के भारोत्तोलक विश्व चैंपियनशिप से बाहर

**लुसाने।** मिस्र के भारोत्तोलक अंतरराष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ द्वारा डोपिंग मामले में लगाये गए प्रतिबंध के कारण थाईलैंड में बुधवार को शुरू हुई विश्व चैंपियनशिप में भाग नहीं ले सकेंगे।



आईडब्ल्यूएफ ने एक बयान में कहा कि मिस्र पर 12 सितंबर से दो साल का प्रतिबंध लगाया गया है। मिस्र के महासंघ को खेल पंचाट में अपील के लिये 21 दिन का समय दिया गया है। आईडब्ल्यूएफ ने कहा कि इस मामले में आगे कोई बयान जारी नहीं किया जाएगा। इससे पहले 2016 में मिस्र के सात भारोत्तोलक डोपिंग के दोषी पाए गए थे।

### चैंपियंस गोल्फ टूर्नामेंट में भाग लेंगे कपिल देव

**पुणे।** महान क्रिकेटर कपिल देव सहित स्टार सीनियर गोल्फर गुरूवार से यहां शुरू होने वाले गोल्फ टूर्नामेंट में खिताब हासिल करने की कोशिश करेंगे।



मीडिया विज्ञप्ति के अनुसार 'एवीटी चैम्पियंस टूर गोल्फ' भारत में ऐसा एकमात्र गोल्फ टूर है जिसमें 50 साल या इससे अधिक उम्र के सीनियर गोल्फर भाग लेते हैं। 1983 विश्व कप विजेता भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान कपिल ने संन्यास के बाद गोल्फ खेलना शुरू कर दिया। सालाना 'एवीटी चैम्पियंस टूर गोल्फ' के पहले सत्र का तीसरा चरण यहां 19 और 20 सितंबर को खेला जायेगा।

### बेल्जियम ओपन के खिताब से बढ़ेगा आत्मविश्वास

**नई दिल्ली।** भारत के उदीयमान शटलर लक्ष्य सेन को बेल्जियम ओपन में जीत के बाद अपने प्रदर्शन में निरंतरता बरकरार रखना चाहते हैं और उनकी निगाह विश्व रैंकिंग में शीर्ष 50 में जगह बनाने पर है जिससे उन्हें अगले सत्र में बड़े टूर्नामेंट के लिये क्वालीफाई करने में मदद मिलेगी।



अल्मोड़ा के 18 वर्षीय सेन ने पिछले शनिवार को डेनमार्क के विक्टर स्वेंडसन को को सीधे गेम में हराकर बेल्जियम अंतरराष्ट्रीय चैलेंज में पुरूष एकल का खिताब जीता।

### सैफ चैंपियनशिप में अच्छे प्रदर्शन का भरोसा

**काठमांडू।** भारतीय अंडर-18 फुटबाल टीम के कोच फ्लाएड पिंटो ने कहा कि उन्हें भरोसा है कि आगामी सैफ चैंपियनशिप में टीम की जीत की लय जारी रहेगी।



भारतीय टीम 23 सितंबर से अपने अभियान की शुरुआत करेगी जो भुवनेश्वर में कड़े ट्रेनिंग शिविर के बाद यहां पहुंची है। पिंटो ने कहा, 'वनुआतू में अच्छे प्रदर्शन के बाद शिविर में माहौल काफी सकारात्मक है।

## दूसरा टी-20: विराट ने खेली 72* रन की पारी, मैन ऑफ द मैच

# 'किंग कोहली' के कमाल से भारत ने द. अफ्रीका को सात विकेट से हराया

भाषा ▶▶ मोहाली

ताबड़तोड़ क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बने कप्तान विराट कोहली के शानदार अर्धशतक की मदद से भारत ने दूसरे टी20 क्रिकेट मैच में दक्षिण अफ्रीका को सात विकेट से हराकर श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली। जीत के लिए 150 रन का लक्ष्य भारत ने 19 ओवर में तीन विकेट खोकर ही हासिल कर लिया। कोहली ने 52 गेंद में चार चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 72 रन बनाए। वहीं शिखर धवन ने 40 रन की पारी खेली। कोहली ने इस क्रम में रोहित शर्मा को पछाड़कर टी-20 क्रिकेट में सर्वाधिक रन अपने नाम कर लिए। उन्होंने 71 मैचों में 2441 रन बनाए हैं जबकि रोहित के 97 मैचों में 2434 रन हैं। तीसरे स्थान पर न्यूजीलैंड के मार्टिन गुप्टिल हैं जिन्होंने 78 टी20 मैचों में 2283 रन बनाए हैं। रोहित ज्यादा देर टिक नहीं सके और 12 रन बनाकर एंडिले फेलुक्वायो की गेंद पर पगबाधा आउट हो गए। महेंद्र सिंह धोनी के वारिस माने जा रहे भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत 12 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। कोहली और श्रेयस अय्यर (नाबाद 16) ने हालांकि बिना कोई अड़चन के टीम को जीत तक पहुंचाया। कोहली ने 19वें ओवर में फोर्चून को छक्का और अय्यर ने चौका लगाया। इससे पहले कप्तान क्विंटोन डिकाक और पहला मैच खेल रहे तेंबा बावुमा की शानदार पारियों के बावजूद दक्षिण अफ्रीका की टीम पांच विकेट पर 149 रन ही बना सकी। हाल ही में कप्तान बने डिकाक ने दक्षिण अफ्रीका के लिए 37 गेंद में 52 रन बनाये जबकि बावुमा ने 43 गेंद में 49 रन की पारी खेली। इन दोनों के अलावा हालांकि कोई दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज नहीं चल सका जिसके कारण टीम बड़ा स्कोर नहीं बना पाई। भारतीयों ने डैथ ओवरों में उम्दा गेंदबाजी करते हुए आखिरी चार ओवर में सिर्फ 24 रन दिए। तेज गेंदबाज दीपक चाहर ने चार ओवर में 22 रन देकर दो विकेट लिए। इससे पहले भारतीय कप्तान विराट कोहली ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। दक्षिण अफ्रीका ने टीम में तीन नये चेहरों एनरिच नोर्जे, ब्योर्न फोर्चून और बावुमा को शामिल किया। रीजा हेंडरिक्स सस्ते में आउट हो गए।



### टी20 में कोहली के सर्वाधिक रन

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी20 मैच में नाबाद 72 रन बनाने वाले भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली इस प्रारूप में रोहित शर्मा को पछाड़कर सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हो गए। कोहली के अब 71 मैचों की 66 पारियों में 2441 रन है जबकि रोहित ने 97 मैचों की 89 पारियों में 2434 रन बनाये हैं। न्यूजीलैंड के मार्टिन गुप्टिल तीसरे स्थान पर है जिनके 75 पारियों में 2283 रन हैं। पाकिस्तान के शोएब मलिक ने 104 पारियों में 2263 रन बनाये हैं।

*टी20 क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले शीर्ष पांच बल्लेबाज।*

1. विराट कोहली (2441 रन)
2. रोहित शर्मा (2434 रन)
3. मार्टिन गुप्टिल (2283 रन)
4. शोएब मलिक (2263 रन)
5. ब्रेंडन मैकुलम (2140 रन)

### दक्षिण अफ्रीका

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| रीजा हेंडरिक्स का सुंदर बो चाहर | 06 |
| क्विंटोन डिकाक का कोहली बो सैनी | 52 |
| तेंबा बावुमा का जडेजा बो चाहर | 49 |
| वान डेर डुसेन का और बो जडेजा | 01 |
| डेविड मिलर बो पंड्या | 18 |
| ड्वेन प्रिटोरियस नाबाद | 10 |
| एंडिले फेलुक्वायो नाबाद | 08 |

अतिरिक्त : पांच रन
कुल योग : 20 ओवर में पांच विकेट पर 149 रन
विकेट पतन : 1-31, 2-88, 3-90, 4-126, 5-129
गेंदबाजी : सुंदर 3-0-19-0, चाहर 4-0-22-2, सैनी 4-0-34-1, जडेजा 4-0-31-1, पंड्या 4-0-31-1, के पंड्या 1-0-7-0

### भारत

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| रोहित शर्मा पगबाधा बो फेलुक्वायो | 12 |
| शिखर धवन का मिलर बो शम्सी | 40 |
| विराट कोहली नाबाद | 72 |
| ऋषभ पंत का शम्सी बो फोर्चून | 04 |
| श्रेयस अय्यर नाबाद | 16 |

अतिरिक्त : सात रन
कुल योग : 19 ओवर में तीन विकेट पर 151 रन
विकेट पतन : 1-33, 2-94, 3-104
**गेंदबाजी :** रबाडा 3-0-24-0, नोर्जे 3-0-27-0, फेलुक्वायो 3-0-20-1, प्रिटोरियस 3-0-27-0, शम्सी 3-0-19-1, फोर्चून 4-0-32-1

## प्रो कबड्डी

## पुनेरी पलटन और तमिल थलाइवाज का मैच टाई



**पुणे।** प्रो कबड्डी 2019 के 96वें मुकाबले में घरेलू टीम पुनेरी पलटन और तमिल थलाइवाज का रोमांचक मैच 36-36 से टाई रहा। पुणे की टीम की टीम 37 अंकों के साथ आठवें स्थान पर आ गए हैं।

दूसरी तरफ तमिल थलाइवाज के नाम शर्मनाक रिकॉर्ड दर्ज हो गया। तमिल की यह बिना मुकाबला जीते यह 11वां मैच था और यह शर्मनाक रिकॉर्ड उनके नाम हो गया है। इस सीजन में उनकी लगातार 8 मैच हारने का सिलसिला भी टूट गया।

वो अभी भी अंक तालिका में आखिरी स्थान पर ही हैं। पुनेरी पलटन के लिए इस मैच में रेडिंग में मंजीत ने सुपर 10 लगाया, तो उन्हें पंकज मोहिते (8 पॉइंट) का भी अच्छा साथ मिला। तमिल के लिए अजीत ने मैच में सबसे ज्यादा 18 रेड पॉइंट हासिल किए।

## यू मुंबा ने यूपी योद्धा को हराया



**पुणे।** यू मुंबा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यूपी योद्धा को प्रो कबड्डी लीग के मैच में 39-36 से हराया। तनाव के बीच खेले गए मुकाबले के पहले हाफ में यूपी योद्धा ने आक्रामक खेल दिखाया। मुंबई की टीम के लिए सुरिंदर सिंह ने छह टैकल अंक बनाये जबकि फजल ए ने तीन अंक हासिल किए।

## बीसीसीआई के राज्य संघों ने की न्यायमित्र से हस्तक्षेप की मांग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



बीसीसीआई की 30 से अधिक राज्य इकाइयों के आगामी चुनावों पर संदेह के बादल छा गए हैं क्योंकि प्रशासकों की समिति (सीओए) ने अधिकारियों के कार्यकाल को लेकर नए नियम का पालन करने को कहा है जिससे अधिकांश सदस्यों के मतदान के अधिकार खत्म हो सकते हैं। ये चुनाव 28 सितंबर को होने थे लेकिन अब इसके कार्यक्रम में बदलाव हो सकता है क्योंकि सीओए ने राज्य संघों को सुनिश्चित करने को कहा है कि अधिकारियों के छह साल के कार्यकाल की सीमा में उनके अपनी संस्थाओं की कार्य समितियों में बिताए समय को भी शामिल किया जाए। अपने कार्यकाल पूरे करने के बाद इन अधिकारियों को तीन साल का ब्रेक लेना होगा। बोर्ड के सूत्रों के अनुसार अगर कार्य समिति में बिताए समय को भी जोड़ा जाएगा।

## 'भारतीय मेस्सी' बनना चाहते हैं साहल अब्दुल

**नई दिल्ली।** अब तक केवल सात मैच खेलने वाले मिडफील्डर साहल अब्दुल समद ने अपने लाजवाब कौशल से पहले ही भारतीय फुटबाल टीम में नई जान भर दी है और इसमें कोई हैरानी नहीं कि यह युवा खुद को अर्जेंटीनी दिग्गज लियोनेल मेस्सी के ढांचे में ढलना चाहता है। केरल के इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने जून में किंग्स कप में कुराकाओ के खिलाफ अपने पदार्पण मैच में ही छाप छोड़ी और चार महीने के अंदर ही वह भारतीय फुटबाल टीम की मध्यपंक्ति का अहम खिलाड़ी बन गया है। पिछले सप्ताह विश्व कप क्वालीफायर में एशियाई चैंपियन कतर के खिलाफ ऐतिहासिक गोलरहित ड्रा के दौरान साहल ने अपनी प्रतिभा का अच्छा प्रदर्शन किया।



## बीजिंग शीतकालीन ओलंपिक 2020 का शुभंकर होगा पांडा

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

मुस्कुराता पांडा और लाल रंग की लालटेन की शक्ल वाला बच्चा बीजिंग में 2022 में होने वाले शीतकालीन ओलंपिक और परालंपिक का शुभंकर होगा।

चीन की राजधानी में शुगैंग आइस हाकी एरेना में मंगलवार को एक समारोह में इन दोनों शुभंकर को सार्वजनिक किया गया। बीजिंग आयोजन समिति की वेबसाइट के अनुसार पांडा का नाम बिंग ड्वेन ड्वेन है और वह शीतकालीन ओलंपिक का शुभंकर है। उसके चेहरे पर रंगीन वृत हैं जो कि स्केटिंग ट्रैक और 5जी टेक्नोलोजी के प्रतीक है। चीनी भाषा में बिंग का मतलब बर्फ होता है जबकि ड्वेन ड्वेन का मतलब ईमानदारी, जीवंतता और स्वास्थ्य है। पैरालंपिक का शुभंकर पारंपरिक लाल लालटेन पर आधारित है जिसका नाम शुए रोन रोन है।



## चीन ओपनः गत विश्व चैंपियन सिंधू ने शुएरुई को 21-18, 21-12 से हराया

# सिंधू, प्रणीत, कश्यप दूसरे दौर में, साइना बाहर

भाषा ▶▶ चांग्झू

विश्व चैंपियन पीवी सिंधू ने बुधवार को यहां पूर्व ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता ली शुएरुई के खिलाफ आसान जीत के साथ प्रीक्वार्टर फाइनल में जगह बनाई लेकिन साइना नेहवाल महिला एकल के पहले दौर में हार के साथ चीन ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। भारत की शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी सिंधू ने सिर्फ 34 मिनट में ली शुएरुई को 21-18 21-12 से हराया। ओलंपिक रजत पदक विजेता सिंधू को दुनिया की 20वें नंबर की खिलाड़ी ली शुएरुई को हराने में अधिक पसीना नहीं बहाना पड़ा। ली शुएरुई के खिलाफ सिंधू की यह चौथी जीत है जबकि तीन मैचों में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है। लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साइना को हालांकि दुनिया की 19वें नंबर की खिलाड़ी थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान के खिलाफ 44 मिनट तक चले मुकाबले में 10-21, 17-21 से हार का सामना करना पड़ा। दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी साइना की थाईलैंड की खिलाड़ी के खिलाफ यह लगातार दूसरी हार है। चोटों से उबरने के बाद वापसी कर रही 29 साल की साइना फार्म हासिल करने के लिए जूझ रही हैं। भारतीय खिलाड़ी ने सत्र की शुरुआत इंडोनेशिया ओपन में जीत के साथ की लेकिन इसके बाद वह बाकी सत्र में बीडब्ल्यूएफ सर्किट पर किसी प्रतियोगिता के फाइनल में जगह नहीं बना सकी। पुरुष एकल में बी साई प्रणीत और पारूपल्ली कश्यप भी दूसरे दौर में पहुंच गए। बी साई प्रणीत ने थाईलैंड के सुपान्यु अविहिंगसेनोन को कड़े मुकाबले में 21-19 21-23 21-14 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। वहीं कश्यप ने फ्रांस के ब्राइस लीवरदेज को 21-12, 21-15 से हराया। अब प्रणीत का सामना चीन के लु गुआंग जू से होगा जबकि कश्यप की टक्कर इंडोनेशिया के सिनिसुका गिंटिंग से होगी।



## भारतीय पुरुष पांचवें स्थान पर फर्स्ट डिविजन में जीता स्वर्ण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय पुरुष टीम ने आईटीटीएफ एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए हांगकांग को क्लासीफिकेशन मैच में 3-1 से हराकर पांचवां स्थान हासिल किया।

भारतीय टीम ने ईरान को भी 3-0 से हराकर चैंपियंस वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। क्लासीफिकेशन मैच में भारत ने शरत कमल के साथ शुरुआत की जिन्होंने लाम सियू हांग को 9-11, 11-6, 7-11, 11-7, 11-7 से हराया। दूसरे मैच में एंथोनी अमलराज ने एनजी पाक नाम को 9-11, 11-4, 11-6, 11-7 से मात दी जबकि तीसरे एकल में जी साथियान ने क्वान मान हो को 11-5, 11-13, 11-7, 14-12 से हराया। फर्स्ट डिविजन में शरत ने अमीन अहमदिन को 11-5, 9-11, 11-6, 11-6 से हराया। साथियान ने हुसैन होदाइ को 6-11, 11-4, 10-12, 11-7, 12-10 से हराया जबकि अमलराज ने नौशाद आलमियां को 18-16, 5-11, 11-9, 6-11, 11-9 से परास्त किया। व्यक्तिगत मुकाबले आज से शुरू होंगे।



**खबर संक्षेप**

### स्कूल में आग लगने से 26 बच्चों की मौत

**मोनरोविया।** लाइबेरिया की राजधानी मोनरोविया के समीप एक स्कूल में आग लगने से कम से कम 26 बच्चों और दो शिक्षकों की मौत हो गई। राष्ट्रपति कार्यालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। आपात सेवाओं ने राष्ट्रपति जॉर्ज वीह को बताया कि 28 लोगों की मौत हो गई है। राष्ट्रपति के प्रवक्ता सोलो केल्गबेह ने यह जानकारी दी। राष्ट्रपति ने राजधानी के बाहरी इलाके पायनेसविले में घटनास्थल का दौरा किया।

### जापान में नौका डूबने से एक की मौत, सात लापता

**टोक्यो।** उत्तरी जापान में मछली पकड़ने वाली नौका के डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि सात अन्य लापता हैं। तटरक्षक के प्रवक्ता ने बुधवार को एएफपी को बताया कि नौका का होक्काइडो के केप नोसाप्पु तट से करीब 640 किलोमीटर दूर संपर्क टूट गया। नाव में आठ मछुआरे सवार थे। दुर्घटना मंगलवार को हुई। उन्होंने बताया कि बाद में नौका के डूबने की जानकारी मिली और उसमें एक व्यक्ति मृत पाया गया। उसकी मौत संभवतः दिल का दौरा पड़ने और दम घुटने की वजह से हुई। हालांकि, डॉक्टरों ने इसकी पुष्टि नहीं की। प्रवक्ता के कहा कि हमारे छह गोताखोर चालक दल के लापता सदस्यों की तलाश कर रहे हैं।

### शरीफ की दोषसिद्धि के खिलाफ याचिका पर सुनवाई करेगी कोर्ट

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक अदालत भ्रष्टाचार के जुर्म में जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की दोषसिद्धि के खिलाफ दाखिल उनकी याचिका पर बुधवार को सुनवाई करेगी। देश की जवाबदेही अदालत ने अल-अजीजिया स्टील मिल्स भ्रष्टाचार मामले में शरीफ (69) को दोषी करार देते हुए सात साल कैद की सजा सुनाई थी। वह 24 दिसंबर 2018 से लाहौर की कोट लखपत जेल में बंद हैं। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) की दो सदस्यीय खंडपीठ इस मामले की सुनवाई करेगी। पीठ में न्यायमूर्ति आमेर फारुक और न्यायमूर्ति मोहसिन अख्तर कियानी शामिल हैं। यह पीठ राष्ट्रीय जवाबदेही अदालत ब्यूरो की उस याचिका पर भी सुनवाई करेगी जिसमें शरीफ की सजा बढ़ाने का अनुरोध किया गया है।

जम्मू-कश्मीर में बैंक कर्मियों को भी धमकाया जा रहा

# दुकानें खोल रहे लोगों को धमका रहे आतंकी, शटर पर लिखा- लास्ट वार्निंग

एजेंसी ⏭ श्रीनगर

कश्मीर घाटी में पिछले कुछ समय से आतंकवादी समूह दुकानों को सील कर लोगों को डराने-धमकाने के लिए बाजार, मस्जिदों और अन्य हिस्सों में हाथ से लिखे या टाइप किए हुए पोस्टर चिपका रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि सशस्त्र आतंकवादियों का दुकान में घुस कर मालिकों को दुकान बंद रखने के लिए कहा। यही नहीं दक्षिण कश्मीर में जम्मू-कश्मीर बैंक की शाखाओं में काम करने के लिए जा रहे कर्मचारियों को धमकी देने की भी घटना सामने आई है।

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने आधिकारिक रूप से इस पर चुप्पी साधी हुई है लेकिन नाम उजागर न करने की शर्त पर एक अधिकारी ने कहा कि हो सकता है कि उन्हें लग रहा है कि स्थिति उनके हाथ से निकल रही हो। दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले के मोड्रिगम गांव में दो दुकानों को टेप से चिपकाने और उन पर प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन हिज्बुल मुजाहिद्दीन की सील लगी होने की घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई थी। अधिकारियों ने कहा कि यह कोई दूर-दराज वाले एक गांव या एक आतंकवादी समूह तक सीमित नहीं है।

श्रीनगर के सिविल लाइन्स इलाके के करण नगर बाजार में दो दुकानों पर बड़े-बड़े अक्षरों में 'एलडब्ल्यू' लिखा हुआ और हिज्बुल मुजाहिदीन का निशान बना हुआ था। उन्होंने बताया कि पुलिस ने 'एलडब्ल्यू' का मतलब 'लास्ट वार्निंग' यानि आखिरी चेतावनी से लिया क्योंकि इन दोनों दुकान के मालिकों ने आतंकवादियों की बात नहीं मानी थी।



### दुकान खोलना चाहते हैं दुकानदार

एक दुकानदार ने पहचान गुप्त रखने की शर्त पर कहा कि हम दुकानें खोलना चाहते हैं लेकिन घर वापस जाते वक्त हमारी सुरक्षा की गारंटी कौन लेगा। हमने पुलिस अधिकारियों से अकेले में भी बात की है लेकिन हमारी समस्याओं का कोई समाधान नजर नहीं आता।

### प्रशासन को चुनौती दे रहे आतंकी

5 अगस्त से भारत सरकार के जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा रद्द करने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों - जम्मू और कश्मीर और लद्दाख में विभाजित करने के फैसले के बाद से ही ऐसी घटनाएं सामने आई हैं। अधिकारियों ने स्वीकार किया है कि इस तरह के पोस्टर प्रशासन को चुनौती देने के लिए लगाए गए हैं। कई लोग इन्हें गंभीरता से ले रहे हैं और घर के भीतर रहना ही पसंद कर रहे हैं।

### डीजीपी बोले- नागरिकों को धमका रहे लोगों से जल्द निपटेंगे

कश्मीर में लोगों को घरों से बाहर निकलने के खिलाफ आतंकियों की धमकियों के बीच पुलिस महानिदेशक दिलबाग सिंह ने बुधवार को कहा कि गश्त बढ़ा दी गयी है और स्थानीय लोगों में विश्वास कायम करने के लिए अन्य अनेक कदम उठाये गये हैं। सिंह ने कहा कि पुलिस को इन धमकियों की जानकारी है और पिछले करीब एक महीने में कुछ आतंकियों को मार गिराया गया है तथा घाटी में उनके हमदर्दों समेत दो दर्जन से अधिक अन्य लोगों को गिरफ्तार किया गया है।



उन्होंने कहा कि लोगों ने पाकिस्तान के दुष्प्रचार पर ध्यान नहीं दिया और अशांति फैलाने की इस्लामाबाद की सोच को नाकाम कर दिया है। डीजीपी ने यहां एक समारोह से इतर संवाददाताओं से कहा कि हम जनता के साथ हैं और वे हमारे साथ हैं। हम उन्हें कोई नुकसान नहीं होने देंगे। जो जनता को धमका रहे हैं, उनसे निपटा जाएगा और आतंकवादियों को मार गिराया जाएगा। सिंह ने कहा कि नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर बड़ी संख्या में आतंकी मौजूद हैं। हालांकि उन्होंने विश्वास जताया कि आतंकवाद निरोधक ग्रिड धमकी पर ध्यान देगी। आतंकवादियों द्वारा बगीचा मालिकों, दुकानदारों को धमकाने और उत्तर कश्मीर के बारामूला जिले में मंगलवार को एक कार में आग लगाये जाने की घटनाएं सामने आई हैं।

## अमेरिका नीत गठबंधन में शामिल हुआ सऊदी अरब

**दुबई।** सऊदी अरब ने बुधवार को कहा कि उसके अहम तेल उद्योग पर हाल में हुए हमलों के बाद ईरान की ओर से पेश खतरों को देखते हुए वह दक्षिण एशिया जलक्षेत्र को महफूज रखने के लिए अमेरिका नीत गठबंधन में शामिल हो गया है।



सऊदी अरब ने अंतरराष्ट्रीय समुद्री सुरक्षा संगठन में शामिल होने का निर्णय अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ की वहां होने वाली यात्रा के ठीक पहले लिया है। सऊदी अरब के अधिकारियों ने अपने तेल क्षेत्र पर हाल ही में हुए हमले में प्रयुक्त हथियारों के बारे में अलग से ब्यौरा देने की योजना बनाई है। यमन के ईरान समर्थित हुती विद्रोहियों ने तेल क्षेत्र पर शनिवार को हुए हमलों की जिम्मेदारी ली है लेकिन अमेरिका और सऊदी अरब को संदेह है कि यह हमला ईरान ने किया है।

### रूहानी बोले- यमन ने चेतावनी देने के लिए किया हमला

तेहरान। ईरान के राष्ट्रपति हसन रूहानी ने बुधवार को कहा कि यमन के हूती विद्रोहियों ने सऊदी अरब के तेल संयंत्र पर हमला एक चेतावनी देने के लिए किया। रूहानी ने कहा कि इस हमले के जरिए यमन (के हूती विद्रोहियों) ने यह चेतावनी दी कि उसके युद्धग्रस्त देश (यमन) में अमेरिका समर्थित सऊदी अरब के हस्तक्षेप के जवाब में बड़ा युद्ध हो सकता है।


### ईरान ने सऊदी अरब पर हमले में अपनी भूमिका से इनकार किया

**तेहरान।** ईरान ने अमेरिका को एक राजनयिक नोट भेज कर सऊदी अरब के तेल क्षेत्रों पर हमले में अपनी किसी भी भूमिका से इनकार किया है। साथ ही आगाह किया कि वह किसी भी कार्रवाई का पूरी मजबूती से जवाब देगा। यह जानकारी बुधवार को यहां की सरकारी मीडिया ने दी।

*आतंकी समूहों के अकाउंट्स पर भी लगाया बैन*

## फेसबुक ने आईएस व अलकायदा के 2.60 लाख हिंसक पोस्ट हटाए

**वाशिंगटन।** सोशल मीडिया कंपनी फेसबुक ने सख्ती दिखाते हुए दो सालों में अपने प्लेटफॉर्म से 2.60 करोड़ आतंकी संगठनों के पोस्ट को हटा दिए हैं। इसमें सबसे ज्यादा आईएसआईएस और अलकायदा के पोस्ट थे। फेसबुक ने बड़े लेवल पर अपने प्लेटफॉर्म पर इन संगठनों के ग्रुप्स को खोजा है। कंपनी ने अब तक 200 से अधिक हिंसक पोस्ट हटाए हैं। इसके अलावा आतंकी ग्रुप्स के अकाउंट्स पर भी बैन लगाया है। फेसबुक ने कहा है कि हमनें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मानव विशेषज्ञता की सहायता से आतंकी पोस्ट्स को डिलीट किया है। वहीं, कंपनी ने न्यूजीलैंड के



क्राइस्टचर्च में हुए हमले के बाद ही कुछ पोस्ट को हटाया था। फेसबुक ने आगे कहा है कि इन आतंकी संगठनों ने हमारे प्लेटफॉर्म के माध्यम से कट्टरता फैलाने की कोशिश की थी। इसके अलावा फेसबुक ने नंवबर में हिंसक पोस्ट पर रोक लगाने के लिए नए नियम भी लागू किए थे।

### बुराई फैलाने वाले पोस्ट के खिलाफ कड़े कदम

फेसबुक दुनिया की दिग्गज टेक कंपनी गूगल, अमेजन, माइक्रोसॉफ्ट और ट्विटर के साथ मिलकर 9 प्वाइंट इंडस्ट्री प्लान की तैयारी कर रही है। कंपनी इस प्लान के जरिए आतंक से जुड़े कंटेंट को कैसे इस प्लेटफॉर्म पर शेयर किया जाता है, इसकी जानकारी हासिल करेगी। वहीं, फेसबुक ने कहा है कि हमें अपनी नीतियों में लगातार बदलाव करने होंगे, जिससे हिंसक पोस्ट्स को रोका जा सके। साथ ही हमें बुराई फैलाने वाली पोस्ट्स के खिलाफ कड़े कदम उठाने होंगे।

### हॉरर फिल्मों के मशहूर निर्माता श्याम रामसे का निधन

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में हॉरर फिल्मों के मशहूर निर्माता श्याम रामसे का बुधवार को निधन हो गया, वह 67 साल के थे। खबरों के मुताबिक, वह न्यूमोनिया से जूझ रहे थे। श्याम, रामसे ब्रदर्स में से एक थे जिन्होंने 'वीराना', 'पुरानी हवेली' और 'अंधेरा' जैसी हॉरर फिल्में बनाई। रामसे ब्रदर्स के सात भाइयों में श्याम के अलावा तुलसी, कुमार, केशु, अर्जुन, गंगू और करण हैं। फिल्मों के अलावा श्याम और तुलसी ने टीवी के दर्शकों को 'जी हॉरर शो' भी दिया है। उनके निधन पर दुख व्यक्त करते हुए एक प्रशंसक ने लिखा कि रेस्ट इन पीस श्याम रामसे जी।



## संरा प्रमुख ने चेताया, जलवायु आपदा पर 'हम पिछड़ रहे हैं'

**वाशिंगटन।** संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने मंगलवार को आगाह किया कि जलवायु आपदा को टालने में विश्व पिछड़ रहा है लेकिन ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कटौती के लक्ष्य अब भी पहुंच से बाहर नहीं हुए हैं। गुतारेस मीडिया के कुछ समूहों की पहल 'कवरिंग क्लाइमेट नाउ' के साथ साक्षात्कार में ये बातें कह रहे थे। कुछ ही दिन बाद संयुक्त राष्ट्र युवा जलवायु शिखर सम्मेलन होना है जिसके बाद वैश्विक नेताओं के साथ एक बैठक भी



होगी जिसमें गुतारेस देशों से पेरिस समझौते के तहत की गई प्रतिबद्धताओं को बढ़ाने की अपील करेंगे। इस अहमक समझौते के तहत देशों ने धरती के औसत तापमान में लंबे समय से हुई बढ़ोतरी को दो डिग्री या मुमकिन हो तो डेढ़ डिग्री सेल्सियस से ज्यादा नहीं बढ़ने देने की प्रतिबद्धता जताई है। गुतारेस ने कहा कि मैं चाहता हूं कि पूरा समाज सरकारों पर दबाव बनाए ताकि वे समझ सकें कि उन्हें तेजी से आगे बढ़ने की जरूरत है क्योंकि हम दौड़ में पिछड़ रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि फिलहाल विज्ञान कह रहा है कि अब भी इन लक्ष्यों को हासिल किया जा सकता है। गुतारेस ने कहा कि अमेरिका समेत कुछ प्रमुख देशों की ओर से दिखाई जा रही निष्क्रियता को राज्य स्तर पर किए जा रहे कामों से कुछ हद तक ढका जा सकता है।




## अमेरिका में 2016 में हर चौथा प्रवासी भारतीय था

- एक रिपोर्ट में दी गई जानकारी

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में हाल में जारी हुई एक रिपोर्ट के मुताबिक 2016 में वहां रह रहा हर चौथा प्रवासी भारतीय था। साथ ही रिपोर्ट की मानें तो उसी साल वहां रह रहे करीब 60 प्रतिशत प्रवासी एशियाई देशों के नागरिक थे जिनमें से 15 प्रतिशत चीन से थे। गृह सुरक्षा मंत्रालय की ओर से तैयार इस रिपोर्ट में बताया गया कि 2016 में यहां प्रवासियों की संख्या करीब 23 लाख थी जिनमें मुख्य रूप से कामगार, छात्र, 'एक्सचेंज विजिटर', राजनयिक और अन्य प्रतिनिधि शामिल थे। यह संख्या 2015 की तुलना में 15 प्रतिशत ज्यादा थी। उस साल प्रवासियों की संख्या 20 लाख थी। सांस्कृतिक कूटनीति को बढ़ावा देने के लिए रखे गए कार्यक्रमों में हिस्सा लेने वालों को एक्सचेंज विजिटर कहा जाता है।

*जल्द और सस्ते में पहुंचेगा सामान*

## भारतीय डाक ने 6 देशों में शुरू की स्पीड पोस्ट सेवा


एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इंडिया पोस्ट ने बुधवार को एशिया, यूरोप और दक्षिण अमेरिका के छह नए देशों के लिए स्पीड पोस्ट सेवा शुरू करने की घोषणा की। विभाग ने एक बयान में कहा कि हमने अंतरराष्ट्रीय स्पीड पोस्ट में बोस्निया और हर्जेगोविना, ब्राजील, इक्वाडोर, कजाखस्तान, लिथुआनिया और उत्तरी मेसोडोनिया के लिए (ईएमएस) सेवा प्रारंभ करने की घोषणा की है।' ईएमएस यानी एक्सप्रेस मेल सर्विस प्रीमियम सेवा है। इसमें लोग अपने दस्तावेज अधिक तेजी से डेस्टिनेशन तक भेज सकते हैं।

उपभोक्ता इंटरनेट पर भेजे गए सामान की जानकारी भी ले सकते



हैं। डाक विभाग ने बयान में कहा कि इस सुविधा से इन देशों में रहने वालों लोगों के साथ संपर्क में मजबूती आएगी और व्यापार में वृद्धि होगी क्योंकि ईएमएस छोटे तथा मझोले उद्यमों के लिए लोकप्रिय माध्यम है। इन देशों के लिए ईएमएस सेवा देश के प्रमुख डाकघरों में उपलब्ध होगी। भारतीय डाक की वेबसाइट के अनुसार अभी 100 देशों के लिए स्पीड पोस्ट सेवा उपलब्ध है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ.हिमांशु द्विवेदी द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, सी-11, रिंग रोड़, राजौरी गार्डन, नई दिल्ली-110027 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109